सुप्रभात
रांची, सोमवार
12.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 210



12 सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर सिंह

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

पलाश झारखण्ड

## सखी मंडल की महिलाओं का
## राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर-सह-
# महिला महासम्मेलन



**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार

दिनांक : **12 फरवरी, 2024** | समय : **12.30 बजे अपराह्न**
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची



PRNO 318636 (Rural Development) IPRD 23-24

55 हजार महिला सखी मंडलों को आजीविका हेतु **₹825 करोड़** की सहायता और क्रेडिट सपोर्ट का वितरण

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**पलाश (झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी)**

**ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार**

# पीएम मोदी का झारखंड दौरा रद्द होने पर किसिम-किसिम की चर्चा जारी

**11 फरवरी को विशाल जनजाति सम्मेलन में शिरकत करना था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को**

उदय चौहान

**रांची।** पीएम मोदी का झारखंड दौरा रद्द होने से किसिम-किसिम की चर्चा हो रही है। दरअसल, 11 फरवरी को विशाल जनजाति सम्मेलन प्रस्तावित था। इसी सम्मेलन में पीएम को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचना था। जनजाति सम्मेलन को रद्द होने के पीछे भाजपा एसटी मोर्चा के कतिपय नेताओं की लापरवाही को कारण बताया जा रहा है। आम जनता में चर्चा है कि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने तैयारियों को लेकर लापरवाही बरती। इससे पीएम की पीआर टीम काफी नाराज हुई। इसके कारण जनजाति सम्मेलन को रद्द कर दिया गया। साथ ही, इस सम्मेलन को मध्यप्रदेश के झामुबा में आयोजित किया गया।

**झारखंड के 28 रिजर्व विधानसभा सीटों पर भगवा फहराने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का फोकस है लेकिन, प्रदेश स्तरीय नेताओं के रवैये से इस पर पतीला लग रहा है।**

मालूम हो कि भाजपा ने बीते 13 जनवरी को घोषणा की थी कि 11 फरवरी को रांची में विशाल जनजाति सम्मेलन होगा। सभी जिलों में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जोरशोर से सम्मेलन की तैयारी में जुटे थे। बाद में किसी कारण यह टल गया। रांची की जगह झाबुआ में सम्मेलन हुआ। भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से रांची में कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मीडिया को नहीं दी गई।

चर्चा है कि भाजपा एसटी मोर्चा में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव व राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के बीच खींचतान की स्थिति है। इसका प्रभाव पार्टी के कार्यक्रमों में पड़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदिवासी वोटरों को रिझान में यहां के नेताओं की उदासीन रवैया देखी जा रही है।

झारखंड में भाजपा एसटी मोर्चा के कार्यक्रमों का इस तरह रद्द होने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी भाजपा एसटी मोर्चा की माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान का भी यही हश्र हुआ था। जुलाई 2023 में भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से घोषणा की गई कि 5 अक्टूबर से 26 नवंबर तक माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान चलेगा। मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता जोरशोर से इसकी तैयारी में लगे। खूब बैठकें हुईं लेकिन आज तक एसटी मोर्चा अपने कार्यक्रम को शुरू नहीं कर पाया है। झारखंड के 28 रिजर्व विधानसभा सीटों पर भगवा फहराने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का फोकस है लेकिन, प्रदेश स्तरीय नेताओं के रवैये से इस पर पतीला लग रहा है। खैर! समय तय करेगा कि एसटी मोर्चा का काम-धाम कितना ईमानदारी से किया जा रहा है।

# प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सोरेन के गृह बूथ में चलाया बूथ चले हम अभियान

**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने एक्स हैंडल पर दी जानकारी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने एक्स पर पोस्ट कर हेमंत सोरेन को चुनौती दी की कम से कम अपने बूथ से तो लीड लेकर दिखायें। श्री शाह देव ने हटिया विधानसभा के बूथ संख्या 288 में बूथ चले हम अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार की नीतियों का अन्य कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार प्रसार किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि आप तो इसी बूथ से वोटर है। सभी कार्यकताओं की तरफ से हेमंत जी को चुनौती है। अपने घर वाले बूथ से तो बढ़त लेकर दिखायें। उन्होंने उम्मीद की है कि हेमंत सोरेन इस चुनौती को स्वीकार करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुये कहा कि जिस तरीके से पूरे प्रदेश में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर जो वातावरण बना है, उससे तो इस बात पर शक है कि विधानसभा में झामुमो दहाई का आंकड़ा तक भी पहुंच पाये।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनी, बाबूलाल मरांडी ने कहा**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है मोदी सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में भाजपा ने राज्य भर में मनाया। प्रदेश, जिला, मंडल, बूथ के पार्टी पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों ने अपने- अपने क्षेत्र में दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवम कृतित्व की चर्चा की। प्रवास के क्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह जिलांतर्गत राजधनवार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि दीनदयाल एक असाधारण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने विश्व की अनेक विचारधाराओं के बीच एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल के एकात्म चिंतन में व्यष्टि से समष्टि का चिंतन है। उनके अंत्योदय के चिंतन ने भारत को सर्व स्पर्शी ए सर्व व्यापी विकास को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विकास अंत्योदय का पर्याय है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब किसान मजदूर महिला आदिवासी, दलित, पिछड़ों को समर्पित है।



श्रद्धांजलि देने वालों में राकेश प्रसाद, सीमा शर्मा, महेश पोद्दार, सीमा पासवान, अशोक बड़ाईक, राकेश भास्कर, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, गुरुविंदर सिंह सेठी, उमाशंकर केडिया, कमाल खान, लक्ष्मी चंद्र दीक्षित, राफिया नाज, संजय जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, अमिता भाटिया, अनवर हयात, रामचंद्र नायक, योगेंद्र लाल, राकेश कुमार, निशि जायसवाल, काजिम कुरैशी, संजय चौधरी, पुरुषोत्तम राय आदि उपस्थित थे।

## 14 इंस्पेक्टर बनाये गये थाना प्रभारी, विजय सिंह के जिम्मे खलारी थाना

**राम कुमार वर्मा होंगे कांके थाना प्रभारी**

**रांची।** 14 इंस्पेक्टर को थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में पदस्थापित विजय कुमार सिंह को खलारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। एसएसपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक, राम कुमार वर्मा को कांके, विजय कुमार मिश्रा को अरगोड़ा, विजय कुमार सिंह को खलारी, ब्रम्हदेव प्रसाद को नामकुम, राजेश कुमार सिंह को धुर्वा, रमाकांत ओझा को सुखदेव नगर, मनोज कुमार को टाटीसिलवे, उत्तम कुमार उपाध्याय को डेली मार्केट, शशि भूषण चौधरी को रातू, हरदेव प्रसाद को जगन्नाथपुर, उमाशंकर को चुटिया, तुलेश्वर प्रसाद कुशवाहा को यातायात जगन्नाथपुर, रवि कुमार सिंह को यातायात गोंदा और पास्कल टोप्पो को तमाड़ अंचल का प्रभारी बनाया गया है।

**झाप्रसे सेवा संघ की कार्यकारिणी बैठक में समसामयिक विषयों पर चर्चा**

# प्रीमियम सेवा के प्रस्ताव पर गठित समिति की बैठक कराने पर जोर

**जिलों में प्रशासनिक समन्वय बेहतर बनाने के लिए निरंतर बैठक करने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संघ भवन में हुई। झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्य प्रशासनिक सेवा से जुड़े कई समसामयिक विषयों पर विमर्श किया गया। इस बैठक में महासचिव राहुल कुमार, संयुक्त सचिव मीना, कोषाध्यक्ष राम नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र कुमार पांडे ने भी अपने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि हाल ही में जिन सदस्यों को झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति मिली है, उन सभी के लिए संघ की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। उसी दिन झासा के उन अधिकारियों का विदाई सह सम्मान समारोह भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जो पिछले 1 साल के दौरान झाप्रसे से सेवानिवृत हुए हैं। अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने झासा की जिला इकाइयों से भी अपील करते कहा कि वे निर्धारित अंतराल पर जिलों में झासा की बैठक जरूर करते रहें। इससे न केवल अधिकारियों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा, बल्कि जिले में प्रशासनिक समन्वय भी बेहतर होगा। अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा राज्य की अत्यंत महत्वपूर्ण सेवा है। अत्यधिक कार्य बोझ एवं उत्तरदायित्व के चलते अधिकारियों की दिनों दिन की व्यस्तता स्वाभाविक है। इसके बावजूद राप्रसे अधिकारियों को विभिन्न खेलकूद की गतिविधियों एवं कला-साहित्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जोड़ने के लिए संघ अपने स्तर से जरूरी पहल करेगा। इन विषयों के अलावा कई अन्य विषयों जैसे सदस्यों की सदस्यता नवीनीकरण, संघ भवन के लिए जमीन, ससमय प्रोन्नति, प्रीमियर सेवा आदि पर भी महत्वपूर्ण परिचर्चा हुई।

प्रीमियम सेवा के प्रस्ताव पर गठित समिति की बैठक आहूत करवाने, विभिन्न कोटियों के रिक्त पड़े हुए प्रशासनिक पदों के विरुद्ध समयबद्ध प्रोन्नति के लिए संघ के स्तर से पहले करने जैसे विषयों पर भी विमर्श किया गया।

## नागरिकता संशोधन कानून 2019 देश के लिए घातक : राजद

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा है कि बीजेपी नेतृत्व की केंद्र सरकार देश में फिर नागरिकता संशोधन कानून 2019 (सीएए) लागू करने जा रही है। इसके लागू होने से देश के वैसे लोग जो भारत में पूर्व से रहते आ रहे हैं उनके साथ मजाक होगा। इतना ही नहीं भाजपा ऐसे समय में यह कानून ला रही है जब देश में लोकसभा चुनाव होना है। यह अपना बोगस वोटर बढ़कर देश के राजनीति में घटिया राजनीति को दर्शाना चाहती है। मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा है कि देश में सीएए में और अधिक संशोधन की आवश्यकता है। अगर यह कानून लागू होता है तो देश के विशेष जातियों के साथ नाइंसाफी होगी। वहीं देश की भाईचारगी में भी विद्वेष की भावना बढ़ेगी, जो आनेवाले समय में देश के लिए अच्छा नहीं होगा। राजद चाहता है कि सीएए 2019 में और संशोधन करके ही इसे लागू किया जाए।

## जो सदानों के हित में काम करेगा उसी दल को को देंगें वोट : राजेंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में 27 फरवरी को होने वाली मार्च अधिकार रैली की तैयारी को लेकर रविवार को गुमला परिसदन में बैठक हुई। इसमें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी, क्षितीश कुमार राय उपस्थित थे। मूलवासी सदान मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम, शहीद स्मारक, जिला स्कूल से राजभवन तक विशाल पैदल मार्च रैली आयोजित की गई है। सदानों की मांगों को लेकर राज्यपाल को विज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस रैली मार्च में राज्य के समस्त जिलों के सदान शामिल होंगे। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा उसी दल को वोट करें, तब ही सदानों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में अंतिम सर्वे के आधार पर स्थानीय नीति तथा नियोजन नीति जल्द से जल्द बनाकर राज्य में बेरोजगारी से जूझते झारखंडी छात्रों को रोजगार दिया जाये। उन्होंने कहा मूलवासी सदान आयोग का गठन करने तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 36%से 50% आरक्षण पिछड़ी जातियों को देने, जातीय जनगणना कराने व सदान से आने वाले सवर्णों की का भी सर्वेक्षण कराने और पिछड़ी जातियों का गुमला सहित सात जिलों में आरक्षण शून्य है उसमें सुधार करने को लेकर यह रैली आयोजन किया गया। मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी और क्षितिश कुमार राय ने भी विचार रखे। कहा कि झारखण्ड में सदानों की आबादी 65% है लेकिन हम अपने वोट का महत्व नहीं समझ पाए जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं।

**चतरा के प्रतापपुर में आजसू के पंचायत एवं ग्राम प्रतिनिधियों का सम्मेलन संपन्न**

# जवाबदेह राजनीति को स्थापित और गैर-जवाबदेह को विस्थापित करना जरूरी होगा : सुदेश महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/चतरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड में चल रही सरकार ने राज्य की छवि बिगाड़ कर रख दी है। जिस तरह के हालात बने हैं उसमें राज्य को संवारना और साख बचाना जरूरी है। साथ ही जवाबदेह राजनीति को स्थापित करना होगा। सुदेश महतो चतरा के प्रतापपुर में आयोजित पंचायत एवं ग्राम प्रतिनिधियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अमर शहीद तिलका मांझी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका जयंती मनाया।

सुदेश महतो ने कहा कि सरकार के लिए यह विदाई का साल है। राज्य के लोगों का शासन पर से विश्वास खत्म हो गया है। नियोजन, विस्थापन की समस्या दूर करने और स्थानीय नीति बनाने का वादा कर के सत्ता में आए लोग अपने वादे को भूल गए।

चतरा के विधायक और सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर निशाना साधते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि चतरा की जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि बना कर सदन में भेजा। इनके श्रम एवं नियोजन मंत्री होते हुए भी मात्र 54 लोगों को नौकरी ही मिल पाई। वह भी होम गार्ड और कंप्यूटर ऑपरेटर की। युवाओं को नियोजन से जोड़ने के लिए नियोजन नीति बनाने में भी मंत्री विफल रहे है।

उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार मेले का आयोजन कर प्राइवेट कंपनियों में युवाओं को काम के नाम पर ऑफर लेटर थमा देती है, पर दूसरे राज्यों में जाकर 10-12 हजार के काम से किसी का घर-बार चलता है क्या। जो लोग बाहर गए वो भी काम छोड़ कर वापस आ गए। राज्य के युवा इसका जवाब इन्हें देंगे।

सुदेश महतो ने कहा कि चतरा के प्रति हमारी राजनीतिक जवाबदेही और जिम्मेदारी है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता के विचारों को एकत्रित करने का काम करें। जोरी को ब्लॉक बनाने के हमारे मंत्रिमंडल का फैसला आज भी स्थगित है। आजसू पार्टी जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है।

### सुदेश महतो का स्वागत

चतरा विधानसभा स्तरीय पंचायत एवं ग्राम प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होने रांची से चतरा जाने के क्रम में विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने रामगढ़, हेसागढ़ा, हजारीबाग में उनका अभिवादन किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत, उमेश सिंह भोक्ता केंद्रीय सचिव पारस नाथ सिंह, अवध किशोर केंद्रीय सदस्य, संदीप सिंह केंद्रीय सदस्य, बिनोद चंद्रवंशी, सत्येन्द्र जायसवाल, गायत्री देवी, संध्या देवी, अनुराधा देवी, नगर अध्यक्ष कृष्णा कुमार, सिद्धार्थ शंकर राय समेत अन्य उपस्थित रहें।

उन्होंने कहा कि आज राज्य का कोई भी कर्मचारी और पदाधिकारी बिना पैसे लिये किसी फाइल पर हाथ नहीं लगाता।

**लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से होगी वन टू वन बात**

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में भले ही इंडिया गठबंधन दलों के बीच सीट शेयरिंग का कोई मान्य फामूर्ला पर सहमति अब तक नहीं बनी है, लेकिन झारखंड कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू करने के संकेत दे दिए हैं। इसी कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक सोमवार को होगी।

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की पहली बैठक बुलाई गयी है। सोमवार को दोपहर बाद 12 बजकर 30 मिनट से शुरू होने वाली इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी उपस्थित रहेंगे। जबकि चुनाव समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता राजेश ठाकुर करेंगे। सोमवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ऊर्फ रिंकू तिवारी ने बताया कि सोमवार सुबह ही झारखंड प्राभारी गुलाम अहमद मीर सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे। जहां से प्रदेश प्रभारी झारखंड कांग्रेस के राज्य मुख्यालय पहुचेंगे जहां नवगठित चुनाव समिति की बैठक प्रस्तावित है। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि नवगठित चुनाव समिति की बैठक के बाद शाम 4 बजे से चुनाव समिति के सदस्य अलग अलग लोकसभा के इच्छुक प्रत्याशियों से भी मुलाकात करेंगे और उनकी उम्मीदवारी के दावे को परखेंगे, साथ में उनके साथ वन टू वन बात करेंगे।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सोमवार की बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक पूरी रूपरेखा तय की जाएगी। केंद्र सरकार की विफलताओं को किस तरह से जनता के सामने रखा जाए ताकि जनता मोदी सरकार द्वारा फैलाए गए झूठ और आडंबर की सच्चाई जान सकें, इस पर भी बैठक में मंथन होगा।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर इच्छुक नेताओं से एक-एक कर चुनाव समिति के सदस्यों की होने वाली बातचीत को सकारात्मक बताया है। उन्होंने कहा कि अगर पहले से ही यह तय हो जाये कि किस लोकसभा सीट से उम्मीदवार कौन होगा, उससे काफी सहूलियत उम्मीदवारों को मिलेगी और भाजपा से मुकाबला करना आसान होगा।

**झारखंड कांग्रेस के कई नेता चुनाव समिति में है शामिल :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नवगठित चुनाव समिति में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, डॉ. अजय कुमार, डॉ. रामेश्वर उरांव, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, फुरकान अंसारी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, प्रणव झा, दीपिका पांडेय सिंह, कालीचरण मुंडा, केशव महतो कमलेश, बृजेंद्र सिंह, पूर्व मेयर, रांची रमा खलखो, अशोक चौधरी, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, बिमला कुमारी, मणि शंकर, निरंजन पासवान, अमूल्य नीरज खलको, सतीश रजक, अभिजीत राज, महिला कांग्रेस, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, आमिर हाशमी और सेवा दल की नेली नाथन हैं।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
12.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 210




12 सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर सिंह

# बिहार में फ्लोर टेस्ट आज, सभी दल टेंशन में

## कहीं ट्रेनिंग, कहीं नजरबंदी, कहीं भोज तो कहीं बैठकों का दौर जारी, हैदराबाद से कांग्रेसी और गया से भाजपा विधायक पटना लौटे

एजेंसी

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार का सोमवार को फ्लोर टेस्ट है। इससे पहले यहां सियासी हलचल तेज हो गयी है। भाजपा, राजद, जदयू, कांग्रेस, लेफ्ट और हम पार्टी ने अपने-अपने विधायकों की तगड़ी बाड़ेबंदी की है। कांग्रेस विधायक हैदराबाद से तो भाजपा के विधायक गया से पटना पहुंच गये हैं। सभी दलों के नेताओं की टेंशन बढ़ी हुई है, कैसे अपने-अपने समर्थक विधायकों को एकजुट रखा जाये। कांग्रेस समेत सभी दलों के सामने बड़ी चुनौती यह है कि अपने विधायकों को समेट कर कैसे रखा जाए ताकि वे अंतिम समय में चाहकर भी पाला बदल नहीं कर पायें। कहीं ट्रेनिंग, कहीं भोज तो कहीं बैठकों का दौर चल रहा है।



**चंद घंटे ही बाकी :** नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट में चंद घंटे ही बचे हैं। सोमवार को नीतीश अपनी नयी सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव बिहार विधानमंडल में पेश करेंगे। एनडीए का दावा है कि उनके पास 128 का स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा है तो महागठबंधन अपने पूर्व घोषित खेला के सपने को साकार करने में जी जान से जुटा है। रविवार को सभी बिहार के सत्ताधारी और विपक्षी दल क्या क्या रणनीति अपना रहे हैं।

**भाजपा जदयू सतर्क :** तेजस्वी के असली खेला की घोषणा के बाद भाजपा सतर्क है। रविवार को भाजपा विधायक गया से पटना पहुंच गये हैं। सोमवार को उन्हें सीधे विधानसभा पहुंचाया जायेगा। वहीं जदयू ने रविवार को विधानमंडल दल की बैठक मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर की। इसमें सीएम नीतीश कुमार भी पहुंचे। शनिवार को मंत्री श्रवण कुमार के घर आयोजित भोज में विधायक बीमा भारती, अशोक चौधरी, गुंजेश्वर साह दिलीप राय, डॉ संजीव, और सुदर्शन नहीं पहुंचे तो पार्टी ने व्हिप जारी कर दिया। पर अंदर ही अंदर अंदर से धक-धक की नौबत है। (शेष पेज 11 पर)

### फ्लोर टेस्ट को लेकर कोई डर नहीं : रविशंकर

भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने बिहार में फ्लोर टेस्ट को लेकर कहा कहा, कोई डर नहीं है, सिर्फ दो दिन की बात है... उनके घर में लोग बंद क्यों हैं?... पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के घर में विधायक बंद क्यों हैं?

### तेजस्वी के आवास पर पुलिस पहुंची, हंगामा

रविवार को राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के आवास पर भारी संख्या में पुलिस पहुंची हुई है। इसे ले कर हंगामा तेज हो गया। तेजस्वी यादव के आवास पर एसडीपीओ समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सिटी एसपी और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। पुलिस बल की तैनाती के बाद हड़कंप मच गया है। पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। पुलिस के बोरियां, पुलिस के पहुंचने के करीब 20 मिनट बाद तेजस्वी यादव के आवास का मुख्य द्वार खुला। गेट खुलने के बाद राजद नेता शक्ति सिंह यादव और सुनील सिंह आवास से बाहर आये और पुलिस से बातचीत की। इसके बाद पटना एसडीएम और एसएसपी अपने हाथ में कोई कागजात लेकर आवास के अंदर गये। पुलिस की कार्रवाई से राजद कार्यकर्ता भड़क गये हैं। राजद कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया है। सभी लालू यादव और तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।

# धीरज साहू से इडी की लंबी पूछताछ

### सभी सवालों को गोलमटोल जवाब दे रहे कांग्रेसी सांसद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू रविवार को भी पूछताछ हुई। इडी के अधिकारी राज्यसभा सांसद धीरज साहू से दिल्ली में बरामद बीएमडब्ल्यू कार और उसके ओनर के बारे में पूछताछ की। इडी सूत्रों के अनुसार सभी सवालों का धीरज साहू ने गोलमटोल जवाब दिया। वहीं उनके घर और फर्म से बरामद 351 करोड़ के बारे में भी पूछताछ की। इससे पहले शनिवार को इडी ने धीरज साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान इडी ने आय के स्रोत, परिजनों सहित कई अन्य जानकारी ली। हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बरामद बीएमडब्ल्यू कार से धीरज साहू के कनेक्शन की जानकारी मिली थी, इसके बाद इडी ने सांसद धीरज साहू को समन भेजा था। समन पर सांसद शनिवार को इडी कार्यालय पहुंचे थे। (शेष पेज 11 पर)

### एक और विनोद को खोज रही इडी

झारखंड में इडी की कार्रवाई की चर्चा में एक और विनोद का नाम जुड़ गया है। इडी की टीम झारखंड में एक और विनोद की तलाश में जुट गयी है। इडी जिस विनोद को खोज रही है वह अंगरक्षक लेकर घूमता है और मोरहाबादी में चार-पांच अपार्टमेंट का मालिक है। यह विनोद वसूली करने वाले ग्रुप का प्रमुख प्यादा है और आईटी सेल को संचालित करता है।

### इडी दफ्तर जा कर हेमंत से मिलीं कल्पना

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने रविवार को उनकी पत्नी कल्पना सोरेन इडी कार्यालय पहुंचीं। कल्पना करीब आधे घंटे तक इडी दफ्तर में रहीं, जहां उन्होंने अपने पति हेमंत सोरेन का हालचाल लिया। इडी कार्यालय से बाहर आने के बाद कल्पना ने किसी से बात नहीं की, वह सीधे अपनी गाड़ी से घर लौट गयीं। इससे पहले अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर भी वह एजेंसी के दफ्तर जाकर अपने पति से मिली थीं। हेमंत सोरेन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और इडी उन्हें रिमांड पर लेकर रांची जमीन घोटाला मामले में पूछताछ कर रही है। 31 जनवरी को जमीन घोटाला मामले में इडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

**भानु प्रताप के जरिए रची गई साजिश :** गौरतलब है कि जमीन घोटाले की साजिश बड़गाई क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के जरिये रची गयी थी। इडी ने कोर्ट को बताया कि भानु के मोबाइल से ही हेमंत सोरेन द्वारा अवैध तरीके से अर्जित जमीन की जानकारी मिली थी। इडी ने कोर्ट को यह भी बताया है कि उसे मोबाइल से कई चैट, डेटा और कैश ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है।

# दो बेटों के साथ विस के अवर सचिव गिरफ्तार

## दर्जनों एडमिट कार्ड, कई कागजात, ब्लैंक चेक भी बरामद

### पेपर लीक मामले में एसआइटी की कार्रवाई



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) के प्रश्नपत्र लीक मामले में रांची पुलिस की एसआइटी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसआइटी झारखंड विधानसभा के एक अवर सचिव मो शमीम समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो अन्य आरोपी भी विस के अवर सचिव मो शमीम के पुत्र हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई कागजातों के साथ-साथ ब्लैंक चेक भी बरामद किये गये हैं। 28 जनवरी को हुई जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इसके कारण परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। इस घटना की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी का गठन किया गया था। जानकारी के मुताबिक एसआईटी को झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम के बारे में यह पुख्ता जानकारी मिली थी कि वह और उसके दो बेटे पेपर लीक मामले में संलिप्त हैं। इसके बाद टीम उनपर लगातार नजर रखे हुए थी। सूचना कन्फर्म होने पर एसआईटी ने शमीम के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान शमीम के ठिकानों से कई अभ्यर्थियों के द्वारा दिये गये ब्लैंक चेक, दर्जनों एडमिट कार्ड के साथ-साथ कई मोबाइल फोन भी बरामद किये गये।

**अधिकारियों-कर्मचारियों की सांठगांठ की आशंका :** प्रश्नपत्र लीक मामले में एसआइटी ने शुक्रवार को भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें दो की गिरफ्तारी पटना व चेन्नई से होने की गयी थी। अबतक की जांच में कुछ सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की संलिप्तता की भी बात सामने आ रही है।

### एसआइटी को जल्द देनी है रिपोर्ट

जालसाजी, साइबर अपराध से संबंधित धाराओं में जांच कर एसआइटी शीघ्र अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआइटी का गठन किया है। रांची के सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स में चार पुलिस निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र लीक को ले कर जेएसएससी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन भी किया था। आयोग इस मामले में स्पष्टीकरण देते हुए स्पष्ट कर चुका है कि परीक्षा को लेकर आनलाइन आवेदन से लेकर परीक्षा परिणाम जारी करने का कार्य आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा किया जाता है। जेएसएससी की ओर से पेपर लीक मामले की जांच के लिए कार्मिक विभाग से एसआइटी गठित करने का भी अनुरोध किया गया था।

# नफरत और हिंसा फैलानेवाले देशप्रेमी नहीं हो सकते : राहुल

## देश में नफरत भाजपा एवं मोदी सरकार की देन

एजेंसी

**रायगढ़।** नफरत एवं हिंसा फैलाने वाले देश के हितैषी नहीं हो सकते। देश में नफरत एवं हिंसा के लिए भाजपा एवं मोदी सरकार ही जिम्मेदार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में ये बातें कही। श्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड, ओडिशा होते हुए छत्तीसगढ़ पहुंची थी। दो दिन के विश्राम के बाद रविवार से फिर शुरू यात्रा के क्रम में श्री गांधी दोपहर में रायगढ़ में बोल रहे थे। श्री गांधी ने यहां जन नायक चौक में लोगों को सम्बोधित करते हुए पीएम मोदी पर हमला बोला और कहा कि आज जो भी देश में हिंसा फैल रही है उसकी वजह भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। मणिपुर में दो समुदाय को आपस में हिंसा में झोंक दिया। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में दूसरा चरण 14 से



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण झारखंड में 14 फरवरी से शुरू होगा। उस दिन सुबह 9 बजे गोदरमाना गढ़वा से शुरू होगी। दोपहर 2 बजे रंकागढ़ फाटक, स्वागत गढ़वा नगर बाजार, संध्या 5 बजे जनसभा बिश्रामपुर, रात्रि विश्राम नवा बाजार पलामू में होगा। दूसरे चरण की न्याय यात्रा में प्रदेश के सभी बड़े पार्टी नेता शामिल रहेंगे।

## लूटना और फूट डालना कांग्रेस का आक्सीजन : पीएम मोदी

# 2024 में 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार

एजेंसी

**भोपाल।** पीएम मोदी ने रविवार को झाबुआ में कहा, मध्य प्रदेश में विधानसभा के नतीजों से आप पहले ही बता चुके हैं कि लोकसभा के लिए आपका मूड क्या रहने वाला है...। इसलिए इस बार विपक्ष के बड़े-बड़े नेता पहले से ही कहने लगे हैं- 2024 में 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने झाबुआ दौरे पर राज्य के लिए 7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस को सिर्फ चुनाव के समय ही गांव, गरीब, आदिवासी और किसान याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल चिह्न 370 से ज्यादा सीट जीतेगा।



**सत्ता में रही तो लूट, बाहर रहो तो फूट :** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को केवल चुनाव के समय ही गांव, गरीब, आदिवासी और किसान याद आते हैं। कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाने और फूट डालने का काम करती है।

### मोदी सरकार ही आदिवासी हितैषी

झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, उनकी सरकार ही आदिवासियों की हितैषी है। कुछ ही महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले इस साल मोदी की मध्य प्रदेश की यह पहली यात्रा है। उन्होंने कहा, हमने वोट के लिए नहीं, बल्कि आदिवासियों के स्वास्थ्य को लेकर सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि झाबुआ जितना मध्य प्रदेश से जुड़ा है उतना ही गुजरात से भी जुड़ा है। झाबुआ में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने नहीं, बल्कि आपका सेवक बनकर आया हूं।

उन्होंने कहा, लूटना और फूट डालना ही कांग्रेस का ऑक्सीजन है। पीएम ने कहा, उनकी सरकार आदिवासियों के हितों के लिए काम कर रही है।

### साहित्यकार पद्मश्री उषा किरण खान नहीं रहीं

**पटना।** मैथिली और हिंदी की सुप्रसिद्ध साहित्यकार पद्मश्री उषा किरण खान का रविवार को निधन हो गया। 78 वर्ष की उम्र में उन्होंने पटना के मेदांता अस्पताल में आखिरी सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थीं। उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। वहीं,अप्रैल 2022 में उषा किरण खान के पति और पूर्व डीजीपी रामचन्द्र खान का भी निधन हो गया था। उषा किरण खान दरभंगा जिले के लहेरियासराय की रहने वाली थीं। उन्हें वर्ष 2015 में पद्मश्री से विभूषित किया गया था। उषा किरण खान को 2010 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ, 2019 में भारत-भारती और 2020 में उन्हें प्रबोध साहित्य सम्मान मिला।

# रेलवे पुल में फंसा एयर इंडिया का 'हवाई जहाज'

## दिल्ली से जा रहा था पटना, औरंगाबाद में अटका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** बिहार के औरंगाबाद में रविवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी, एनएच-19 रेलवे ब्रिज के ऊपरी बैरिकेड में एक हवाई जहाज का मुख्य हिस्सा फंस गया। इस घटना को ले कर बारूण में कई घंटों तक तरह-तरह की चर्चा चलने लगी। किसी ने हवाई जहाज के एनएच पर गिरने की बात कही तो किसी ने हवाई जहाज के एनएच से गुजरने के दौरान पुल में फंस जाने की बात कही। कुछ ही देर में यह अफवाह पूरे जिले में फैल गयी। हर चौक-चौराहों पर चर्चा थी कि बारूण में एक हवाई जहाज गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हवाई जहाज के फुल में फंस जाने से एनएच पर घंटों वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

### एलपी ट्रक से लाया जा रहा था

दरअसल में यह जहाज दिल्ली से एलपी ट्रक पर लाद कर पटना एयरपोर्ट ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में विमान का मुख्य हिस्सा बारुण रेलवे ब्रिज की ऊपरी बैरिकेडिंग की ऊंचाई कम होने के कारण उसमें फंस गया। विमान ले जा रहे ट्रक चालक नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह दिल्ली एयरपोर्ट से पटना एयरपोर्ट के लिए निकले थे। एयर इंडिया के हवाई जहाज के हिस्से दो अलग-अलग वाहनों पर थे। वहीं जहाज का मलबा फंसने के बाद पुल की ऊपरी बैरिकेडिंग बनाने वाले डीएफसीसीआईएल के अधिकारी राजेश कुमार मौके पर पहुंचे। विमान को निकालने की प्रक्रिया शुरू की गयी। उन्होंने बताया कि सड़क के ऊपर बैरिकेड की ऊंचाई साढ़े पांच मीटर है। इसे सड़क की क्षमता के अनुरूप बनाया गया है। यहां पहले भी भारी सामान फंसने से बच चुका है। बड़ी मुश्किल के बाद पुल में फंसे जहाज को किसी तरह निकाला गया।

# स्टेक होल्डरों की बैठक में भाग नहीं लेगा चैंबर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कृषि पर टैक्स लगाने के लिए सोमवार को मार्केटिंग बोर्ड ने स्टेक होल्डरों की बैठक बुलायी है। इसमें बाजार समिति के चुनिंदा व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इस मुद्दे पर रविवार की सुबह रांची चैंबर की बैठक संजय महुरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें बैठक का विरोध करते हुए बैठक में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया है कि बैठक बुलाने का अधिकारी मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक को है, न कि अध्यक्ष को। राज्य की कुछेक कमेटियों के भ्रष्ट प्रभारी सचिव अध्यक्ष को गुमराह कर बैठक कराने की साजिश रच रहे हैं। रांची चैंबर उन्हें कामयाब नहीं होने देगा।

### बाजार समिति के भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ आंदोलन होगा

**अध्यक्ष का बैठक बुलाना असंवैधानिक :** बैठक में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि कृषि पर टैक्स का मामला राज्यव्यापी मुद्दा है, लेकिन रांची से सिर्फ 6 व्यापारी को बैठक में आमंत्रण दिया गया है, जो कि सरासर गलत है। बाजार समिति के नियमावली बनाने में सभी हितधारकों से चर्चा करना है। (शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

#### अंडर-19 विश्व कप में भी भारत, आस्ट्रेलिया से हारा

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने अंडर 19 विश्व कप 2024 के खिताब पर कब्जा कर लिया है। उसने फाइनल में भारत को 79 रनों से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 84 दिनों में दूसरी बार भारत को फाइनल में हराया है। इससे पहले टीम इंडिया को विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

#### किसानों का प्रदर्शन पंजाब-हरियाणा सीमा सील

**नयी दिल्ली।** अपनी मांग के समर्थन में दिल्ली मार्च को तैयार किसानों को रोकने के लिए पुलिस सतर्क है। हरियाणा और दिल्ली की पुलिस ने कई अवरोध लगा रखे हैं। रास्ते में बेरिकेटिंग्स किये गये हैं। रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगा रोधी वाहनों को तैनात कर दिया गया है। प्रदर्शन से पहले पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू सीमा सील कर दी गयी है। संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है।

#### हाइवा की चपेट में आने से दो की मौत, सड़क जाम

**पाकुड़।** हिरणपुर थाना क्षेत्र के बिंदाडीह में हाइवा की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी। उत्तेजित लोगों ने विरोध में घंटों रोड जाम रखा। सोहराय पर्व मनाने के दौरान यह घटना घटी है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। जानकारी के मुताबिक बिंदाडीह गांव में आदिवासी समाज के दर्जनों लोग सोहराय पर्व मना रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा की चपेट में आने से रामेश्वर मरांडी एवं देबू सोरेन नामक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

#### भाजपा की सूची में सुधांशु त्रिवेदी समेत कई नाम

**नयी दिल्ली।** आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवारों में सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह जैसे बड़े नाम शामिल हैं। सुभाष बराला को हरियाणा से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। आरपीएन सिंह और सुधांशु त्रिवेदी को उत्तर प्रदेश से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बिहार भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्मशिला गुप्ता को भी उम्मीदवार घोषित किया है।

#### बिहार में राज्यपाल ने बदले अपने कानूनी सलाहकार

**पटना।** बिहार फ्लोर टेस्ट के पहले प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपने कानूनी सलाहकार बदल दिये हैं। राजभवन सचिवालय द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। डॉ. कृष्ण नंदन सिंह को चीफ लीगल एडवाइजर, राजीव रंजन पांडेय को लीगल एडवाइजर कम रिटेनर और जनार्दन प्रसाद सिंह को एडिशनल काउंसिल बनाया गया है।


गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 58,900 रु./10 ग्राम
चांदी : 75,000 रु./प्रति किलो


### तीसरी आंख



## स्पीड न्यूज

### कबरा कलां में हुआ क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ



▸▸ खेल से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलती है : कर्नल संजय

**हैदरनगर (पलामू)।** प्रखंड के परता पंचायत अंतर्गत ग्राम कबरा कलां में नव युवक संघ क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 का विधिवत उदघाटन रविवार को भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। युवा क्रिकेट क्लब के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत फूल माला पहनाकर किया। कर्नल संजय सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के छोटे खेल मैदान से ग्रामीण युवाओ को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है, आगे चलकर अपने मुकाम हासिल कर खेल जगत में पंहुच कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है। उन्होने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कमेटी के सदस्यों सहित दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। उदघाटन मैच भाली बनाम भाई बिगहा के बीच खेला गया। इस अवसर पर समाजसेवी रामप्रवेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह विश्वनाथ पाल,डॉ सुनेश पाल राजेश राम शालिग्राम चौधरी सुरेन्द्र चौधरी ,सोनु, विरेम पासवान, ललन राम, विशाल पटेल, नितिश पटेल, उज्जवल, मोहित, अमरकांत, बजरंगी, हिमेश, रमेश, हिमेश, रौशन निखिल सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

### एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन



**तरहसी पलामू।** सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज तरहसी में भूगोल विषय द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय: पर्यावरण के बदलते स्वरूप था। सेमिनार की अध्यक्षता प्रो. इंचार्ज प्रो. प्रभाकर ओझा ने की और I संचालन भुगोल विभागाध्यक्ष प्रो अनुप कुमार और धन्यवाद ज्ञापन भुगोल विभाग के प्राध्यापक प्रो0 सरिता कुमारी ने किया। इस सेमीनार के मुख्य प्रवक्ता प्रो0 संतोष कुमार मिश्रा विभागाध्यक्ष सह प्राचार्य संत तुलसी दास कॉलेज रेहला, प्रवक्ता संतोष कुमार मेहता भूगोल शिक्षक अपग्रेड उच्च विद्यालय सिलदिलिया, नैक सलाहकार संतोष कुमार, प्रो. अरुण कुमार तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रो सुषमा कुमारी, प्रो नेहा कुमारी, प्रो. धर्मेंद्र कुमार, प्रो. राज कुमार, प्रो सिंपी गुप्ता, प्रो अनुभा बरवा, प्रो. कुसुम शर्मा, प्रो अर्चना कुमारी, प्रो प्रांजलि कुमारी, प्रो कमला कुमारी, महाविद्यालय के सभी व्याख्याता और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनीष पांडे, विवेक रजक, मुकेश रजक, उज्ज्वल पाण्डेय, मीरा कुमारी, अनामिका कुमारी, नेहा कुमारी, माया कुमारी, पूनम कुमारी में बढ़ चढ़ कर भाग लिये।

### दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया



**मोहम्मदगंज (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी मोहम्मदगंज मंडल ने रविवार को राम बांध पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या नव पर भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह तथा संचालन विजय कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर प्रभारी के रूप में पहुंचें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पार्टी के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को शोषित, पीड़ित, निर्धन व निरीह व्यक्तियों के समग्र उत्थान अंत्योदय के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ समर्पण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके बाद गांव चलों अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरुरतमंदों तक पहुंच रही है।जिसका परिणाम है कि लोग मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए ललायित है। मौके पर मानिक शर्मा, प्रदीप मेहता, विश्वनाथ पासवान, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, श्रवण राम सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धर्म के प्रति आस्था ही जीवन का मोल है : पुष्पा देवी



**नौडीहा बाजार पलामू।** जमुआ, नौडीहा में रुद्र महायज्ञ के अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक यात्रा निकाली। इस यात्रा में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी, विशिष्ठ अतिथि पूर्व सांसद मनोज कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु माथे पर पुण्य कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि धर्म के प्रति आस्था ही जीवन का मोल है। कहा कि जहा पाप का अंत होता है,वही धर्म का उदय होता है। कुरुक्षेत्र में गीता की रचना हुई। गाजे बाजे के साथ कारो का कारवां,सुसज्जित रथ पर सवार होकर यज्ञाचार्य कबिसा नदी के तट से वैदिक मंत्रोचारण के साथ जल उठाव कर यज्ञोपवित्र संस्कार कर यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित की गई। कबीसा नदी में जल किल्लत को देखते हुए श्री कुमार ने गहरी चिंता जाहिर करते हुए चेक डैम के माध्यम से जल जमाव की योजना संचालित किए जाने पर बल दिया। इस मौके पर तिलक सिह, चिंटू सिंह, रौशन सिंह समेत काफी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल थे।

# पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के प्रमंडलीय सम्मेलन में उमड़ी भीड़

## ओबीसी पिछड़ा वर्ग के साथ केंद्र व राज्य सरकार कर रही है भेदभाव : ब्रह्मदेव प्रसाद

▸▸ हक व अधिकार पाने के लिए ताकतवर बनने की जरूरत: खीरू







खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच द्वारा प्रमंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू प्रमंडल के विभिन्न प्रखंड व पंचायतों से पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने काफी संख्या में भाग लिये। सम्मेलन का उदघाटन राज्य सभा सांसद खीरू महतो, ओबीसी एकता मंच के संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद, युगल पाल,श्रवण कुमार, विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, सुशील अग्रवाल ने झंडोत्तोलन कर एवं दीप प्रज्ज्वलित व महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन में राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि सम्मेलन में उमड़ी भीड़ यह बता दिया है कि ओबीसी समाज के लोग अब अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्होंने संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की सराहना करते हुए कहा कि जिस मजबूती के साथ आज लड़ाई का आगाज किया गया है उसे मंजिल तक पहुंचाने वह पूरी ईमानदारी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में समाज के लोगों के साथ बैठकर समाज के लोगों को एकजुट कर एक बार ओबीसी समाज का ताकत को राज्य की राजधानी रांची में दिखाने की जरूरत है। क्योंकि जब तक हम ताकतवर नहीं बनेंगे तब तक कोई कुछ नहीं देने वाला नहीं है। खीरू महतो विभिन्न संगठनों में बंटे समाज के सभी लोगों को इस मंच से जुड़ कर एक ही संगठन के माध्यम से समाज को हक व अधिकार दिलाने के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। नेताओं से अपील किया कि आप कहीं रहें लेकिन जब ओबीसी समाज की बात आए तो आप दल को दरकिनार कर समाज के लिए पूरी मजबूती से खड़ा रहें। उन्होंने कहा कि आज बहुत दु:खद स्थिति बन गई है कि पंचायतीराज में भी सभी पदों को दूसरे समाज के लिए आरक्षित कर दिया गया है। मौके पर संबोधित करते हुए बीडी प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज देश में बोलने नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को चलाने व मजबूत करने का काम करता है। ओबीसी का पैसा ही देश व राज्य के खजानों को भरने काम करता है। इसके बाद भी ओबीसी समाज को जो हक व अधिकार मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। पिछड़ा वर्ग के साथ केंद्र व राज्य सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। जब तक हमलोगों को हक व अधिकार नहीं मिल जाता है तब तक ओबीसी समाज के लोग चुप नहीं रहने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के हक व अधिकार दिलाने के लिए पलामू की धरती से संवैधानिक तरीके से लड़ाई का आगाज शुरू कर दिया गया है। संविधान में ओबीसी के लिए जो अधिकार दिया गया है वह अधिकार जब तक नहीं मिलेगा यह लड़ाई जारी रहेगा। आज ओबीसी समाज के हक व अधिकार को छिनने का जो षड्यंत्र किया जा रहा है उसे समाप्त करना है। कहा कि सरकार को जातीय जनगणना कराकर ओबीसी समाज के युवाओं का जो हक है उसे देना पड़ेगा। जो सरकारें ओबीसी के 11 सूत्री मांगों को पूरा नहीं करेगा वैसे सरकार को 65 प्रतिशत की आबादी सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। समाजसेवी रामदास साहु ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में पिछड़ा वर्ग का जितना योगदान रहता है उसके अनुरूप केंद्र व राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग को ना सहयोग करती है और ना ही उसके हक अधिकार का लाभ देती है। जबकि भारतीय संविधान में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने जो हक अधिकार दिया है उसे दबाने का काम सरकार द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया जिसे देश के विभिन्न राज्यों में लागू नहीं किया जा रहा है। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग का यह महासम्मेलन आंदोलन का संकेत देता है। यदि जो भी केंद्रीय या क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियां हैं वे पिछड़ा हित की बात नहीं करेगा तो वह राज नहीं करेगा की नीति पर हमसभी आंदोलन को चलायेंगे। कार्यक्रम का संचालन अजय वर्मा ने किया। इस मौके पर सभा को युगल पाल,श्रवण कुमार, विनोद कुमार, अशर्फी चंद्रवंशी, सुशील अग्रवाल ने भी संबोधित किया। मौके पर लाल सुरज, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, सुशील कुमार, अर्चना प्रकाश, ऊषा यादव,बली यादव,डाक्टर राजनारायण सिंह पटेल, संतोष गुप्ता,रामनाथ चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी,मनीता देवी, प्रमोद सोनी,मुरली श्याम सोनी, अशोक पाल,हरि यादव, शैलेन्द्र चंद्रवंशी, भोजपुरी कलाकार शिव कुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

**शौंडिक समाज ने बीडी प्रसाद को सिक्का से तौला**

पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच द्वारा आयोजित सम्मेलन में प्रमंडलीय शौंडिक समाज के सतीश साहू ने समाजसेवी सह संयोजक मंडल के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद को मंच पर सिक्का से तौलने का काम किया। सतीश साहू ने कहा बीडी प्रसाद ने ओबीसी समाज के लोगों को हक व अधिकार दिलाने के लिए पलामू की धरती से लड़ाई का जो आगाज किया है वह बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस में समाज के सभी लोगों को तन मन धन से बीडी प्रसाद को सहयोग करने की जरूरत है।

# नमिता हत्याकांड का पुलिस ने किया उदभेदन, चार गिरफ्तार

## दो देसी कट्टा, गोली, वाहन व अन्य सामान बरामद

▸▸ आपसी रंजिश के कारण घटी घटना : एसपी रीष्मा रमेसन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदिक चौक स्थित मिठाई दुकान में सात फरवरी को अपराह्न में गोलीचालन की घटना घटी थी। जिसमें नमिता देवी की गोली मारकर अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका के पुत्र रितिक ने हत्या की नामजद प्राथमिकी शहर थाना में दर्ज कराया था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने एसआईटी टीम का गठन कर गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेसन ने उदभेदन का खुलासा करते हुए बताया कि इस हत्याकांड में चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि महताब खान पिता भूटू मियां कसाई मुहल्ला के साथ मृतका के पुत्र रितिक से घटना के दो दिन पूर्व आपसी विवाद हुआ था। जिसमें महताब ने रितिक का बदला लेने के लिए मां को हत्या करने की योजना बनाई। इसने भास्कर पांडेय उर्फ मोंटी पांडेय पिता मुन्ना पांडेय माली मुहल्ला, रितेश कुमार उर्फ मामा पिता दिलीप राम कुंड मुहल्ला पनेरी गली एवं सहयोगी बबलू कुमार पिता जीतू ग्राम सेमरटांड शाहपुर के साथ योजनाबद्ध तरीके से सात फरवरी को अपराह्न में गोलीचालन की घटना दुकान में घुसकर घटित किया। उन्होंने बताया कि मोंटी पांडेय व महताब दोनों ही अपराधी प्रवृत्ति के हैं। जो पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। इसमें घटना को अंजाम देकर अपराधियों को भगाने के लिए बबलू कुमार ने अपना वरना कार से अपराधियों को भगाया था। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड में सद्दाम कुरैशी पहाड़ी मुहल्ला, वसीम खान बेलवाटिका एवं सूरज चंद्रवंशी भी षडयंत्र में शामिल थे जो फरार है। इनकी भी गिरफ्तारी बहुत जल्द की जायेगी। एसपी श्रीमती रमेसन ने बताया कि हत्या में प्रयोग किया गया दो देसी कट्टा, एक देसी पिस्टल, 315 बोर का एक खोखा, 7.65 बोर की एक गोली, तीन मोबाईल, जेएच.3एबी 3757 मोटरसाइकिल एवं जेए.2वाई 0632 वरना कार जब्त किया गया है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, पुअनि नीतिन पोद्दार, सअनि रेवाशंकर राणा, नवी अंसारी, आरक्षी राकेश सिंह, रोहित कुमार, सहायक पुलिस प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

# भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया





खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर विचारक थे पंडित दीनदयाल : डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। इसके तहत भाजपा नगर मंडल द्वारा प्रत्येक वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड 20 के भलुआनी गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। वे एकात्म मानववाद के प्रणेता और प्रखर विचारक के साथ उत्कृष्ट संगठनकर्ता भी थे। इधर ग्रामीण मंडल के केताता कला पंचायत मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। टिकैत चौबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर राधाकृष्ण साव, सुरेश पांडेय, मारकंडे चौबे, विकास चौबे, संजीव चौबे, कश्यप चौबे,अमित चौबे, पंकज चौबे, सुमित चौबे, किरण शर्मा, इदरीश हवारी, अर्चना देवी, बेबी देवी, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, संजय ठाकुर सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सड़क है विकास की असली पैमाना : रामचंद्र चंद्रवंशी

▸▸ पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फेकनडीह से बी मोड़ तक होने वाली पथ मरम्मती का रखी आधारशिला

▸▸ पांच दिन पूर्व से सड़क मरम्मती का कार्य है जारी,कल विधायक ने किया शिलान्यास



शिलापट्ट का अनावरण करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड अंर्तगत फेकंडीह से बी मोड़ तक लगभग 14 किमी सड़क पथ निर्माण विभाग के द्वारा मां छिन्नमस्तिके कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा नौ करोड़ की लागत से होने वाली सड़क मरम्मती का शिलान्यास रविवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का आनवरन व नारियल फोड़कर किया। इससे पूर्व श्री चंद्रवंशी ने फेकनडीह मोड़ पर लगे बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पथ मरम्मती शिलान्यास के उपरांत श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सड़क ही विकास की असली पैमाना है। उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया था लेकिन सड़क कही कही खराब हो गया था जिसे देखते हुए इस सड़क का मरम्मती किया जा रहा है। सड़क का मरम्मती गुणवतापूर्ण हो इसके लिए ग्रामीण जायजा लेते रहे। सड़क की मरम्मती अच्छा नही होने पर इसकी शिकायत मुझसे करे। उन्होंने संवेदक को गुणवतापूर्ण सड़क की मरम्मती करने की बात कही। पांच दिन पूर्व से ही सड़क मरम्मती का कार्य जारी है जिसका शिलान्यास कल किया गया। श्री चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल में उंटारी रोड प्रखंड में किए गए कार्यो का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर व संचालन विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह ने किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, महामंत्री सुनिल तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, रघुवीर चंद्रवंशी, उपप्रमुख खोखन राम, राजाराम मेहता, अगस्त तिवारी, डॉ योगी सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### 13 देवी देवताओ का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री राम के जयकारों से गूंजा बूढ़ीवीर

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीवीर पंचायत में नव निर्माण मंदिर में मूर्ति स्थापित करने के लिए रविवार को श्री श्री 1008 गंगा पुत्र लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज जो की बक्सर से चलकर बूढ़ीवीर मंदिर में भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न सीता मईया शंकर जी पार्वती जी गणेश जी कार्तिक जी दुर्गा माता का मूर्ति 19 फरवरी को स्थापित करने के लिए मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चारण के साथ कलश संकल्पित कराया । सभी श्रद्धालुओं को 13 देवी देवताओं का मूर्ति स्थापित करने के लिए कलश लेकर गाजे बाजे के साथ भगवान राम का जयकारा लगाते हुए श्रद्धालु तहले नदी पर पहुंचा। जहां से श्रद्धालुओं को श्री श्री 1008 गंगा पुत्र लक्ष्मी नारायण त्रिडंडी स्वामी जी ने मंत्रों उच्चारण के साथ कलश मे नदी से जल उठवाया और सभी श्रद्धालु कलश में जल लेकर पुनः बूढ़ीवीर मंदिर के प्रांगण में पहुंचा जहां सभी का जल संकल्पित कर मंदिर में रखवाया गया और सभी 13 देवी देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा करने का प्रक्रिया स्वामी जी ने शुरू किया। कलश यात्रा में विधायक आलोक चौरसिया, अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पांडेय, जिला परिषद सदस्य रामलाल चौरसिया, प्रमोद सिंह, प्रमुख गायत्री देवी, मुखिया अरविंद तिवारी, आशेष चौरसिया, भीष्म चौरसिया, सुनील चौरसिया, ध्रुव कुमार गुप्ता ,रामकरेश चौरसिया, विकास पाठक सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल थे।

## दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू

# मेला को राजकीय दर्जा झामुमो सरकार ने दिया : मिथलेश ठाकुर









खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेला का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति द्वारा दुबियाखांड में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह , उपायुक्त शशि रंजन, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह, पलामू डीडीसी रवि आनंद, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, सीओ अमरदीप बल्होत्रा, मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मेला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। मेला का समापन 12 फरवरी को होगा। मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि 1991 से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। वर्षों से आदिवासी लोग इस मेले के माध्यम से अपनी संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यह मेला इंदर सिंह नामधारी के प्रयास शुरू किया गया। इस मेला को राजकीय मेला का रूप में हेमंत सोरेन की सरकार ने घोषित किया है। आने वाले वर्षों में राजकीय मेला का परिदृश्य और बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनी राय की प्रतिमा शिवाजी मैदान में लगाई जाएगी। आदिवासियों को जगाने और आपकी पहचान दुनिया भर में पंहुचाने का काम हमारी सरकार कर रही है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की शुरूआत करने वालों ने काफी सराहनीय कार्य किया है। इस मेले को राजकीय मेला का दर्जा देने के कारण आदिवासी समाज आपको हमेशा सम्मान देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज शुरूआत से ही काफी कष्ट का सामना करते आ रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर उनके सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि अगले वर्ष राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का राज्यभर में इसका व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाएगा। सुदूरवर्ती गांवों और कस्बों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं बेहतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से स्टॉल लगाकर सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।मेला में मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह-मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। साथ में ही वनों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, मेला स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, आदिवासी छात्रावास का निर्माण करने आदि से संबंधित मांग रखी। मौके पर कलाकारों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित आदिवासी नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। जहां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा बैनर, पोस्टर के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मेले में शहीद राजा मेदिनी राय के वंशजों के ऊपर लिखी पुस्तक अतीत के झरोखों और वर्तमान की झलख का लोकार्पण किया गया। मेला में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पूनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, कुमारी श्वेता, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी नैना कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी, सीता कुमारी, गायत्री कुमारी को सम्मानित किया गया। वंही खुशबू कुमारी, पुनीता देवी, शीला देवी, अनिमा पूनम केजर, अनीता देवी, कौशल्या कुमारी, खुशबू देवी, प्रीति कुमारी, श्रुति कुमारी, सरिता देवी का गोद भराई कराया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अनिता कुमारी, दीपावली कुमारी, निभा कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, कविता कुमारी, रोशनी कुमारी, सुषमा कुमारी, खुशबू कुमारी, बिंदु कुमारी को लाभान्वित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा योग्य लाभुकों को 5 यूनिट बकरा विकास एवं 5 यूनिट सुकर विकास योजना वित्तीय वर्ष 23-24 का वितरण किया गया। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, अंचल अधिकारी अमरदीप बलहोत्रा के अलावा अन्य सरकारी पदाधिकारी-कर्मी, समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिन्हा , झामूमो नेता सन्नू सिदिकी, दीपक तिवारी, जिला परिषद बासो देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, पंसस अजीत सिंह, उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह, शिक्षक भर्दूल सिंह, कौड़िया पंचायत सचिव फतेह अहमद, जिला पशुपालन पर्दाधिकारी दिवाकर सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, शिक्षक रविंद्र सिंह सहित चेरो समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा बड़ी संख्या में लोग

## स्पीड न्यूज

### मालिकाना हक की मांग को लेकर आप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**जमशेदपुर।** आम आदमी पार्टी की जमशेदपुर की बस्तियों के मालिकाना हक को लेकर हस्ताक्षर अभियान से आंदोलन का हुआ शुभारंभ। यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार के नेतृत्व में बस्तियों के मालिकाना हक के आंदोलन की शुरूआत हुई। अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में जमशेदपुर के सभी कच्ची बस्तियों के मालिकाना हक को लेकर जबरदस्त आंदोलन करने की एवं उसे अंत तक लड़ कर जनता को अधिकार दिलाने का वादा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयुक्त सचिव रईस अफरीदी जी मौजूद रहे और हम सब का हौसला बढ़ाने का काम किया।

### बिरसानगर में मुखी समाज का पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** बात सामाजिक मुद्दों की हो, किसी मांग को लेकर आंदोलन करना हो या सांस्कृतिक झलक दिखानी हो, मुखी समाज का कोई सानी नहीं है। आज केंद्रीय मुखी समाज के तहत बिरसानगर मुखी समाज की ओर से जोन नंबर-6 में आयोजित ग्राम देवता पूजन सह पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर इसमें चेतन मुखी, कुंदन मुखी, मनोज मुखी और अन्य शामिल थे।

### सुवर्ण वणिक समाज के रक्तदान शिविर में शामिल हुए समाजसेवी करण गोराई



**जमशेदपुर।** समाजसेवी करण गोराई सुवर्ण वणिक समाज झारखंड जमशेदपुर जिला कमिटी के द्वारा आयोजित 16 वां रक्तदान शिविर के कार्यक्रम बाराद्वारी साकची में शामिल हुआ और उनके 10 सहयोगी ने रक्तदान भी किया। श्री गोराई ने कहा कि रक्तदान करने से दिल से जुडी बिमारियों की संभावना को कम करता है, ऐसे में ब्लड डोनेट करने से शरीर से एक्स्ट्रा आयरन रिलीज होता है और आपको स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। रक्तदाताओ के लिए बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गयी थी, समाज के सभी सदस्यों को समाजसेवी करण गोराई की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। रक्तदान शिविर में श्री गोराई के साथ उनके सहयोगी संजय कुमार सेन, राजू गोराई, राजीव कुमार, भागीरथ गोराई, सुखदेव गोराई, विजय भगत, सुदेश गोराई, विष्णु सिंह सरदार, शैलेन्द्र गोराई, भाबातर दत्ता, आकाश रजक, संतोष झा आदि शामिल हुए।

### तिलका मांझी चौक पर धूमधाम से मनायी गई बाबा तिलका जयंती



**जमशेदपुर।** 11 फरवरी को बाबा तिलका माझी के जयंती के अवसर पर तिलका माझी स्मारक समिति के द्वारा तिलका माझी चौक, डिमना में बाबा तिलका माझी का जयंती मनाया गया। सबसे पहले पहले बाबा तिलका माझी के मूर्ति में माल्यार्पण किया गया। इसके बाद तिलका माझी चौक नाम से किया गया पत्थलगड़ी पर माल्यार्पण किया गया। स्मारक समिति के एकबार फिर दोहराया कि तिलका माझी चौक, डिमना गोलचक्कर में बाबा तिलका माझी का आदम कद मूर्ति बहुत जल्द लगाया जाएगा। मौके पर दीपक मुर्मू, मदन मोहन सोरेन, रमेश मुर्मू, डेमका सोय, दीपक रंजीत, राखाल सोरेन, सुनील रजक, रंजीत कुमार महतो, बबलू मुर्मू, जगदीश गोप आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आदिवासी कुड़मी कर्मचारी संघ का वनभोज संपन्न



**जमशेदपुर।** रविवार को आदिवासी कुड़मी कर्मचारी संघ, जमशेदपुर की ओर से वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन लुपुंगडीह में किया गया। इसमे सांस्कृतिक एवं सामाजिक चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कुड़मी समाज में व्याप्त अपसंस्कृति के रूप में घुसा दहेज प्रथा किस तरह खत्म होगा इस पर चर्चा किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह समाज के युवाओं का प्रचलन बड़े, सरकारी नौकरी पर कैसे युवाओं का पकड़ बड़े इसपर चर्चा किया गया। अभी समाज के युवाओं में सरस्वती पूजा का चलन बढ़ रहा है। हालांकि पूजा से ज्यादा अगर बच्चे पढ़ने पर ध्यान दे तो अपना और समाज का ज्यादा कल्याण होगा। बैज्ञानिक चेतना पर जोर देने को कहा। लक्ष्मण महतो, बबलू महतो, मानिक महतो, लखी कांत महतो, अरुप महतो, सुजीत महतो, अजित महतो, भूपाती महतो, मंटू महतो, उत्तम महतो, दीपक महतो, तपन महतो, पूर्ण चंद्र महतो, भूपेंद्र महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# कदमा फार्म एरिया की सड़क चौड़ीकरण कार्य संतोषजनक नहीं : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## विधायक ने किया कदमा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण



सड़क चौड़ीकरण योजना पर असंतोष जताते विधायक बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने कदमा क्षेत्र में किये जा रहे विकाश कार्यों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में जुस्को को किये गए अनुशंसा में कदमा फर्म एरिया रोड नंबर -19 ( ननका पान दुकान से शहीद निर्मल महतो प्रतिमा तक) सड़क का चौडीकरण के कार्य का निरीक्षण के क्रम में सड़क चौडीकरण कार्य पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जुस्को को अनुशंसा किये गए कार्यों की गति न केवल धीमी है बल्कि सड़क का जितना चौडीकरण किया जाना था उतना सड़क का चौडीकरण भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उक्त आलोक में जुस्को के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। कदमा भाटिया बस्ती में काली मन्दिर में सेड अधिष्ठापन एवं मन्दिर का सौंदर्यीकरण के कार्यों के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मन्दिर कमेटी से वार्ता की जिसपर मन्दिर कमेटी के सदस्यों ने विधायक बन्ना गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त कार्य किये जाने से मन्दिर में ना केवल आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी बल्कि मन्दिर में किये जाने वाले पूजा पाठ एवं आयोजनों में भी सहूलियत होगी। कदमा भाटिया बस्ती में सड़क निर्माण एवं चौडीकरण किये जा रहे अशोक पथ एवं गोस्वामी मन्दिर पथ का निर्माण कार्यों का निरक्षण किया के क्रम में विधायक श्री बन्ना गुप्ता ने असंतोष जाहिर करते हुए संबंधित पदाधिकारी को तलब किया एवं सड़क को और अधिक चौडीकरण किये जाने एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य किये जाने का दिशा निर्देश दिया है । इसी क्रम में विधायक बन्ना गुप्ता ने स्थानीय लोगों से मुलाकात के क्रम में लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूँगा एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दूँगा। निरीक्षण के दौरान मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, संजय तिवारी, दिनेश पोद्दार,निमाई अग्रवाल, अमित प्रसाद, रवि दुबे,जितेंद्र सिंह,राकेश जयसवाल, बिशु दा,राजेश गोराई, राजेश रजक, अगस्टिन विल्सन,राजू दास,सोंटी रजक,कैलाश रजक,राजेंद्र,बापी साहू आदि शामिल थे।

# पुलिस ने दिखायी सक्रियता, चोरी की 19 बाइक बरामद

## पुलिस ने सरगना समेत 5 को भेजा जेल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बरामद बाइक का निरीक्षण करते सिटी एसपी मुकेश लुणावत।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने बाइक-स्कूटी चोर गिरोह के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए चोरी गई 19 बाइक को बरामद किया है बल्कि पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सरगना समेत 5 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश लुणावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सरगना बमामाईंस राजीव भगत उर्फ आडू , राजन दास, टेल्को महानंद बस्ती निवासी रोनित दीप उर्फ पोलियो, विशाल दास और शंभू पासवान शामिल है।

आरोपियों के पास से पुलिस ने एक मास्टर चाबी भी बरामद की है जिसे चोरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणावत ने बताया कि बीते दिनों साकची से एक स्कूटी की चोरी कर ली गई थी जिसे गाड़ाबासा के पास से बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से राजीव को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जानकारी मिली कि बाइक चोरी करने के बाद सभी विशाल, रोनित और शंभू के पास तीन से पांच हजार में गिरवी रख देते थे। इसी बीच विशाल, रोनित और शंभू चोरी के वाहन को ज्यादा दामों में बेचकर रुपए को आपस में बांट लेते थे। अब तक 30 से 40 बाइक को बेच दिया गया है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरु

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से सन्चालित किया जा रहा। इस अभियान के तहत आज घर घर जाकर दवा खिलाई गयी। इस अवसर पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सपरिवार फाइलेरिया की दवा का सेवन किया। उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार ने कस्तूबा गांधी विद्यालय जुगसलाई में फाइलेरिया की दवा का सेवन कर छात्राओं को दवा खाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा वितरित की जा रही। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोग से पीड़ित लोग इस दवा का सेवन नहीं करेंगे। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने दवा का सेवन करते हुए कहा कि समस्त जिलेवासी अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखते हुए इस अभियान में भाग लें और फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करें।

# जनता का प्रचण्ड विश्वास भाजपा के साथ , अबकी बार 400 पार : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



दिवार लेखन करते भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले।

**जमशेदपुर।** 2024 लोकसभा चुनाव के निमित्त केन्द्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आह्वान पर भाजपा के राष्ट्रीयव्यापी 'दीवार लेखन अभियान' के अंतर्गत आज जमशेदपुर शहर के बागुनहातु क्षेत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कई स्थानों पर अपने सहयोगियों, महिलाओं एवं कार्यकताओं के साथ सम्मिलित होकर दीवार लेखन कर नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहीं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर कहा कि हरेक घर तक नागरिकों को प्रधानमंत्री मोदी की हर गारंटी का लाभ मिल रहा है। इस बार फिर जनता का प्रचण्ड विश्वास भाजपा को मिलेगा और हमारा 'अबकी बार 400 पार' का संकल्प साकार होगा। काले ने भव्य, गरिमामय, जोश एवं ऊर्जा से भरे आज के इस दीवाल लेखन कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये बागुनहातू एवं अन्य स्थानों के कार्यकताओं एवं बीजेपी समर्थकों को सफल बनाने के लिये बधाई दी।

# राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है पंडित दीनदयाल जी का जीवन : सुधांशु ओझा

## महानगर भाजपा ने समपर्ण दिवस के रूप में मनाया पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




समपर्ण दिवस पर पंडित जी की तस्वीर के सामने नारा लगाते जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा। इसके बाद, जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची पश्चिम मंडल अंतर्गत जेल चौक स्थित दीनदयाल भवन में दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारक थे। समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहे।

उनकी एकात्मक मानववाद की दृष्टि निर्धनता और अशिक्षा को दूर कर समाज के सभी स्तरों पर समानता स्थापित करने की रही है। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण के लिए हितग्राही मूलक योजनाएं लगातार चला रही हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को दीनदयाल जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति की निःस्वार्थ रूप से सेवा करनी है। कहा कि उनके सिद्धांतों और विचारधारा को साकार करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**कार्यकर्ताओं ने सहयोग निधि में किया समर्पण:** संगठन की गतिविधियों को संचालित करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'समर्पण दिवस' के मौके पर सहयोग राशि समर्पित की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बंद लिफाफे के माध्यम से सहयोग निधि में अपना अंशदान समर्पित किया।

**विभिन्न मंडलों में मनाया गया समर्पण दिवस:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में मनाया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, राजीव सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, राजीव रंजन सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनोद राय, बजरंगी पांडेय, अजय सिंह, हलदर नारायण साह, दशरथ चौबे, हरिकिशोर तिवारी, पुरुषोत्तम मिश्रा, अप्पा राव, विजय तिवारी, अमिताभ सेनापति, अमरजीत सिंह राजा, अभिमन्यु सिंह, अमित सिंह, शैलेश गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शशांक शेखर, दिलीप पासवान, अमर सिंह, दीपक सिंह, ऋषव सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, अभिषेक डे, रामप्रसाद जायसवाल, रमेश विश्वकर्मा, संजीत चौरसिया, महेंद्र प्रसाद, अतुल प्रभात, मुकेश कुमार, सोनू सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जमशेदपुर एफसी और बेंगलुरू एफसी ड्रा खेलकर संतुष्ट हुए

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी रविवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के मुकाबले में बेंगलुरू एफसी के साथ 1-1 का ड्रा खेलकर संतुष्ट हुई, क्योंकि वो 70 मिनट तक पिछड़ रही थी। सेंट्रल मिडफील्डर सुरेश सिंह वांगजाम ने 14वें मिनट में बेंगलुरू एफसी को बढ़त दिलाई, जबकि स्थानापन्न स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने 70वें मिनट में बराबरी का गोल किया। जमशेदपुर एफसी के विंगर इमरान खान को बराबरी के गोल में सहायता प्रदान करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज ब्लूज द्वारा बढ़त गंवाकर ड्रा खेलने से स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जरागोजा जरूर निराश होंगे। बेंगलुरू एफसी 15 मैचों में तीन जीत, छह ड्रा और छह हार से 15 अंक लेकर तालिका में सातवें स्थान पर बरकरार है। वहीं, रेड माइनर्स की वापसी से मुख्य कोच खालिद जमील निश्चित रूप से राहत महसूस कर रहे होंगे। जमशेदपुर एफसी 15 मैचों में तीन जीत, पांच ड्रा और सात हार से 14 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 14वें मिनट में आया, जब सेंट्रल मिडफील्डर सुरेश सिंह वांगजाम ने बेंगलुरू एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। दाहिने फ्लैंक से बने हमले के दौरान आया क्रॉस किसी तरह से पोस्ट के बायीं तरफ मौजूद कप्तान सुनील छेत्री के पास पहुंचा और इस दिग्गज स्ट्राइकर ने गेंद को माइनस करके सुरेश के लिए मौका बनाया।

## खबर एक नजर में

### आज के युवा बाबा तिलका मांझी से प्रेरणा लें : मंगल कालिंदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद बाबा तिलका मांझी की जयंती के अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सबसे पहले विधायक ने बाबा तिलका मांझी चौक छोटा गोविंदपुर पहुँच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। और तिलकागढ़ हलुदबनी में बाबा तिलका मेमोरियल क्लब के द्वारा वर्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में, पूर्वी हलुदबनी पंचायत भवन में झारखंड शिल्प एवं खाद्य मेला द्वारा आयोजित महारक्तदान शिविर आयोजन पूर्वी हळूदबनी पंचायत भवन तिलकागढ़ में और खाकड़ीपाड़ा स्कूल मैदान में ग्राम विकास समिति खकड़ीपाड़ा छोटा गोविन्दपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए और प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरुस्कार देकर पुरस्कृत किए। मौके पर विधायक ने कहा कि बाबा तिलका मांझी का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध लंबा संघर्ष किया। उन्होंने अपने साहस एवं पराक्रम के बल पर अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया था।

### नीलकंठ दिवस आनंद मार्ग ने किया 50 यूनिट रक्तदान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** नीलकंठ दिवस के पूर्व संध्या पर आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, तरुण आनंद उर्फ गोलू टीम, विजय इलेक्ट्रॉनिक्स संजय मार्केट साकची के 10 रक्तदाता एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर की ओर से एक दिवसीय 99 वां मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड सेंटर में किया गया। लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो कि मानव कल्याण के लिए एवं लगभग 100 पौधों रक्तदाताओं एवं ब्लड सेंटर केंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया। प्रत्येक रक्त दाताओं के बीच इच्छा अनुसार पौधा रक्त दाताओं के बीच ब्लड सेंटर डॉक्टर एल बी सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर सरकार, रमेश राव, संजय कुंडू, सुनील मुर्मू, राकेश कुमार तथा अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

### मिलानी की निवेदिता संस्था ने 54 गरीब परिवारों को दिए ग्रॉसरी आइटम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मिलानी, बिष्टुपुर की महिला संस्था निवेदिता द्वारा आज बोड़ाम के सामानपुर गांव में भारत सेवाश्रम के श्री पवित्रात्माराम महाराज के देखरेख में 54 परिवार को ग्रॉसरी जिसमे तेल, नमक, डाल, बिस्कुट, चाय पत्ता, चीनी, आटा, मुड़ी, चनाचुर, आलू, साबुन टिक्का रिन, लाइफ बॉय, निरमा डिटर्जेंट पाउडर, स्टील का कटौरा, चॉकलेट, कॉपी पेंसिल इरेजर आदि बांटा गया। कपड़े भी दिये गया। 150 बच्चे और शिक्षक शिक्षिकाए को दोपहर का स्वादिष्ट भोजन करवाया गया। मिलानी के अध्यक्ष शेखर दे, उपाध्यक्ष स्वपन मजूमदार, सचिव दीपांकर दत्त,निवेदिता के सदस्य और मिलनी के सदस्य इसमें सहयोग किया। निवेदिता के उमा दत्त,रूपा चटर्जी, चैताली सरकार, सीमा मित्र, रूमी बागची, प्रीतिलेखा रॉय, पूरबी घोष, काकोली तरफदार, मौसमी गुहा, केया कुंडू, मोम मुखर्जी, दीपा भौमिक,जयंती दास, सौमी बनर्जी, मौसमी भट्टाचार्जी, अपर्णा भट्टाचार्जी और पन्ना उपस्थित था। महाराज ने सभी को आभार प्रकट किया।

### भाजपा मानगो मंडल ने मनायी पं. दीनदयाल की पुण्य तिथि



पंडित जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते प्रो जटाशंकर पांडेय व धर्मेन्द्र।

**जमशेदपुर।** भाजपा मानगो मंडल के तत्वाधान में आज संध्या 4.30 बजे जनसंघ के संस्थापक सदस्य, उत्कृष्ट संगठनकर्ता व प्रखर विचारक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर भाजपा मानगो मंडल में समर्पण दिवस मनाना तय किया गया है जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो जटा शंकर पाण्डेय ,गंगा साहू, पश्चिम विधानसभा विस्तारक सोनू कुमार मोदी, वरिष्ठ भाजपा नेता नित्यानंद सिन्हा, अशोक सिंह चौहान, नीलकमल शेखर, किशोर सिंह , विनय सिंह, राजीव सिंह, राजेश गुप्ता, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, सुमन श्रीवास्तव लालबाबू, राहुल व अन्य कार्यकर्ता ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### 14 को गढवा में भारत जोड़ों न्याय यात्रा में शामिल होंगे जमशेदपुर के कांग्रेसी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने हेतू तैयारी समिति की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कांग्रेस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण झारखण्ड में 14 फरवरी से सुबह 9 बजे गोदरमाना गढवा, दोपहर 2 बजे रंकागढ फाटक, स्वागत गढवा नगर बाजार, संध्या 5 बजे जनसभा बिश्रामपुर, रात्री बिश्राम नवा बाजार पलामू तक के न्याय यात्रा में पूर्वी सिंहभूम जिला के नेतागण शामिल होंगें।

## स्पीड न्यूज

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सुधीर दुबे के 40वें जन्मदिन पर उनके सहयोग से दर्जनों गरीब महिला-पुरुष व बच्चों के बीच पूरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुधीर दुबे के पुत्र अंशित कुमार व राजेश प्रसाद द्वारा मंच के सदस्यों की उपस्थिति में जन्मदिन मनाकर किया गया। इसके बाद मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल व सुधीर दुबे द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, उदयभान दुबे, मो. शाहीद, लखन राम, सनी नायक आदि का विशेष योगदान रहा।

### रामगढ़ में स्वदेशी मेला आज से




**रामगढ़।** रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड में सोमवार से स्वदेशी मेला लगेगा। यह जानकारी सह संयोजक मिथिलेश कुमार मंडल ने रविवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मेले में 125 स्टॉल होंगे। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले हैं। मेले में हस्त निर्मित वस्तुओं की बिक्री होगी। उन्होंने बताया कि मेला का समापन 23 फरवरी को होगा। मेला का उद्घाटन सांसद जयंत सिन्हा, चंद्रप्रकाश चौधरी व विधायक सुनीता चौधरी करेंगे। मंडल ने कहा कि मेले में सिल्क साड़ी, जड़ी बूटी सहित कई स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री होगी। उन्होंने कहा कि मेला के आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री को बढ़ावा देना है। मौके पर प्रहलाद साव, प्रेम कुमार गुप्ता, महेश्वर महतो, गौतम कुमार महतो, सोनु प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### शांति नगर में आभूषण व नगद चोरी



**कुजू।** शनिवार रात शांति नगर में चोरों ले घर का ताला तोड़कर कीमती सामान सहित सोने चांदी के आभूषण व नगदी की चोरी की। बताया जाता है कि सीसीएल तोपा परियोजना में कार्यरत एक्सवेशन विभाग के इंजीनियर आशीष सिंह शांति नगर में रामेश्वर झा के आवास में किराए पर रहते थे। कुछ दिन पूर्व शादी में सपरिवार पटना गए हुए थे। रविवार सुबह मकान मालिक रामेश्वर झा ने देखा कि घर का दरवाजा खुला है और सभी कमरों के ताले तोड़ दिए गए हैं। चोर घर के एस्बेस्टस सीट तोड़कर घर में दाखिल हुए थे। चोरी गये समानों की जानकारी भुक्तभोगी के आने के बाद ही पता चल पायेगा। लोगों ने पुलिस को भी इसकी सूचना दी।

### कुजू में डिज्नीलैंड मेला शुरू



**कुजू।** आरा आईडब्लूएसपी वाटरप्लांट मैदान के पास रविवार को बसंत पंचती का लेकर डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ हुआ। जदयू प्रदेश महासचिव सह जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने मेला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पूजा को लेकर हर साल की भांति इस साल भी मेला लगाया गया है। मेला में बच्चों के लिए झुले, खिलौना, मिठाई व कई घरेलू समान उचित मूल्य पर मिलेगा। मौके पर रति महतो, धनेश्वर महतो, डालेश्वर साव, नकुल महतो, मोहन ठाकुर, जगरनाथ महतो, भिरगुवंश महतो, जयप्रकाश महतो, घनश्याम महतो, रति महतो, कुलदीप महतो, रमेश महतो, रामेश्वर महतो, झुनेश्वर महतो, लक्ष्मण महतो, अनिल, दीपक आदि मौजूद थे।

### जवाहर नगर में एकलव्य प्रतियोगिता



**भुरकुंडा।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बॉस्को एकाडमी में एकलव्य प्रतियोगिता का उद्घाटन किड्स जूनियर ए स्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार और शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों का मौखिक टेस्ट भी लिया गया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों का किड्स ए जूनियर स्कूल पतरातु में अंतिम परीक्षा ली जाएगी। साथ ही पुरस्कृत किया जायेगा। प्रधानाचार्य अंगद राय ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी।

# मांडू में वन भूमि की अवैध बंदोबस्ती रद्द

## 11 प्रतिष्ठानों और कारखानों को किया गया चिह्नित : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** अवैध जमाबंदी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा मांडू अंचल अंतर्गत रउता मौजा, थाना संख्या 146 वन विभाग के द्वारा अधिसूचित/ सीमांकित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण मामले में उपायुक्त चंदन कुमार ने मांडू अंचल अंतर्गत मौजा रउता थाना संख्या 146 में ग्लोब स्टील फैक्ट्री एंड अलायंस प्राइवेट लिमिटेड खाता संख्या 29/85 प्लॉट संख्या 325 रकबा 2 एकड़ किस्म भूमि गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि एवं वैष्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड खाता संख्या 29 प्लॉट संख्या 65 रकवा 2.85 एकड़ किस्म भूमि



गैरमजरूवा खास किस्म जंगल भूमि की जमाबंदी को बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4 एच के तहत रद्द कर दिया । साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को निर्देश दिया है कि निबंधित केवाला के द्वारा विपक्षी उक्त भूमि प्राप्ति का दावा करते हैं उस केवाला को रद्द करने के लिए सक्षम न्यायालय में अपील दायर करेंगे।

गौरतलब है कि मांडू अंचल अंतर्गत रउता मौजा के खाता संख्या 29 के कुल 86 प्लॉट कुल रकबा 807.24 एकड़ भूमि खतियान में गैर मजरूवा खास दर्ज है जिसमें 45 प्लॉटों रकबा 758.59 एकड़ किस्म जंगल झाड़ी दर्ज है। उक्त 45 प्लाटों में से 26 प्लॉट जिसका कुल रकबा 575.78 एकड़ है वन विभाग के द्वारा अधिसूचित एवं सीमांकित वन है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के लागू होने के उपरांत अधिसूचित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य है। वर्तमान में मांडू अंचल के रउता मौजा में 11 औद्योगिक प्रतिष्ठानों/ कारखाने को भी अवैध जमाबंदी भूमि को अपने नाम पर दाखिल खारिज कराने तथा भूमि पर औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित करने में कोलकाता कार्बाइड, स्वास्तिक स्टील, श्री राम सीमेंट फैक्ट्री, मैहर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रजरप्पा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, श्री बालाजी सेरेमिक्स, राज स्टील, श्री वैश्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोहिनूर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोब स्टील प्राइवेट लिमिटेड एवं शारदा सीमेंट को चिन्हित कर संबंधित भूमि पर अवैध जमाबंदी रद्द करने सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है।

## गांव चलो अभियान : पूर्व विधायक मनोज यादव ने बेंदगी पंचायत में किया प्रवास

# ग्रामीणों को केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** गांव चलो अभियान के तहत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही विधानसभा के बेन्दगी गांव के बूथ संख्या 309 में ग्रामीणों से मुलाकात कर केंद्र की नीतियों व योजनाओं के बारे बताया। मनोज यादव ने बेन्दगी पंचायत के देवालय और तीर्थस्थलों में माथा टेका। तत्पश्चात बेन्दगी गांव में जनसंघ कालीन एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर माला पहनाकर और फूल भेंटकर उनका सम्मान किया। साथ ही बूथ कमिटी के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। उन्होंने नवयुवक खिलाड़ियों से मुलाकात कर खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें हौसला अफजाई करते हुए क्रिकेट कीट उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। पूर्व विधायक ने जनसंघ से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता हरी पांडेय से




मिले और चुनाव हेतु आशीर्वाद मांगा। पूर्व विधायक ने गांव के प्राइवेट प्रैक्टिसनर दिलीप कुमार से मिलकर मोदी सरकार के स्वास्थ्य सेवा से जुड़ने और आयुष्मान योजना के बारे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बेंदगी के दलित टोला में घूम कर महिला दीदी का कुशल क्षेम पूछा और योजनाओं की जानकारी ली। अंत में उन्होंने छात्र विकास कुमार से मिले और पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पंसस कलावती देवी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश साव, दीपक कुमार किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष, फुलमतीया देवी, बासुदेव यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### फिर एनडीए सरकार लाना है : सुदेश महतो

**कटकमसांडी।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री को कटकमसांडी ब्लॉक मोड़ में कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री महतो रांची से चतरा जिला में सभा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। श्री महतो ने बताया कि इस हेमंत का भ्रष्टाचारी सरकार को आने वाले चुनाव में उखाड़ फेंकना है और पुनः एनडीए की फूल बहुमत के साथ झारखंड में सरकार बनना है। स्वागत करने वालों में विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी भाजपा महामंत्री बिरेंद्र कुमार उर्फ बीरू,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोहर राणा,भोला राणा,अनिल राणा, एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक से कार्यकर्ताओं ने प्रखंड व थाना में भ्रष्टाचार की शिकायत की



**पदमा।** रविवार को रोमी पंचायत भवन परिसर में कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया। बैठक में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की समस्या एवं चार साल के कार्यकाल के बारे में जानकारी ली। सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा और व्याप्त भ्रष्टाचार पर बात रखी। कार्यकर्ताओं ने भी सवाल उठाए, कहा कि अगर आप क्षेत्र की समस्याओं को दूर नहीं करेंगे तो आपकी एवं सरकार की बदनामी होगी। अकेला ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग सामंजस बनाकर काम करें, मैंने प्रत्येक विभाग प्रतिनिधि नियुक्त किया है उसका सदुपयोग करते हुए अपनी पहचान बनाएं एवं आम जनता का काम करें। अगर सिस्टम में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। मौके पर सहिया दीदी एवं सहिया साथी भी पहुचे और विधायक से अपने हक एवं अधिकार की मांग रखी। इस अवसर पर पदमा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव रोमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, बंदर बेला पंचायत मुखिया विजय कुमार मेहता, सुरज पुरा पंचायत मुखिया सीताराम मेहता, पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास , वरिष्ठ समाज सेवी सतनारायण प्रसाद मेहता, राजेश मेहता सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सहायक अध्यापक के निधन पर संगठन ने परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**बरही।** प्रखंड के सहायक अध्यापक स्वर्गीय शंकर राणा की आकस्मिक निधन पर संगठन की ओर से उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग किया गया। सहायक अध्यापक संघ ने 1 लाख 32 हजार 500 रुपए उनके घर जाकर उनके आश्रित परिजनो को सौंपते हुए कहा कि संगठन उनके साथ हरेक परिस्थिति में उपलब्ध रहेगा। उनके निधन से प्रखंड के सहायक शिक्षकों को अपूरणीय क्षति हुई है। स्वर्गीय शंकर राणा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मलकोको में पदस्थापित थे। वह अपने पीछे एक पुत्र और 5 पुत्री को छोड़कर चल बसे है। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने कहा कि राज्य के सहायक शिक्षक सरकार द्वारा सभी निदेर्शों का पालन व सहयोग करते हैं। परंतु आज तक राज्य सरकार उनके भविष्य और परिजनों के बारे में कभी नहीं सोचा। आज राज्य में नई सरकार बनने से पारा शिक्षकों के मन मे एक आशा जगी थी।परन्तु कोई लाभ नही मिल पाया।आज सरकार की लापरवाही से एक परिवार को पुनः दुर्दिन देखने का मिला है। बरही प्रखंड के सभी पारा शिक्षक अपने स्तर से एक निश्चित राशि जमा कर उनके परिजनों को सहयोग राशि के रूप मे सहयोग किया। मौके पर बरही प्रखंड के तमाम सहायक अध्यापक अध्यापिका का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे, अजप्ता के प्रखंड सचिव मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रजापति सहित प्रखंड के अध्यापक बरही प्रखंड के प्रखंड सचिव मनोज घोष, प्रखंड कोषाध्यक्ष मोहम्मद सनोवर समेत अन्य कई पारा शिक्षक उपस्थित हुए।

### पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनायी गयी



**हजारीबाग।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि को पूरे जिले में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर किया गया। भाजपा नगर मंडल पश्चिम के कार्यालय में, नगर अध्यक्ष विवेक बैरियर की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि केपी ओझा उपस्थित हुए । कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाया गया। उपस्थित कार्यकताओं द्वारा समर्पण राशि भी जमा किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का विकास की बात की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी अंतोदय सिद्धांत के आधार पर ही जनहित का कार्य किया जा रहा है। आज उसी का देन है कि भारत विश्व के तीसरी शक्ति के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि केपी ओझा के द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ,नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष विवेक बैरियर, मंडल महामंत्री अविनाश कुमार सोनू आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# दीनदयाल के अधूरे सपनों को पूरा करना सभी का दायित्व : अविनेश

▸▸ भाजपा ने पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर मनाया समर्पण दिवस, दी गयी श्रद्धांजलि,

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बिरसा चौक भुरकुंडा में ओबीसी मोर्चा प्रदेश के नेता योगेश दांगी के आवास पर रविवार को समर्पण दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार उपस्थित थे।भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा लगाया गया पौधा बट वृक्ष बन चुका है। उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों




को लेकर सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ता चल जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अधूरे सपनों का पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता समर्पण भाव से निरंतर पार्टी की सेवा कर रहें हैं। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर आशुतोष कुमार तिवारी, योगेश दांगी, जगतार सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, हृदय नारायण दांगी, अखिलेश टोप्पो, शंकर विश्वकर्मा, नागेन्द्र सिन्हा, मिंटू सिन्हा, वीरेंद्र सिंह, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, कुलदीप मेहता, अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दारू थाना में महिला ने लगायी न्याय की गुहार



**टाटीझरिया /दारू।** दारू थाना क्षेत्र के पेटो निवासी नारायण महतो की 32 वर्षीय पुत्री सकुंतला देवी पैतृक संपत्ति खेत बारी में लगे रबी के सिंचाई के लिए कुएं में मशीन लगाया था। महिला का अरोप है कि दबंगं मोहन महतो पिता स्व. तिलक महतो,यशोदा देवी पति मोहन महतो,पंकज कुमार पिता मोहन महतो,प्रदीप महतो पिता स्व.तिलक महतो,रेणु देवी पति प्रदीप महतो ने इस मामले को लेकर उसके साथ मारपीट की। इस संबंध में शकुंतला ने कहा कि इनके विरुद्ध दारू थाना में लिखित आवेदन देकर कांड संख्या - 6/23 धारा 147/148/341/323/504/भा.द.वि के तहत दिनांक 12/1/2023 को प्राथमिकी दर्ज कर उचित न्याय दिलाने की मांग किया गया था।शकुंतला ने पुन: 10 फरवरी को थाना में लिखित आवेदन देकर प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर गुहार लगायी और कहा कि 5 टैक्टर ईंटा उक्त लोगों ने बेच दिया। मना करने पर फिर से मारपीट की । एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आरोपियों को पुलिस व प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया। खुलेआम मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे है।

### विधायक ने पुल और चहारदीवारी का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने चेचकपी पंचायत में केवालु गांव स्थित नदी पर पुल और खैरियो उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चहारदीवारी का किया शिलान्यासद्ध विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत में विकास के कार्य हो रहें हैं। आजादी के लंबे समय बाद केवालु के नौघरवा नदी पर पुल बनेगा। जल्द इस गांव को बरकट्ठा के एनएच 2 से जोड़ा जाएगा। क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयो का उन्नयन व चाहरदीवारी निर्माण कार्य जारी है। बरकट्ठा से धोवारी का रास्ता शीघ्र बनाने का आशवासन दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार साव,टुकलाल नायक,भोला प्रसाद, बीरू मेहता, भुनेश्वर सिंह, हीरालाल प्रसाद,चरकु सिंह,शंकर यादव,मधु यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव, प्रभु सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### पीसीसी पथ का विधायक ने किया शिलान्यास

**बरही।** खोंड़ाहार पंचायत के कुंडवा गांव स्थित आरईओ रोड कुंडवा से जानकी यादव के आवास तक 800 मीटर पीसीसी पथ रोड का विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण डीएमएफटी फंड से 69 लाख रुपये की लागत से बन रहा हैं। उमाशंकर अकेला ने कहा कि जनता की समस्या उनकी समस्या है। जब तक आम लोगो के सभी मूलभुत जरूरतों को पूरा कार्य न कर दे, चैन से नहीं बैठूंगा और विभिन्न मदो से योजनाओं को लाकर क्षेत्र का विकास करूंगा और जनता की समस्याओं का समाधान करूंगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व मुखिया बिना उरांव, कांग्रेस नेता परमेश्वर यादव, देवचंद यादव, रामचन्द्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 21 को किसान महासभा के लिए जनसंपर्क

इचाक। प्रगतिशील मगही समाज के द्वारा पदमा प्रखण्ड के सरैया फुटबॉल ग्राउंड में 21 फरवरी को होने वाली किसान, मजदूर और वेरोजगार महासभा की गति तेज हो गई है। किसान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रगतिशील मगही समाज इचाक प्रखंड अंतर्गत ग्राम कूरहा में किसानो के बीच बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता पूर्व मुखिया शिवनंदन प्रसाद मेहता ने किया और मंच संचालन संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता ने किया। केंद्रीय युवा सचिव मनोज कुमार मेहता ने कहा कि अन्नदाता को यह अधिकार नहीं है कि अपनी उत्पादित फसल का दाम तय कर सके। बैठक में महेंद्र प्रसाद मेहता, शंकर मेहता, प्रकाश मेहता, अजय मेहता, जगदेव गुप्ता, अशोक कुमार, राजकुमार, गीता देवी, किरन देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटीझरिया थाना में शांति समिति की बैठक

टाटीझरिया। शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर रविवार को टाटीझरिया थाना परिसर में बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं दोनों समुदाय के गणमान्य लोग शामिल हुए खुशबू मिंज ने कहा कि पूर्व की तरह ही इस बार भी सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए। बुद्धिजीवी लोग इसमें सहयोग करें यदि विसर्जन के समय स्थान में परिवर्तन करना है तो एक आवेदन थाना में देना जरूरी है प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज ने बताया कि पूजा कमेटियों से हुड़दंगियो मन चले लोगो पर नजर रखेगी । अश्लील गानों को बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। बैठक में टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल, टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, जिला शिक्षा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक ,कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस को छोड़ दर्जनों लोग आजसू में शामिल

**बड़कागांव।** चंदौल पंचायत के मोहडर में आजसू पार्टी का मिलन समारोह हुअर,इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा और संचालन आजसू के वरिष्ठ नेता उमेश दांगी ने किया। कांग्रेस पार्टी को छोड़कर आजसू पार्टी का दामन थामा। रौशन लाल चौधरी ने माला और पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराया। श्री चौधरी ने कहा कि हम और हमारी पार्टी जात-पात से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति करते हैं। बड़कागांव विधानसभा में पिछले 15 सालों से विकास की गाड़ी रुकी हुई है आज तक विधानसभा में कोई भी ऐसा कार्य नहीं हुआ है जिसे हम राज्य स्तर पर दिखा सके। आजसू का दामन थामने वालों में मो.मिस्बाहुल, संजय यादव, कुलेश्वर यादव,भुनेश्वर राणा,सुधीर यादव,नासिर हुसैन,अख्तर अंसारी, संतोष राणा,सफदर अली,मो. आरिफ,संतोष यादव,होरिल प्रजापति,शिवम् चौरसिया,छोटेलाल चौरसिया,करण कुमार,मिंसु कुमार, सोनू सिन्हा,सुदामा आर्यन,विश्वनाथ कुमार सहित दर्जनों शामिल थे।

### बड़कागांव : शबरी जयंती 24 फरवरी को

बड़कागांव। अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ग्राम स्तरीय बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुईयां ने किया।जिसमे प्रत्येक वार्षिक की भांति इस वर्ष भी माता साबरी जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ने कहा कि शबरी माता हमारी कुलदेवी है शबरी माता के जैसा प्रेरणा लेने की जरूरत है जिस प्रकार श्री राम माता शबरी के भक्ति को देखते हुए उनके आश्रम जाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मौके पर प्रवक्ता गिरजा भुईयां,उपाध्यक्ष रामबृक्ष राम,खेमलाल राम,महावीर राम,कौलेशवर भुईयां,दुधेशवर भुईयां,बाबुलाल भुईयां,दिलीप भुईयां, उमेश भुईयां,सुदामा कुमार, सरिता देवी, मंजु देवी, सुमित्रा देवी,सुनिता देवी,चमनी देवी शहीत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बाजार में लगातार हो रही चोरी से ग्रामीण परेशान

**दारू।** कुछ महीनों से झुमरा और दारू साप्ताहिक बाजार से लगातार मोबाइल और बाइक चोरी होने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। रविवार को दारू साप्ताहिक बाजार से सुबह में सब्जी खरीदने आये छोटका इरगा निवासी चंद्रप्रकाश रजक की वीवो वाई 22 चोर उड़ा कर ले गए । वही शाम होते होते जबरा की एक महिला का रियल मी नारजो कंपनी का मोबाइल भी चोरी हो गया । महिला सब्जी खरीदने के लिए कुछ महिला साथी के साथ सब्जी खरीद रही थी तथा मोबाइल को चोरी होने के डर से सब्जी के थैले में रख दी थी लेकिन चोरो की नजर गिद्ध की जैसा उनके मोबाइल पर पड़ी और थैले से ही मोबाइल को गायब कर दिया।

## स्पीड न्यूज

### बजरंग दल ने किया तीन यूनिट रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के द्वारा तीन यूनिट रक्तदान रविवार को किया गया। रक्तदान करने वालों में मनित कुमार, शिवम कुमार व अभिषेक मिश्रा के नाम शामिल है। मनित कुमार ने दसवीं बार, शिवम कुमार ने दूसरी बार व अभिषेक मिश्रा ने अपने जीवन काल में 5 वीं बार रक्तदान किया है। मौके पर मुकेश सिंह, अनूप लाल, श्याम मंत्री, लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### क्रांतिकारी किसान सभा की बैठक आज

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा की जिला स्तरीय बैठक 12 फरवरी 2024 को गुमला में आयोजित की गई है। बैठक में 16 फरवरी 2024 को अखिल भारतीय स्तर पर हो रहे ट्रेड यूनियनों का आम हड़ताल को सफल बनाने, 28 फरवरी 2024 को जिला मुख्यालय में हो रही जन संसद कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने आदि पर विचार विमर्श होगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

### खतियान संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति( खइसरर)जिला लोहरदगा का बैठक रघु टोली स्थित टाना भगत भवन में संदीप भगत की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जेबीकेएसएस संगठन को लोहरदगा जिला में विस्तार करने एवं संगठन के विचार एवं उद्देश्यों को लोगों तक पहुंचाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिला समिति का गठन किया गया। इस बैठक में संदीप भगत, सुभाष भगत, विश्वनाथ तिर्की,किशोर उरांव, मनोज मिंज, अनीशा तिग्गा, सविता कच्छप आदि मौजूद थे।

### आजसू का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**कैरो।** कैरो प्रखंड में आजसू पार्टी के केंद्रीय निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह ग्राम प्रभारी का शपथ ग्रहण समारोह आज सोमवार आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, विधानसभा प्रभारी भरत काशी, केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत और केंद्रीय महासचिव अंजू देवी मुख्य रूप से भाग लेंगे।

### चारा व आहार प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन

**गुमला।** मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला द्वारा जलकृषि में चारा एवं आहार प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुई। यह प्रशिक्षण एनएफडीबीपी एमएमएसवाई के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 31 मत्स्य किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य किसानों को जलकृषि में चारा एवं आहार प्रबंधन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

# रंगदारी वसूलने की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

## दो देसी कट्टा एवं चार कारतूस बरामद, पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा भी किया जब्त


गिरफ्तार आरोपियों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट पुलिस के द्वारा ढार व्यापारियों से रंगदारी वसूलने की योजना बनाने में जुटे तीन अभियुक्तों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रायडीह थाना क्षेत्र के जमगई करमटोली निवासी 23 वर्षीय विकास खड़िया, रायडीह के ही सिपरिंगा लुर्दटोली निवासी 40 वर्षीय संदीप कुजूर व पालकोट थाना क्षेत्र के बंदोडीह निवासी 23 वर्षीय बुधेश्वर नगेशिया के नाम शामिल है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो देसी कट्टा, चार कारतूस बरामद किया है, जबकि एक ऑटो रिक्शा जेएच 07 जे 2262 को जब्त किया। इस संबंध में रविवार को पालकोट थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ बसिया ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली थी कि पालकोट थाना क्षेत्र के बांदोडीह जंगल में तीन व्यक्ति हथियार से लैस होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु योजना बना रहे हैं। जिसके बाद मामले के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम मामले को लेकर जब बांदोडीह गांव पहुंची तो एक वाहन का लाइट जलता दिखा। इतने में सर्तकता बरते हुए पुलिस टीम अपने वाहन का लाईट बंद कर दी और पेड़ों के आड में वे छिप गये। इतने में एक ऑटो रिक्शा आया। जिसे पुलिस बल ने घेर लिया। जिसमें तीन लोग क्रमशः विरेंद्र खड़िया, संदीप कुजूर व बुधेश्वर नगेशिया बैठे हुए थे। पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से दो देशी कट्टा व चार जिंदा गोली बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे बाजार में ढार लगाने वाले लाह, धान व मडुवा लेने आये व्यापारियों से रंगदारी वसूलने के फिराक में थे। छापामारी दल में थाना प्रभारी अनिल लिंडा, पुअनि संदीप राज, पुअनि संतोष कुमार महतो व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ गुमला व रायडीह थाना में पूर्व से मामला दर्ज है।

# लोहरदगा में अंजुमन इस्लामिया का चुनाव संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया के चुनाव चुनाव में सदर और सेक्रेटरी पद के उम्मीदवार के भाग्य का फैसला रविवार को हो गया। अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में कुल 6533 मतदाता ने सदर पद के 3 और सेक्रेटरी पद के 5 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला अपने मताधिकार के माध्यम से कर दिया है। चुनाव को लेकर अंजुमन इस्लामिया इलेक्शन कमेटी के द्वारा 9 मतदान केंद्रीय बनाए गए थे जहां सुबह 7:00 से शाम 4:00 बजे तक होगा मतदान हुआ। मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आज ही देर शाम 8:00 बजे से मतगणना शुरू होगी। अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में इस बार सदर पद के लिए रऊफ अंसारी,हाजी सज्जाद खान और खालिद शाह के बीच मुकाबला था वही सेक्रेटी पद के लिए शाहिद अहमद बेलू, नेहाल कुरैशी, अहसान खान, इरफान आलम बबलू और बाबू खान मैदान में थे।

# प्रमुख मुन्नी देवी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने कुडू थाने की पुलिस को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू (लोहरदगा)।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के कुशल नेतृत्व में विगत दिनों कुडू पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू की हत्या कर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग को लेकर एसपी हारिस बिन जमा, प्रशीक्षु आईपीएस वेदांत शंकर, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव, और पूरी पुलिस टीम को विशेष रूप से बधाई दी।

शुभकामनाए देते हुए कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह को कुडू प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में पगड़ी बांधकर बुक्के देकर एवं अंग वस्त्र देकर तथा माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत और सम्मानित किया गया।

यहां पर बता दें कि एसपी हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह को विशेष रूप से निर्देश दिया गया था तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का भी गठन किया गया था। उक्त हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधियों को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार महज कुछ ही दिनों में कुडू थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# लोहरदगा में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के पुराना शुक्रबाजार अजय पार्क के समीप नवनिर्मित सिद्धि विनायक हनुमान मंदिर में हनुमानजी व विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें करीब तीन हजार महिला पुरुष किशोरी तथा विभिन्न धार्मिक समाजिक संगठन के भक्तगण शामिल हुए।

शोभायात्रा हनुमान मंदिर परिसर से अजय पार्क से होते हुए बरवा टोली,महाबीर चौक, अपर बाजार, जामा मस्जिद, महात्मा गांधी बीर शिवाजी मार्ग न्यू रोड़ होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस क्रम में हजारों भक्तों खासकर कर किशोरी व महिलाएं बैन्ड और डीजे के राम भक्त धून में गगन भेदी जयकारे के साथ जमकर नाचे। शोभायात्रा यात्रा मे पुरोहित चन्द्रशेखर मिश्र,जयशंकर मिश्र, पंकज मिश्र, परमानन्द मिश्र व गोपाल मिश्र ने यजमान के साथ आगे भगवान हनुमान भगवान विश्वकर्मा शिव लिंग आदि प्रतिमा को गोद लिए चल रहे थे। शोभायात्रा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन मौके पर वेदी विसर्जन, पुष्पाजंलि, शांति जल ग्रहण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति, दीपक अग्रवाल, महेन्द्र प्रजापति, एसडीएम अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, राजेन्द्र खत्री, अजय मितल, अजय प्रजापति समेत बडी संख्या में भक्त व गण्यमान्य लोग शामिल हुए। मौके पर लगातार तीसरे दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या में आरती प्रसाद वितरण व कीर्तन मण्डली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। 12 फरवरी को वेदी विसर्जन पुस्पांजलि व शांति जलग्रहण तथा 13 फरवरी को जागरण कार्यक्रम संध्या 7 बजे से रात्रि तक होगा।

## खबर एक नजर में

### धर्म रक्षा समर्पण निधि को लेकर बैठक संपन्न



**गुमला।** धर्म रक्षा समर्पण निधि को लेकर रविवार को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय बैठक श्री गोपाल मंदिर लोहरदगा रोड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रान्त सह मंत्री सह विभाग पालक रंगनाथ महतो ने कहा कि विहिप के केन्द्रीय योजना अनुसार अपने झारखंड प्रान्त में भी धर्म रक्षा समर्पण अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी से हो चुका है। इस कड़ी में गुमला जिला का अभियान भी प्रारम्भ हुआ। सभी प्रखंडों के कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया है की जिला स्तरीय से जो भी धर्म रक्षा निधि का लक्ष्य दिया गया है उसे लक्ष्य को पूरा करें। जिससे संगठन की व्यवस्था ठीक रूप से चल सके। बैठक में कुलदीप सिंह, केशव चन्द्र साय, मुकेश सिंह, पुनम सिंह, कार्तिक विश्वकर्मा, मनोज वमा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यालय रसोइया-संयोजिका संघ की बैठक संपन्न



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका संघ की बैठक रविवार को गुमला ब्लॉक परिसर में जिलाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 18 मार्च से राज्य भर की रसोईया-संयोजिका मध्याह्न भोजन बंद कर हड़ताल पर रहेंगी उसको लेकर चर्चा किया गया। मौके पर देवकी देवी ने कहा कि क्षेत्र के गरीब तबके की महिलाएं मध्याह्न भोजन बनाकर बच्चों का पेट भरते ही लेकिन सरकार की मंशा उनसे फ्री में काम लेने की है। यही कारण है कि श्रम कानून का उल्लंघन करते हुए उन्हें 66 रूपया 66 पैसे प्रतिदिन मानदेय के रूप में दिया जाता है। सरकार की मंशा नारी विरोधी के रूप में दिखलाई पड़ती है। उन्होंने रसोईया-संयोजिका को स्थायी करने, उन्हें न्यूनतम वेतन देने, पांच लाख का बीमा करने, साल में सभी रसोईया को दो सेट साड़ी व पेंशन स्कीम से जोड़ने, सभी को ग्रेच्युटी का लाभ देने एवं प्रसव अवकाश देने की मांग सरकार से की। बैठक में मंजरी देवी, शोभा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

### देवाकी के बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवाकी स्थित बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को हवन व पूणाहुति के साथ संपन्न हुआ। आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा बजरंगबली के मूर्ति का पट खुलवाया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। इसके बाद पूजन का कार्यक्रम चला। रविवार को पूजा की विधि समाप्त होने के बाद भव्य भंडारा का आयोजन पूजा समिति द्वारा किया गया जो देर रात तक चला। मौके पर प्रदीप प्रसाद, प्रमोद प्रसाद,प्रसाद साहू, संजीत साहू, वीरेंद्र साहू सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

### घाघरा में पेड़-पौधे के संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चतमदाग गांव में पेड़ पौधे के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों के साथ रविवार को वन विभाग गुमला के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में पेड़ पौधों के संरक्षण, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, जीव जंतु संरक्षण,अवैध वृक्षों की कटाई, अवैध चराई,अवैध अतिक्रमण, जैसे कई विषयों को लेकर लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि वनों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। लोगों ने जंगलों को बचाने को लेकर एक स्वर में नारा लगाया। मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी



**कैरो।** कैरो मंडल मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष लखन उरांव अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तस्वीर में पुष्प अर्पित तथा धुप बत्ती जलाकर उनकी 56वा पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोषित, पीड़ित के सच्चे हमदर्द थे। उनकी सोच समाज के अंतिम आदमी तक सुविधा पहुंचना था। हमें उनकी सोच को पूरा करने की अवश्यकता है। इस कार्यक्रम में अजजा प्रदेश कार्यसमीति सद्स्य बजरंग उरांव, ज़िला कार्यसमिति सदस्य बिशेशर प्रसाद दिन, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो, अल्पसंखयक मंडल अध्यक्ष नसीर आलम, तालीम खान, रविन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### कैरो प्रखंड में भाजपाइयों ने किया दीवार लेखन



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो में रविवार को भाजपा प्रखंड समिति द्वारा गाँव चले अभियान के तहत प्रखंड के सभी बूथों पर आम मतदाताओं के घर मे कमल का फूल और अबकी बार 2024 मे फिर से मोदी सरकार,लेख का दीवार लेखन किया गया। इस अवसर पर बूथ संख्या 167, 168,169 कैरो मे जिला समिति सद्स्य राजेंद्र महतो,नसीर आलम,194 ख्वास अम्बवा मे जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू,190 गराडीह मे अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान,गितिलगढ़ बूथ मे प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव,बूथ संख्या 170 मे महामंत्री मनोज साहू विवेक प्रजापति,राजेश सोनी,172 मे विशेश्वर प्रसाद दीन,171 मे विनोद राम 196 मे रामबुझावन गुप्ता,खन्डा बूथ में दीपक साहु इत्यादि बूथो पर प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता ने दीवार लेखन कर कमल का तस्वीर बनाया।

### भंडरा प्रखंड में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर

**भंडरा।** विद्या की अधिष्ठाती मां सरस्वती की पूजा आगामी 14 फरवरी को है। इसकी तैयारी भंडरा प्रखंड क्षेत्र के भौरो,मसमानों, बेदाल ,चट्टी,भीठा आदि में सरकारी व गैर सरकारी,शिक्षण संस्थानों एवं क्लब के सदस्य द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। वहीं सभी पूजा स्थलों पर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित के लिए पंडालों निर्माण कराने में लगे हैं।

### सेवा भारती का स्वास्थ्य जांच शिविर



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 87 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 51 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने स्थानांतरण पर दी थाना प्रभारी गुमला को विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला के थाना प्रभारी विनोद कुमार के स्थानांतरण होने पर गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर विदाई दी। चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि विनोद कुमार के कार्यकाल को लोग हमेशा याद करेंगे। गुमला के व्यापारियों से लेकर आमजनों व समाज के सभी वर्ग के लोगों से इनका जो लगाव रहा उसको भुलाया नहीं जा सकता है। विनोद कुमार सबके साथ समन्वय बनाकर चलते थे। जिसे गुमला में शांति का वातावरण बना रहा। इनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा। आप जब भी गुमला आये हमलोगो से जरूर मिले। गुमला के लोगों के दिलों में आपके लिए जगह है। पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा आज आपका यहाँ से स्थानांतरण होने पर हमलोगो आपको विदाई दे रहे हैं, इससे हमलोगो काफी दुखित भी हैं। परंतु यह तो एक सरकारी प्रक्रिया है, आना जाना लगा रहता है। हम सभी के तरफ से आपको शुभकामना है, जहाँ भी रहें खुब तरक्की करें। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा गुमला छोड़ कर जा रहा हूँ इसका मुझे काफी दुःख है। गुमला में आप सभी ने जो प्यार और स्नेह मुझे दिया उसे मैं कभी नहीं भूल सकता हूँ। आप सभी का भरपूर सहयोग मुझे मिला है। इसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूँ। मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, उपाध्यक्ष राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने उपहार प्रदान कर थाना प्रभारी को दी विदाई



**गुमला।** गुमला थाना के स्थानांतरित थाना प्रभारी विनोद कुमार को रविवार को कांग्रेस के सदस्यों ने उपहार प्रदान कर विदाई दी। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि थाना प्रभारी विनोद कुमार ने अपने कार्यकाल में लोगों का दिल जीता है और एक सच्चे व्यक्तित्व का परिचय उन्होंने दिया है। सरकारी नौकरी में स्थानांतरण एक सरल प्रक्रिया है। अकील रहमान ने कहा कि आम लोगों के साथ विनोद कुमार का व्यवहार सदा गुमला शहर के लोग याद रखेंगे।

# सरना समाज ने किया सिरासीता नाला दर्शन यात्रा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** सरना आदिवासी समाज के तत्वाधान में रविवार को सिरासीता नाला ककड़ो लाता दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी शामिल हुए। सर्व प्रथम बरा लगदम परिक्रमा भजन के पश्चात आनादी प्रार्थना के साथ पाहन बाबा के अगुवाई ककड़ों लाता में पूजा किया गया। पूजा के पश्चात केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म अगुवा सरना रत्न दादा, वीरेंद्र भगत का योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। सरना रतन दादा वीरेंद्र भगत की अगुवाई में हम सभी लोग हम आदिवासियों का सृष्टि स्थल सिरासीता नाले दर्शन के लिए उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र भगत बाबा कार्तिक उरांव के राह पर चलते हुए सरना झंडा को पूरा देश में लहराने का काम किया है। नारायण उरांव ने कहा कि हमें सरना कोड मिलने से कोई नहीं रोक सकता है। अगर 2021 का जनगणना हुआ तो हम करोड़ों में सरना धर्म अंकित करने का काम करेंगे। आप सभी लोग यहां उपस्थित होकर अपने पुरखों को याद किया है और आज हम सभी मिलकर यह प्रण लेंगे की पुरखों की बताए हुए राह पर चलते हुए समाज को सुदृढ़ सशक्त एवं तमाम तरह की व्यवस्थाओं को निर्बाध रूप से संचालित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्मठ समाज सेवी सह पूर्व जिला परिषद रातु दक्षिणी श्री अमर उरांव , सोमनाथ उरांव, सुकरा उरांव, टाईगर शनि उरांव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# भंडरा मुखिया संघ की बैठक में विकास कार्यों की तेजी पर चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के भंडरा पंचायत भवन में रविवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमें पंचायत विकास से संबंधित कार्यों को गति देने पर गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली एवं संचालन सचिव सह गडरपो पंचायत के मुखिया सुमित उरांव के द्वारा किया गया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं संबंधित विभागीय कर्मियों के साथ आपसी सामंजस्य की आवश्यकता है। किसी भी स्तर पर उदासीनता हुई तो सरकार के ग्रामीण विकास का सपना साकार नहीं हो पाएगा। बैठक में विकास कार्यों, संघ के कार्यों व समस्याओं, संघ की मजबूती सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि जिस तरह से मुखिया के अधिकार में दिन व दिन कटौती हो रही है। इससे पंचायती राज व्यवस्था ही कमजोर और लचर होगी। बैठक में सभी ने पंचायती राज को मजबूत करने तथा मुखिया के अधिकार को और भी व्यापक बने इसके लिए आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया।

# सदानों के हित में काम करने वाले दल को दें वोट : राजेंद्र प्रसाद


बैठक में शामिल केंद्रीय अध्यक्षराजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में 27 फरवरी को होने वाली मार्च अधिकार रैली की तैयारी को लेकर रविवार को गुमला परिसदन में मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी, क्षितीश कुमार राय शामिल हुए।

मूलवासी सदान मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम, शहीद स्मारक, जिला स्कूल से राजभवन तक विशाल पैदल मार्च रैली आयोजित की गई है। तत्पश्चात सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा।। इस रैली मार्च में राज्य के समस्त जिलों के सदान शामिल होंगे। मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा उसी दल को वोट करें ,तब ही सदानों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया जा रहा है। जबकि सदान पहले से ही बहुत सारे जिलों में सांसद ,विधायक, नहीं बन पाते हैं। इसके बाद भी सदानों को प्रमुख ,मुखिया ,जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा इतना ही नहीं पिछड़ों का राज्य में 55% आबादी होने के बाद भी 14% आरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अंतिम सर्वे के आधार पर स्थानीय नीति तथा नियोजन नीति जल्द से जल्द बनाकर राज्य में बेरोजगारी से जूझते झारखंडी छात्रों को रोजगार देने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा मूलवासी सदान आयोग का गठन करने तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने 36%से 50% आरक्षण पिछड़ी जातियों को देने , जातीय जनगणना कराने व सदान वर्ग से आने वाले सवर्णों का भी सर्वेक्षण कराने और पिछड़ी जातियों का गुमला सहित सात जिलों में आरक्षण शून्य है। उसमें सुधार करने को लेकर यह रैली आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में विधानसभा सभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केन्द्र सरकार से की है। जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय सदान वर्ग से आते हैं इसलिए हिंदू मुस्लिम दोनों अपने अधिकारियों को समझें।

बैठक में अजित विश्वकर्मा, मनोज वर्मा, सहदुल मंसूरी, भीकू सिंह, जलील अली, चंद्रनाथ प्रसाद, सुरेश श्रीवास्तव आदि प्रमुख उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अनियंत्रित ट्रक ने रेलवे रेलिंग को तोड़ा

**कुमारधुबी।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद भी चिरकुंडा थाना अंतर्गत दिन और रात में बालू और कोयले की तस्करी आम बात हो गई है। इसका खुलासा शनिवार रात को हुआ। जब एक ओवरलोड ट्रक ने बलियापुर चिरकुंडा मुख्य सड़क के जूनकुंदर झिलिया पुल समीप रेलवे द्वारा लगाए गए रेलिंग को कई टुकड़ों में तोड़ दिया। इस घटना से ट्रक के रफ्तार को भी समझा जा सकता है। जोरदार आवाज से आसपास के लोगों को भयभीत कर दिया। लोग घर से बाहर आए तो देखा एक रौंधती ट्रक रेलिंग को तोड़कर आगे निकल रहा है। परंतु संजोगवश कुछ आगे फिर एक रेलिंग था। इसी कारण ट्रक भाग नहीं पाया और स्थानीय लोगों के हथ्ते चढ़ गया। ट्रक पर रखे सामानों की ऊंचाई ट्रक से दुगुनी थी।

# दिसोम जाहेर थान में हुई माघ पूजा

### संथालपरगना के मरांग बुरू अनुयायी कार्यक्रम में हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दिसोम जाहेर थान में पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार रविवार को माघ पूजा संपन्न हुई। पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन ने किया। पूजा में संथाल परगना के विभिन्न हिस्सों से मरांग बुरू अनुयाई शामिल हुए। पूजा में बलि के रूप में दी गई मुर्गा का खिचड़ी प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। पूजा के बाद सभी दिसोम मांझी थान के परिसर पहुंच बैठक की। बैठक की अध्यक्षता दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी ने की। बैठक में मांझी बाबा श्री मरांडी ने एक साल का कार्यकाल बखूबी निभाते हुए साल भर के कार्यों को बताते हुए सहयोगी और बैठक में मौजूद सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए निरूस्वार्थ भाव से आगे भी ऐसे ही मिलजुल कर कार्य करने को कहा। माघ पूजा के साथ ही मांझी बाबा का कार्यकाल एवं उनके सहयोगी सभी पदधारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। बैठक में पुनः नए सिरे से इस साल के नए पद धारियों का चुनाव आगामी 25 फरवरी की तिथि घोषणा की गई। बैठक में संथाल परगना के सभी मरांग बुरु अनुयाई एवं आतो मोड़ें होड़ को आवश्यक रूप से शामिल होने को आग्रह किया है। नए सिरे से नए मांझी और उनके सहयोगी पद धारियों का चुनाव में अपना भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

**बैठक में थे शामिल**

बैठक में टेकलाल मरांडी सुरेशचंद्र सोरेन सुशील मरांडी बिनिलाल टुडू प्रेम हांसदा बादल चंद्र हांसदा स्टेनली हेंब्रम बिमल हेंब्रम लयेंदो मुर्मू सुनील मरांडीए अमीन बास्के रघुनाथ हांसदा शिव मरांडी चुंडा मुर्मू श्यामलाल हेंब्रम आदि मौजूद रहे।

## केएमसीईएल के खिलाफ कोर्ट जायेंगे ग्रामीण

**कुमारधुबी।** केएमसीईएल के नीलामी के बाद से ही आस पास के लोगो को घर छीने जाने का डर सताने लगा है। इसके साथ ही बागानधौडा और आस पास कें क्षेत्र में पारित हुई योजना ठप हो गया है। जिला प्रशासन के द्वारा एनओसी नही दिए जाने से नाराज स्थानीय इसको लेकर अब न्यायालय की ओर रुख करने का मन निवर्तमान उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बना लिया है। रविवार सुबह जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में कुमारधुबी बचाओ समिति ने बैठक कर आगे की रणनीति बनाने का मन बनाया। उपाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी कीमत पर यहां के लोगों को उजड़ने नही दिया जाएगा। लंबे अरसे से काम कर रहे मजदूरों का बकाया भुगतान को लेकर भी माननीय न्यायालय का रुख करेंगे। उन्होंने बताया कि नगर परिषद ने कई योजनाएं पारित करने का काम किया है।

# सिंदरी : शिविर में 75 मरीजों का हुआ लेंस प्रत्यारोपण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेवाभावना की मिसाल कायम करते हुए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड चासनाला द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय सिंदरी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुफ्त मोतियाबिंद चिकित्सा शिविर रविवार को संपन्न हो गया। रोटरी क्लब सिंदरी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में कुल लगभग 189 मरीजों के नेत्रों की जांच की गई। इनमें 75 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण कर सफल आपरेशन किया गया। शिविर की समाप्ति पर सभी मरीजों को एक महीने की दवा और चश्मा दिया गया। धनबाद जिले के अलावे पंजाब से आए हरभजन सिंहए बिहार के जोगेंद्र आदि ने भी कैंप में इलाज कराया। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष आदित्य सिंह ने सभी मरीजों का कैंप में भरोसा जताने के लिए आभार प्रकट किया है। क्लब के रिशभ अग्रवालए राहुल अग्रवाल एवं डॉ परवेज ने कार्यक्रम को सफल समापन पर संतोष जताया।

# गोड्डा के विविध क्षेत्रों में बेहतर संभावनाओं पर वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला प्रशासन और वन प्रमंडलीय पदाधिकारी के संयुक्त प्रयास से गोड्डा प्रमंडलीय कार्यालय गोड्डा में दो घंटे का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में जिले के तमाम पत्रकारों मीडिया कर्मियों बुद्धिजीवियों सामाजिक कार्यकताओं को भी आमंत्रित किया गया था । कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया और कार्यक्रम में अबुल कलाम आजाद ए पी पी गोड्डा के साथ सुरजीत झा प्रो रंजन बहादुर भी उपस्थित थे । मेजबान स्वागत कर्ता मौन प्रकाश वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ जिला जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार अपनी जिम्मेदारिबका बखूबी निर्वाह कर रहे थे । एएसडीओ गोड्डा कुछ देर बाद आए कार्यक्रम में लेकिन मिथिलेश कुमार दिलीप गुप्ता कल्पना आदि जन संपर्क विभाग के कर्म चारियों द्वारा भी स्वागत किया गया। मेजबान ने परिचर्चा में कुछ चुने हुए लोगों को ही अपने विचार रखने हेतु आमंत्रित किया गया था समय की कमी की वजह से उपस्थित कई लोगों को अपने विचार रखने के मौके ही नही दिए गए । परिचिर्चा में कौन क्या कहना चाहता था विचार स्पष्ट ही नही हो पाया ।गोड्डा जिले में संभावनाओं के विविध क्षेत्र एवं भविष्य जैसे प्रमुख विषय पर आधार भूत संरचना एग्लोबल वार्मिंग से जलवायु में आए मौसम में परिवर्तन एझारखंड और वनांचल के नाम से ये राज्य जाना जाता है यहां की खासियत है जलए जंगलए और जमीन का संरक्षण एसंवर्धन और उपयोग । पहाड़ों में बसने वाले पहाड़ियों की निरंतर घटती जनसंख्या जो आजादी बाद के हुए जनगणना में से 24ः की कमी आई है ।विलुप्त होती इन प्रजातियों की चिंता न राज्य सरकार को है ना नेताओं को। आज भी गोड्डा जिले के पिछड़े इलाके में सड़क नही एशिक्षा के नाम पर सिर्फ तनख्वाह उठाने वाले मास्टर जो साल में दो तीन बार अपने स्कूलों में उपस्थित होकर एक मोटी तनख्वाह प्राप्त करते हैं इनकी जांच भी नही होती है पदाधिकारियों को इतनी फुरसत कहां। स्वास्थ्य का ये आलम है की ८बच्चों की मौत के बाद प्रशासन की नींद खुली जो सुंदर पहाड़ी मे मलेरिया से पीड़ित होकर बच्चे काल के गाल में समा गए।

# बड्स गार्डन स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** बड्स गार्डन स्कूल राजगंज में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव प्रतिस्पर्धा 2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद के आरक्षी अधीक्षक शहरी अजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर और मशाल जलाकर रविवार को किया। इस दौरान खेल ध्वज लहराया गया तथा शांति और सद्भावना की कामना के साथ रंग.बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। स्कूल के सुप्रसिद्ध बैगपाइपर ग्रुप तथा एनसीसी कैडेट की सलामी मुख्य अतिथि को दिया गया। सभी हाउस और ग्रुपों की टीमों ने मंत्र मुग्ध कर देने वाले ड्रिल नृत्य व रंग.बिरंगे गुब्बारे और झंडे लेकर मैदान में अलग.अलग करतब दिखाए। खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से 100 मीटर दौड़ए 75 मी दौड़ए गोला फेकए भाला फेंकए ऊंची और लंबी कूदए 100 गुना 4 रिले रेसए साइकिल रेस वॉलीबॉल तथा कबड्डी का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक समिति में अजय रावतए ए बी दासए संतोष कुमार आदि काफी सक्रिय दिखे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के खेल शिक्षकों दीपक कुमार प्रदीप कुमारए सरोज कुमार परवेज आलमए कुसुम पत्रए रूबी रजकए अर्चना सिंह रंजना सिंह रिमझिम सिंह एलन रॉबिंसन अनामिका दीप्ति रजिया बानो शिवम भारद्वाज ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### बिरसा मुंडा स्टेडियम में सारजोम बेड़ा फुटबॉल चैंपियनशिप



# रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय सारजोम बेड़ा फुटबॉल चैंपियनशिप रविवार को सम्पन्न हुई। टूर्नामेंट के फाइनल महामुकाबला रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ ने बिरसा मुंडा एफसीए रांची की टीम को 2.1 से हरा कर विजयी होकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। अंतिम दिन टूनार्मेंट पहला सेमीफइनल मैच एफसी हजारीबाग बनाम रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ के बीच हुई। जिसमे रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ 2.0 से विजयी हुआ। जिसमे मैन ऑफ द मैच रायपुर एफसीएछत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अमित टुडू बने। दूसरा सेमीफाइनल बिरसा मुंडा एफसीएरांची बनाम एकता क्लबएभुरकुण्डवा छोटा नागपुर के बीच हुई। जिसमे बिरसा मुंडा एफसीए रांची की टीम 3.1 से विजयी रहा। फाइनल मैच रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ ने बिरसा मुंडा एफसीए रांची की टीम के बीच हुईं। जिसमे रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ 2.1 से जीत हासिल किया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि झामुमो के बोरियों विधायक लोबिन हेम्ब्रमए पूर्व मंत्री डॉ लुइस मरांडीए सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार सिंहए डीडीसी अभिजीत सिन्हाए डीएमओ कृष्ण किस्कूए डीईओ आशीष कुमार हेम्ब्रम एवं चिकित्सक डॉ तुषार ज्योति ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच में विजेता टीम रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ को 4 लाख नगद एवं उपविजेता टीम बिरसा मुंडा एफसीए रांची को 3 लाख नगद देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। दूसरे और चौथे स्थान प्राप्त करने वाले टीम को अतिथियों ने 75.75 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया। मैच में मैन ऑफ द टूनार्मेंट रहने वाले रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अमित टुडू 25 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट स्कोरर ऑफ द टूनार्मेंट रहे बिरसा मुंडा एफसीए रांची टीम के खिलाड़ी ऑर्टिगा को 5 हजार रुपये से सम्मानित किया गया। बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूनार्मेंट रहे रायपुर एफसीए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राणा चक्रवर्ती 5 हजार रुपये नगद से सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट मे कुल 16 प्रतिभागी टीम सम्मलित हुए। टीमों में अफ्रीका महादेश से आये विदेशी मूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। कमेंटेटर टीम में तुषार सोरेन और जुनस हेम्ब्रम की शानदार प्रस्तुति रही।

## हलमाद हेल्थ सेंटर में 24/7 स्वास्थ्य सेवा शुरू

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल अंतर्गत प्रखंड के हलमाद स्थित हेल्वेथ एंड वेलनेस सेंटर में शनिवार से चिकित्सक कर्मियों की रोस्टर ड्यूटी शुरू हो गई। जहां शनिवार की रात हलमाद निवासी गर्भवती महिला मधु देवी की सफल प्रसव कराया गया। वेलनेस सेंटर में अब24 गुणा 7 स्वास्थ्य सेवा का प्रारंभ कर दिया गया। अब यह अस्पताल चौबीस घंटे खुला रहेगा। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि अब अस्पताल में ओपीडी और जांच के अलावा प्रसव की व्यवस्था और इमरजेंसी सेवा भी बहाल कर दी गई। इसके लिए चिकित्सक.कर्मियों की डयूटी लगा दी गई है। बताया जाता है कि विधायक द्वारा चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल को चौबीस घंटे चालू करने को लेकर हिदायत दी थी।

# तिलका मांझी की जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम

### आदिवासियों के रंग में रंगे अतिथि



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** सिंदरी के एसएलटू पानी टंकी के समीप बाबा तिलका मांझी फुटबॉल मैदान में संथाल समिति द्वारा आयोजित भारत की आजादी के पहले स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के जयंती समारोह में अतिथियों का जमावड़ा लगा। सभी अतिथि आदिवासियों के रंग में रंगकर तीर कमान के साथ दिखाई दिए। इसका नेतुत्व पारो सोरेन युधिष्ठिर टुडू और अनिल मुंडा ने किया। कार्यक्रम में एसडीपीओ सिंदरी भूपेन्द्र राउत एसपीएम इंटर कॉलेज सिंदरी अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह सिंदरी विधायक धर्मपत्नी तारा देवी धनबाद विधायक राज सिन्हा जिला परिषद सदस्य उषा महतो और एसपीएम इंटर कॉलेज प्राचार्य डॉ जे के बनर्जी ने पारंपरिक रूप में तीर कमान संभाला। अतिथियों ने बाबा तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद बाबा तिलका मांझी संथाल समिति के द्वारा लड़के और लड़कियों का फुटबॉल का फाइनल मैच करवाया गया। इसके साथ ही पुरुषों के लिए तीरंदाजी महिलाएं एवं बच्चियों के लिए मैजिक चीयर हांडी फोड़ सुई धागा चम्मच रेस हाथ से बोतल में पानी भर और बच्चों का 100 मीटर दौड़ बिस्कुट रेस आदि खेलो का आयोजन किया गया। आदिवासी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अतिथियों का मन मोह लिया गया। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान धनबाद विधायक राज सिन्हा मांदर बजाते और नाचते हुए देखे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता दिनेश सिंह रंजीत सिंह अरविंद पाठक जितेंद्र सिंह देवनाथ हेंब्रम आकाश सोरेन प्रकाश हेम्ब्रम राहुल मुर्मू राहुल किस्कू आदि उपस्थित थे।

# एसकेएमयू के लोकपाल बने मनोरंजन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को विश्वविद्यालय का लोकपाल नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के निदेर्शानुसार कुलसचिव ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रो सिन्हा को अधिकतम 3 वर्ष या 70 वर्ष का आयु पूरा करने तक विश्वविद्यालय का लोकपाल बने रहेंगे। ज्ञात हो डॉ मनोरंजन प्रसाद सिन्हा एसकेएमयू के कुलपति रह चुके है और राँची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर है। उक्त नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह द्वारा यूजीसी और राजभवन से प्राप्त एक चिट्ठी के आलोक में विज्ञापन जारी कर किया गया है। यहाँ बता दे एसकेएमयू प्रशासन ने लोकपाल की नियुक्ति के लिए 2 फरवरी को विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन का अंतिम तिथि 8 फरवरी निर्धारित किया गया था। यूजीसी की छात्र शिकायत निवारण अधिनियम 2023 के अनुसार सभी विश्वविद्यालयों को एक ऐसे व्यक्ति को लोकपाल नियुक्त करना था। जो सेवानिवृत्त कुलपतिए सेवानिवृत्त प्रोफेसर या पूर्व जिला न्यायाधीश रहे हो। यूजीसी के छात्र शिकायत निवारण अधिनियम 2023 के अनुसार विश्वविद्यालय और कॉलेजों के छात्रों की समस्याओंए उत्पीड़न और शोषण की सुनवाई लोकपाल करेंगे। लोकपाल नामांकनए कोर्सए परीक्षा के संचालन में अथवा मूल्यांकन की प्रक्रिया में गड़बड़ी के मुद्दों सहित अन्य मामलों पर छात्रों की शिकायत.अपील के आधार पर कार्रवाई करेगे। लोकपाल कथित रूप से किये गये भेदभाव की शिकायतों की सुनवाई करने के लिए न्याय मित्र के रूप में किसी भी व्यक्ति की सहायता प्राप्त कर सकता है। लोकपाल पीड़ित छात्र से अपील प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर शिकायतों का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

**कौन हैं मनोरंजन प्रसाद सिन्हा**



प्रो मनोरंजन प्रसाद सिन्हा रांची विश्विद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विभाग के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हो चुके है और वर्ष 2017 से 2020 तक एसकेएमयू के कुलपति रह चुके है। इनसे पूर्व वे बिनोबा भावे विश्विद्यालय हजारीबाग में प्रतिकुलपति का पद संभाल चुके है। राँची विश्विद्यालय में वे विभागाध्यक्षए संकायाध्यक्ष सहित विश्विद्यालय के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। प्रो सिन्हा यूनिवर्सिटी सर्विस से 2022 में सेवानिवृत्त हो चुके है। एसकेएमयू के कुलपति रहते हुए अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। जिसमें ऐकडेमिक भवन एवम प्रसाशनिक भवन का निर्माणए पुलिस पोस्ट की स्थापनाए शहीद टीला का निर्माण आदि शामिल है। उक्त के अतिरिक्त आज भी अनियमित सत्र को नियमित करने के लिए उनके द्वारा किया गया प्रयास का सराहा जाता है।

# समर्पण दिवस के रूप में मनी पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

### भाजपा के संस्थापक सदस्य की मनाई गई 56वीं पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि पर सिंदरी स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय जिला संयोजक कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला संयोजक सह वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि पंडित जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रुप में मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनकी पुण्यतिथि पर बिजली कनेक्शन से वंचित ग्रामीणों को दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना से जोड़ रही है। केंद्र सरकार दीनदयाल अंत्योदय योजना को कौशल विकास और अन्य उपायों के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि कर शहरी और ग्रामीण गरीबी को कम करने का उद्देश्य है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता दिनेश सिंहए युवा भाजपा नेता संजय सिंहए जिला कार्यसमिति सदस्य बृजेश सिंहए कामेश्वर सिंहए सुनील सिंहए नंदकिशोर सिंहए ओम प्रकाश सिंहए कुंदन श्रीवास्तवए नकुल सिंहए सुभाष सिंहए गुरुचरण सिंहए रवि कुमारए धर्म उपाध्यायए जगदीश सिंहए नीरज कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि मनी**

**राजगंज।** प्रखर राष्ट्रवादी उत्कृष्ट संगठनकर्ता अंत्योदय व एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि गोबिन्दाडीह पंचायत अन्तर्गत बूथ संख्या 297 डोमनपुर के सामुदायिक भवन में प्रवासी नीलकंठ रवानी के नेतृत्व में रविवार को मनाया गया। नीलकंठ रवानी ने उपस्थित ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से उनके सादगी एवं उनके विचारधाराओं के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी। उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि देने के बाद 2 मिनट का मौन धारण किए। श्रद्धांजलि सभा में युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश चन्द्र रवानीए जीतन महतोए अंजना देवीए वीणा देवीए दिलीप कुमार महतोए अनिल महतोए मनीष कुमार महतो ए किशोर रवानीए शुकदेव चौधरीए राबड़ी देवीए लुखिया देवीए लक्ष्मी देवीए रीता देवीए आरती देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बेरमो : इनमोसा ढोरी क्षेत्र ने किया वनभोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** भंडारीदह स्थित दामोदर नदी पुल किनारे इनमोसा ढ़ोरी क्षेत्र के द्वारा वनभोज सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहाँ इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह का सीसीएल बोकारो एवं करगली क्षेत्र के बोकारो कोलियरी से सिनियर ओवरमैन पद से सेवानिवृत होने पर सम्मान- समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि नव नियुक्त माइनिंग स्टाफ से यह अपेक्षा है कि अपने कार्य में तत्पर रहते हुए कंपनी को नई ऊंचाई पर ले जाए, कोल इंडिया नई बुलंदियों को छुएगी तो इसमें कार्य करने वाले सभी लोगो का भविष्य भी उज्वल होगा। माइनिंग स्टाफ की महता को इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है की अभी बहाली सिर्फ माइनिंग स्टाफ की हो रही है। मौके पर परियोजना पदाधिकारी के आर सत्यार्थी व शैलेश प्रसाद ने कहा कि विजय सिंह इनमोसा का नेतृत्व करते हुए सीसीएल प्रबंधन साथ मधुर संबंध रखना बिरले व्यक्ति ही कर सकते है जो इन्होंने बखूबी किया। जिससे प्रबंधन के साथ वार्ता करके अपनी बातों को मनवाना उनकी कुशलता को दशार्ता है। सेवानिवृति के बाद भी संगठन में इनकी नेतृत्व इस बात से दशार्ता है कि वे अपने संगठन के लोगो के बीच कितने लोकप्रिय है।

## स्पीड न्यूज

### समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि


कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में समर्पण दिवस मनाया गया। जहां मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिकृष्ण सिंह उपस्थित रहे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, कल्याणी पांडे, उषा देवी, जिला महामंत्री बंशी यादव, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पाण्डेय, जिला कार्य समिति सदस्य अनिल सिंह, आनंद सिंह,ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता, अश्विनी सिंह, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, कांति देवी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, उषा देवी, प्रदीप सिंह, ननदेव सिंह, संजय जयसवाल, बबन पासवान, नेपाली यादव, नागमणि समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने बालूमाथ का किया दौरा

**बालूमाथ।** झारखंड राज्य के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र साव रविवार को बालूमाथ का दौरा किया। व कार्यकताओं व अपने समर्थकों के साथ होटल मनोकामना में एक बैठक की व कहा कि आगामी 14-15 फरवरी को गढ़वा जिला में न्याय यात्रा में राहुल गांधी का आगमन हो रहा है। इस न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से मुझे कांग्रेस पार्टी अगर प्रत्याशी बनाती है तो मैं इस क्षेत्र का सेवा करने को तैयार हूं। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए कार्यकताओं से कहा कि आप चुनाव की तैयारी में लग जाए। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, विजय प्रसाद, राजेश साहू, राजेंद्र साव, दिनेश प्रसाद, विनोद साव, शिवनारायण साब, विशाल कुमार गोलू, अमित कुमार, समेत कई लोग मौजूद थे।

### लोककल्याण का कार्य कर रही है केंद्र सरकार : अजय सोनी


समर्पण दिवस मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** बरवाडीह और छिपादोहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा बूथ संख्या 35/37 और 69/70 में जनसंघ के संस्थापक रहे श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने श्रद्धेय उपाध्याय जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर मां भारती की सेवा की। सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रेरणा और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अन्तिम पायदान पर खडे.व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखकर लगातार लोककल्याण के लिए कार्य कर रहें है। मौके पर मनोज यादव, जगदीश शाह, हरेंद्र प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, उपेंद्र शाह और अनु वर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### छात्र-छात्राओं को उत्साहित करने में सहायक है शैक्षणिक यात्राएं : सुनील ठाकुर


शैक्षणिक भ्रमण करते स्कूल के छात्र -छात्राएं।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत लुहुर ग्राम में संचालित ब्राइट चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस के मौके पर छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ मानसिक ज्ञान के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को बरवाडीह के विभिन्न पर्यटक स्थल जिसमें पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, म्यूजियम एवं केचकी संगम आदि का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रझछात्राओं में काफी उत्साह देखा गया उन्होंने इस यात्रा का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय के संचालक सुनील कुमार ठाकुर ने बताया कि वह छात्रों को प्रतिवर्ष विभिन्न ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराते है, ताकि छात्रों को यह अनुभव और जानकारी हो सके कि हमारा पर्यावरण कितना अद्भुत और हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। कहा कि छात्र अपने दिन के अधिकांश समय कक्षा की चारदीवारी तक ही सीमित रहते है ऐसे में शैक्षिक यात्राएँ एक चमत्कारिक तनाव निवारक के रूप में काम करती हैं। वहीं भ्रमण के दौरान शिक्षिका नैंसी कुमारी, लवली कुमारी, रूबी कुमारी, राहत अंजुम, शिक्षक प्रिंस कुमार सिंह, लौकेश कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, बलदेव सिंह और नंदू सिंह के साथ स्कूल के कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में उमड़े श्रद्धालु

# विधायक रामचंद्र सिंह ने देवी मण्डप का विधिवत रूप से पूजन कर किया उदघाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप नवनिर्मित देवी मंडप में देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय अनुष्ठान यज्ञ और भंडारे के साथ रविवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आखिरी दिन देवी मां को डोली में बिठाकर श्रद्धालुओं द्वारा पूरे छिपादोहर में भ्रमण कराते हुए देवी मंडप नौ देवी मां की पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया। शहर भ्रमण के दौरान माता रानी के नौ रूप की झांकी एवं शंकर पार्वती जी की झांकी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इस दौरान पूरा छिपादोहर क्षेत्र माता रानी की जयकारों से गूंज रहा था। इसके पूर्व देवी मंडप का उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, मुखिया बेरोनिका कुजूर द्वारा फीता काट कर किया गया। विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान सदैव हमें सामाजिक समरसता, भाईचारा, जीवदया आदि का संदेश देते रहे है। हमें भी इनसे प्रेरणा लेकर न केवल माता-पिता, गुरु एवं जीव की सेवा करना चाहिए। बल्कि समाज में आपसी मेलजोल को बढ़ावा देते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने में भी आगे रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन किया गया था। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडली के संरक्षक दीपा देवी, माधुरी देवी एवं मंजू देवी के साथ-साथ अरुण प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, पवन गुप्ता, राजू प्रसाद, निजामुद्दीन अंसारी, रविंद्र राम, विजय यादव, श्रवण सिंह, डॉक्टर सुशील कुमार, सुरेंद्र राम, आनंद प्रसाद, दीपक प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी एवं काफी संख्या में महिला मंडली की महिलाएं और राम भक्त मौजूद थे।


नवनिर्मित देवी मण्डप का उदघाटन करते विधायक।

### चंदवा में समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि


चेटर में पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाते भाजपाई।

● ग्रामीणो को दी गयी मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी

**चंदवा।** चंदवा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को मंडल के विभिन्न बुथो में कार्यक्रम आयोजित कर जनसंघ के संस्थापक रहे श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत बुथ संख्या 280/281, छातासेमर रामपुर में बुथ संख्या 269/270/272, बारी में बुथ संख्या 273, बुथ संख्या 281 समेत प्रखंड के विभिन्न बुथो में गांव चले अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दीपक निषाद, राजन भागत व अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्रामीणो को केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी गयी व दिवार लेखन के माध्यम से फिर से एक बार मोदी सरकार के संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के मौके पर मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मनिष कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह किसान सभा के मंडल उपाध्यक्ष राजन भगत, मिनाक्षी देवी, यमुना चौधरी समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

## कार के धक्के से युवक की मौत के बाद हिसरी में 4 घण्टे जाम रहा एनएच, प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटा

● थाना प्रभारी शुभम कुमार ने अपने निजी कोष से दस हजार रुपए परिजनों को दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शनिवार देर शाम लगभग छः बजे के करीब जोबिया गांव के समीप कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार जयजीत मिंज उम्र करीब 46 ग्राम हिसरी निवासी की मौत के बाद शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े दस बजे तक एनएच-99 रांची-चतरा जाम रहा। घटना के बाद मृतक के परिजन व आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना के बाद थाना प्रभारी शुभम कुमार के निर्देश पर एसआई जमील अंसारी, नरायण यादव, निलेश कुमार, दिब्यप्रकाश सिंह, सुनील टुटी, रंजय कुमार, भीम कुमार, कुंदन कुमार, चौंकीदार संतोष प्रजापति जाम स्थल पर पहुंचे व परिजनों से वार्ता की, वार्ता के क्रम में थाना प्रभारी शुभम कुमार द्वारा अपने निजी कोष से परिजनों को दस हजार रुपए नकद उपलब्ध कराया, इसके बाद भी परिजन नहीं मांने तो उन्हें काफी समझाया बुझाया गया व सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद जाम खत्म कर दिया गया। जिसके बाद देर रात्रि हीं पुलिस शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आई आवश्यक कानुनी प्रक्रिया पुरी कर अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया है। इधर असमय घटना से परिजन रो-रोकर बेहाल और गमजदां हैं, परिवार के समक्ष इस समय दुखों का पहाड़ टुट पड़ा है, घर में कमाने वाला यह मुख्य व्यक्ति था, बस गाड़ी में खलासी का काम कर किसी तरह अपने बीवी बच्चों का भरण पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और एक लडकी को छोड़कर चला गया है। परिजनों ने उपायुक्त के पदनाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा है जिसमें मृतक के आश्रित को नौकरी दिलाने, बीस लाख मुआवजा देने, सरकार के खर्च पर बच्चों की पढ़ाई कराने, आवास और पेंशन की सुविधा दिलाने, पारिवारिक लाभ योजना के तहत राशि का भुगतान कराने, अनाथ योजना के तहत बच्चों को पेंशन देने की मांग की गई है। मौके पर पंसस अयुब खान, चंद्रदेव उरांव, निरंजन मिंज, तरेण मिंज, सुमंती देवी, बिलचन मिंज, फुलो देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


जामकर्ताओं को समझाती प्रशासन।

# रेलवे ट्रेक के समीप पत्रकार का शव मिलने से सनसनी

● झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने घटना पर जताया दुख, जांच की मांग

● पुलिस के अनुसार ट्रेन के धक्के से हुई है पत्रकार अजय सिन्हा की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय नवीन मेल के लातेहार जिला ब्यूरो अजय सिन्हा की डेड बॉडी रविवार को रेलवे ट्रेक के समीप मिलने से पत्रकार जगत में सनसनी फैल गई। शरीर और चेहरे पर मिले जख्म के निशान से सुनियोजित हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस हत्या या एक्सीडेंट इसकी गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। इधर राज्य में आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले और हत्याएं से पत्रकार जगत में आक्रोश देखा जा रहा है। झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने जिले के वरिष्ट पत्रकार अजय सिन्हा की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। पत्रकार की मौत का मामला सामने आने के बाद ऐसा लगता है कि पत्रकारों के लिए, दुनिया में हर स्थान जोखिम से भरा है। जिला प्रशासन को इस घटना पर कड़ा एक्शन लेना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि हमारी संवेदनाएं अजय सिन्हा के परिवार के साथ हैं। हम सभी पत्रकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस पीड़ा को सहने की शक्ति परिजनों को दें।


अजय सिन्हा फाईल फोटो।

**घटना के बाद लातेहर जिले के पत्रकारों ने किया शोक प्रकट**

शोक प्रकट करने वाले में चंद्रप्रकाश सिंह, सुनील प्रसाद, आशीष टैगोर, राजीव मिश्रा, बद्री प्रसाद, संजीव गुप्ता, संजीव गिरी, मनीष उपाध्याय, नीरज सिन्हा, बीरेंद्र प्रसाद, योगेश प्रसाद, पंकज प्रसाद, विवेक सिन्हा, उत्कर्ष पांडे, रोशन कुमार, मुकेश सिंह, विभूति नाथ सिंह, रामकुमार राम, संजय प्रजापति, राजेश प्रसाद, विकास तिवारी, राहुल पाण्डेय, रुपेश कुमार, अमित दास, सौरभ कुमार गुप्ता, मनोजदेव दत, रुपेश अग्रवाल, धीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद समेत जिले भर के पत्रकारों ने शोक प्रकट किया है।

## मुखिया व जिप प्रतिनिधि ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत में रविवार को मुखिया सुनिता खलखो व जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी के पति सह प्रतिनिधि रोहित यादव ने संयुक्त रूप से मदन राम के घर से रामचंद्र राम के घर तक नव निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। उक्त पीसीसी पथ 15 वें वित्त से लगभग 2 लाख 48 हजार रूपये की लागत से बना हैं। इस मौके पर रोहित यादव व मुखिया सुनिता खलखो ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना व योग्य लाभुको तक इसका लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिक्ता है। उक्त पीसीसी पथ के बनने से गांव के लोगो को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर मौके पर रवि राम, रामचंद्र राम, मदन राम, संगीता देवी, रुक्मिणी देवी, सावित्री देवी, मिथिलेश सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।


पीसीसी पथ का शुभारंभ करते अतिथि।

### शिव, शनि, हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**चंदवा।** सुभाष चौक ब्रह्म स्थल स्थित शिव, शनि हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण में रविवार को धर्म प्रेमियों की बैठक संपन्न हुए। बैठक की अध्यक्षता लाल प्रदीप नाथ शाहदेव ने किया। बैठक में मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमे 14 फरवरी सरस्वती पूजा के दिन वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मंदिर में प्रतिष्ठित देवी देवताओं के पूजन किया जाएगा।

## मनिका प्रखंड में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का किया गया आयोजन

# धन्य हैं वो पुत्र जो खेल के माध्यम से पिता के यादों को ताजा रखे हुए हैं : बबन कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के खेल के मैदान में दिन रविवार को स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू के पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू एवं सुजीत कुमार साहू के द्वारा अपने पिता के याद में यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट 2024 का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि समाजसेवी बबन कुमार,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,जिप सदस्य बलवंत सिंह,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित सभी ने राष्ट्रीय गान के साथ ही वीर शहीदों को नमन किया जिसके बाद शुरूआती मैच का आरंभ किया गया। मौके पर समाजसेवी बबन कुमार ने कहा कि आज के समय में ऐसे पुत्र का होना बहुत ही सौभाग्य की बात है जो अपने पिता के याद में प्रत्येक वर्ष खेल का आयोजन करते हैं और लोगों के दिलों में अपने पिता की यादों को ताजा रखे हुए हैं,धन्य हैं स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू जिनके राजीव रंजन कुमार साहू,रंजीत कुमार साहू एवं सुजीत कुमार साहू जैसे पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देना और लोगों को खेल के प्रति जागरूक करना बहुत ही सराहनीय कार्य है इसके लिए मैं इन्हें दिल से धन्यवाद देता हूं। वहीं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू आज हम लोगों के बीच में नहीं है लेकिन उनके पुत्र हम लोगों को कभी भी उनकी कमी महसूस नहीं होने देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू बहुत ही नेक दिल इंसान थे वह हमेशा ही गरीबों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल को हमेशा खेल की ही भावना से खेलने की बात कही। मौके पर शिक्षक चंदन पासवान, विजय प्रसाद, सुरेंद्र भारती, अंकित कुमार, उत्तम कुमार, रंजीत प्रसाद, शिव प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।


दीप प्रज्वलित करते व फीता काटते लोग।

## एक नजर में

### सनातन धर्मलंबियों की बैठक संपन्न देव स्थल पर अवैध कब्जा के प्रयास का किया विरोध

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा ग्राम में रविवार को सनातन धर्म लंबियों की एक बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में सेरेगड़ा में स्थित देवस्थान, जतरा एवं मौसी बड़ी समेत हिंदू समाज के आस्था केंद्र स्थल पर गांव के ही महफूज मियां द्वारा फर्जी कागजात बनाकर जबरन कब्जा का प्रयास किए जाने क पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि महफूज मियां सनातन धर्म के अधिकांश देवस्थान पर फर्जी कागज बनाकर अवैध कब्जा का प्रयास कर रहा है एवं उसके द्वारा धमकी दी जा रही है कि लातेहार एसडीएम मोहम्मद परवेज मेरा रिश्तेदार है हमें कोई बाल बांका नहीं बिगाड़ सकता है। महफूज मियां द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि मेरे पास बहुत पैसा है इसलिए थाना, अंचल एवं एसडीएम सब मेरे पक्ष में हैं। ज्यादा बोलोगे तो एक-एक कर उठा लेंगे। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि इस मामला को सेरेगड़ा में बनाए गए शांति समिति की एक बैठक 17 फरवरी को रखी जाएगी एवं उसी बैठक में महफूज मियां द्वारा देवस्थल भूमि पर कब्जा पर चर्चा की जाएगी। एवं इसका निराकरण करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में यह कहा गया कि महफूज मियां द्वारा धार्मिक स्थलपर फर्जी कागजात बनाकर कब्जा का प्रयास करेगा तो हम सनातनी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। इस बैठक में ईश्वरी लाल, मोहन पांडे, रौनक यादव, करू यादव, बिंदेश्वर उरांव, नारायण साव, विजय कुमार ठाकुर, पप्पू साव, जयलाल उरांव, सुगन उरांव, पूरन उरांव, तुलसी साव, शुभम पांडे, रंजीत कुमार, गौरी यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### प्रशासनिक आदेश को धत्ता बता कर हाई स्कूल की विवादित जमीन पर बाउंड्री किये जाने का आरोप

● विद्यालय की जमीन को संरक्षित करने पर प्रशासन के साथ सांसद, विधायक, जनप्रनिधि व राजनीतिक दल नहीं ले रहे सुद


किया गया चाहर दिवारी निर्माण।

**चंदवा।** स्थानीय प्लस 2 हाई स्कूल की जमीन पर लंबे समय से कब्जे को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक पक्ष के रूपेश उरांव के द्वारा रविवार को उठाते हुए जमीन पर बाउंड्रीवॉल निर्माण कर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन व लोगो का आरोप है कि उक्त कार्य प्रशासनिक आदेशो को धत्ता बताते हुए किया गया है। चहारदीवारी निर्माण किये जाने की सूचना के बाद विद्यालय प्रबंधन की ओर से इसकी सूचना अंचल कार्यालय, स्थानीय थाना व विभाग के वरीय अधिकारी व एसडीओ को भी दिये जाने की बात कही गयी है। लेकिन सूचना दिए जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कार्य रोकने का कोई प्रयास नही किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अंचल द्वारा दोनो पक्षो को 10 फरवरी को कागजात के साथ प्रस्तुत होने का निर्देश दिया गया था साथ ही बिना सुनवाई के किसी प्रकार के कार्य को स्थगित रखने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अंचलाधिकारी के आकस्मिक कारणों से अवकाश पर चले जाने के कारण सुनवाई नही हो पाई। आरोप है कि अचानक रविवार को रूपेश उरांव के द्वारा बिना किसी आदेश के ही विवादित जमीन पर निर्माण कार्य किया गया। जब रूपेश उरांव से इस संबंध में बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली और कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर अंचलाधिकारी ने अवकाश होने होने की बात कही, साथ ही कहा कि अवकाश से वापस आने के बाद नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी।
बता दें कि चंदवा का प्लस टू हाई स्कूल में लगभग 2 हजार विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं, जिसमे ज्यादातर बच्चे गरीब तबके के होते हैं। हाई स्कूल की जमीन पर कब्जे को लेकर कई लोगो द्वारा प्रयास किया जाता रहा है। स्कूल की जमीन को संरक्षित कर बचाया जाए इस दिशा में न ही प्रशासन, न ही सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधि, राजनीति दल, सामाजिक संगठनों की ओर से कोई प्रयास किया जा रहा है। जिससे आमलोगों में रोष व्याप्त है।

### राजद के भावी विधायक प्रत्याशी ने गारू का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, समाधान का दिया आश्वासन


दौरा करते रघुपाल सिंह।

**गारू।** मनिका विधानसभा के विधायक प्रत्यासी राजद नेता रघुपाल सिंह, जिला सचिव मोहर सिंह यादव ने गारू प्रखंड के सुरकुमी गांव का किया दौरा। सुरकुमी गांव के सैकड़ो ग्रामीणों से किया संवाद। ग्रामीणों ने मुलभुत सुविधा नहीं होने पर हो रही समस्याओ से कराया अवगत। बिजली, पेयजल, सड़क, शिक्षक समेत अन्य बुनियादी सुविधा बहाल करने को लेकर आवेदन भी दिया। ग्रामीणों की बातें सुनने के बाद भावी विधायक प्रत्यासी रघुपाल सिंह ने आशवासन दिया कि सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा। जिले के उपायुक्त को इस सम्बन्ध में पत्राचार भी करेंगे। मौके पर राजद के युवा जिलाध्यक्ष दिलेशवर यादव, मनिका प्रखंड के अध्यक्ष रामसेवक उराव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अल्लाऊदीन अंसारी, वार्ड सदस्य बबिता देवी, सविता देवी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन की बैठक में एकजूट होने का आह्वान

**बालूमाथ।** लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के अध्यक्षता में बालूमाथ के होटल हिंदुस्तान में रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन उमाशंकर चैतन्य ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने कहा कि आप सभी निर्भीक होकर अपना व्यापार किजिए। अपने केमिस्ट्स का रक्षा करना संगठन का कार्य होता है। इसके लिए जिला संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। जिस तरह आज की बैठक में उपस्थित हुए हैं, यह दशार्ता है कि निश्चित रूप से हम संगठित हैं। बैठक को संगठन सचिव राजीव कुमार, सह सचिव चंद्रकांत प्रसाद, मो जावेद अख्तर, बलवंत सिंह, डा बिरेंद्र यादव, डा गौस, रामलाल यादव, लखन लाल, निरंजन गुप्ता ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से मो आबिद, सतीश कुमार, मो तौफीक, डा. बीरू यादव, डा. आनंद प्रजापति, ब्रह्मदेव यादव, मो नजरूल मो शाहनवाज, दिनेश प्रसाद, विपीन बिहारी गुप्ता, चंचल कुमार, संजय सिन्हा, नीरज कुमार, राम बलि तिवारी, रणधीर प्रजापति, मो अनवर, रमेश प्रसाद, पवन यादव, उमेश प्रसाद के अलावे हेरहंज, बारियातू, मकैयाटांड़, मुरपा के दर्जनों केमिस्ट्स उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे श्रद्धालु, सजने लगे पूजा-पंडाल

बेतला। सरस्वती पूजा की तिथि करीब आते ही विद्या के उपासक पूजा की तैयारी में जुटे हैं। क्षेत्र के विभिन्न जगहों में श्रद्धालु काफी आकर्षक पूजा-पंडाल का निर्माण कर सजाने में लगे हैं। रविवार को केचकी, कंचनपुर, सरईडीह, बखोरीडेरा, कल्याणपुर, कुटमू आदि गांव में श्रद्धालुओं को पूजा के लिए पंडालों को काफी आकर्षक ढंग से सजाते देखा गया। वहीं मूर्तिकार मॉ सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देते दिखे।

# विधायक ने किया पक्कीकरण सड़क का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रविवार को खरसोता कशनप मुख्य सड़क स्थित पखनाहा मोड़ से कुसुम नदी होते हुए पखनाहा विद्यालय तक पक्कीकरण सड़क का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर, अगरबती दिखाकर व नारियल फोड़कर किया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दो करोड़ चैंतीस लाख रुपए की लागत राशि से बनाए जाने वाले वाली सड़क की लम्बाई दो किलोमीटर है।

मौके पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि दो टोकरी मोरम व कम्बल पर अपना वोट बर्बाद मत कीजिए, बल्कि आपके क्षेत्र का असली विकास करनेवालों को पहचानिए। कहा कि कांडी प्रखंड में सभी प्रकार की विकास मेरी देन है। मैंने इस क्षेत्र में सड़क, बिजली व विकास के अन्य कार्य किये हैं। प्रखंड में कई सड़कों का पक्कीकरण का कार्य चालू है व आने वाले समय में कई अन्य सड़क का शिलान्यास भी किया जायेगा। आने वाले समय में हर घर में नल व जल पहुंचाया जायेगा, साथ ही सिंचाई के कार्य के लिए भी सभी खेतों में पानी उपलब्ध करवाई जायेगी, उन्होंने लोगों से चुनाव के समय काम के बदले वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी के राज्य में विकास का कोई भी कार्य बाकी नहीं रहेगा। सभा को अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर भोला चंद्रवंशी, रामचंद्र यादव, कांडी विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, प्रवीण सिंह, रामलखन चंद्रवंशी, मणिकांत सिंह, मुखिया ललित बैठा, मुखिया अनिता देवी, सुबोध वर्मा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, संजय कमलापुरी, पवन गुप्ता, दुदुन उपाध्याय, बबलू उपाध्याय, सत्येन्द्र चैबे, शशिरंजन दुबे, विनोद राम, अनुप उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय संस्कृति और विरासत को हमेशा केंद्र में रखा : प्रकाश



**बेरमो।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा अंगवाली मंडल की ओर से चांदों पंचायत में मंडल प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह की उपस्थिति एवं मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर प्रकाश सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्रोत बना। दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्रसेवा व समर्पण का विराट प्रतीक है। उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूल विचारों को भुलाकर प्रगति नहीं कर सकता। जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत सम्पूर्ण मानवजाति को ध्रुव तारे की तरह मार्गदर्शित करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### हाथी ने स्कूल का दरवाजा तोड़ मध्यान भोजन का चावल चट कर गया



**बोकारो/कसमार।** जरीडीह प्रखंड के अति सुदुरवर्ती भस्की पंचायत अंतर्गत गांव रोरिया में एक जंगली हाथी अपने झुंड से बिछड़कर आ पहुंचा। जंगली हाथी प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय रोरिया में रखे मध्यान भोजन के चावल को चट कर गया। वहीं महिला समूह द्वारा निर्मित पोली हाउस को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी को ग्रामीणों द्वारा मशाल व पुआल जलाकर काफी मशक्कत के बाद जंगल की ओर भगाया गया। हाथी के आतंक से ग्रामीण काफी डरे सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मशाला टार्च लाईट पटाखे उपलब्ध कराने व क्षतिग्रस्त पोली हाउस का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### मैथिली स्वर कोकिला रंजना के गीतों पर झूम उठे बोकारोवासी



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पूर्व महासचिव एवं बीएसएल के सीजीएम कार्मिक हरिमोहन झा के संयोजन में बोकारो क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान गायिका रंजना झा ने अपनी प्रस्तुतियों से देररात तक शहरवासियों को झुमाया। संगीत की दुनिया के कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित मिथिलांचल की स्वर कोकिला रंजना झा ने पारंपरिक मैथिली गीतों के साथ साथ विद्यापति रचित कई गीत शास्त्रीय संगीत आधारित फिल्मी सदाबहार गीत गजल और भजन सुनाया। तबले पर प्रवीण कुमार ढोलक पर बोकारो के राकेश कुमार सिंह एवं की बोर्ड पर राजेन्द्र ने कुशल संगत की।

### पत्रकार नंद कुमार सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**बेरमो।** इनमोसा की ओर से कोयलांचल आवाज के संपादक नंद कुमार सिंह का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन की अवसर पर लोगो ने बधाई दी और ईश्वर से कोयलाचल आवाज के संपादक नंद कुमार सिंह के दीघार्यु की कामना किया। जन्मदिन कार्यक्रम मे उपस्थित लोगों ने कहा कि नंद कुमार सिंह उर्फ नंदलाल सिंह बेरमो मे सभी के चेहते है। हर छोटे-बड़े खबर को प्रमुखता से दिखाने का कार्य करते है और पत्रकारों को भी या हमेशा मदद करने का कार्य करते है। पत्रकार नंदलाल सिंह चेहरे पर हमेशा हंसी बनी रहती है और यह किसी भी कार्य को बहुत ही आसानी से करते है। जन्मदिन पर इनमोसा के डी पी मौर्या, पवन सिंह, जयराम सिंह, तुलसी महतो,शैलेन्द्र सिंह,मदन सिंह, जितेंद्र चौहान, प्रकाश कुमार ,चंदन तिवारथा, राज किशोर मिश्रा ,लोकेश्वर साहू आदि मुख्य रूप से मौजूद हुए।

### सरस्वती पूजा को लेकर बेरमो थाना में शांति समिति की बैठक



**बेरमो।** बेरमो थाना परिसर में वसंत पंचमी सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बिडिओ मघु कुमारी ने की। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी अशोक कुमार आदि मौजूद थे। इस दौरान सरस्वती पूजा शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस क्रम में बीडीओ मघु कुमारी तथा थाना प्रभारी अशोक कुमार ने विधि व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की लोगों से अपील की। इसके अलावे व्यस्ततम जगहों में आम लोगों के द्वारा भीड़ भाड़ करने को लेकर चर्चा की गई साथ ही इसके निराकरण को लेकर चर्चा की गई। इस क्रम में थाना प्रभारी ने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर परिषद फुसरो के सिटी मैनेजर कुमार निशांत, कांग्रेसी नेता गिरजा शंकर पांडेय व महेंद्र विश्वकर्मा, सहित परवेज अख्तर, उत्तम सिंह, विवेश सिंह, राजन साव, ललन मल्लाह, मोहम्मद रियाज अंसारी, जवाहरलाल यादव, शरण सिंह राणा, दिनेश रवि, यीशु सिन्हा, भरत वर्मा, कैलाश ठाकुर, मोहम्मद कलाम खान, उमेश रवि, मोहम्मद महबूब, भाई प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह, सब इंस्पेक्टर सुभाष पासवान, मिथुन मंडल, अनूप नारायण सिंह, लक्ष्मण चौधरी, वीरेंद्र कुमार महतो, नवीन कुमार के अलावे दर्जनो गणमान्य लोग मौजूद थे।

### चिन्मया के विद्यार्थी एजुकेशनल टूर के तहत पहुंचे सुधा डेयरी

**बोकारो।** चिन्मया विद्यालय की कक्षा पांचवी के छात्र छात्राओं को विद्यालय के संजीव सिंह एवं रश्मि सिंह के देखरेख में एजुकेशनल टूर के तहत सुधा डेयरी प्लांट ले जाया गया। इस दौरान सुधा डेयरी के विपणन प्रभारी संजय कुमार सिंह मार्केटिंग ऑफिसर मृणालिनी तिवारी एवं संजीत ने विद्यार्थियों को प्लांट के दुग्ध उत्पादन के प्रोसेसिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों के साथ उनकी जिज्ञासा से बड़ी प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने डेयरी की वास्तविक कार्यशैली जैसे वितरण शैली पैकेजिंग ब्रांडिंग इत्यादि को सहज रूप से बताया।

## इंटक नेता व राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सूर्यपत सिंह का निधन

# संगठन ने समर्पित नेता को खोया। गिरिजा शंकर पांडे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के इंटक के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय कोलियरी री मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष सूरजपत सिंह का निधन सुबह कथारा स्थित आवास में हुआ। सिंह वर्ष 2003 में कथार वाशरी से अवकाश प्राप्त हुए थे। इंटक से संबंध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर मजदूर संघ कथारा वाशरी शाखा में 35 वर्ष से अधिक समय सचिव पद पर अपनी सेवा प्रदान की। सीसीएल रीजनल कमेटी में भी वरिय उपाध्यक्ष के पद पर बन रहे। स्वर्गीय सिंह पंडित बिंदेश्वरी दुबे से लेकर राजेंद्र प्रसाद सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर ट्रेड यूनियन में शामिल रहे। विपरीत परिस्थिति में भी इंटक का दामन थामे रहा। जीवन में कई उतराव चढ़ाव का सामना किया। संघर्ष के बल पर सैकड़ो लोगों को नौकरी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाशरी में सचिव पद पर कई बार बेलेट चुनाव हुआ और यह चुनाव जीत कर आए। वाशरी के चुनाव में पंडित बिंदेश्वरी दुबे जी ने राजेंद्र प्रसाद सिंह को चुनाव पदाधिकारी बनाकर भेजा था। जिस चुनाव में सूर्यपत सिंह विजय हुए थे। इनकी एक अभिलाषा पूरी नहीं हो सकी। स्वर्गीय राम बदन त्रिपाठी के निधन के बाद कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव बनना चाहते थे। इनका जीवन इंटक के लिए समर्पित रहा। उनके निधन पर बेरमो के विधायक अनूप सिंह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडे वीरेंद्र कुमार सिंह अजय कुमार सिंह सुबोध सिंह पवार आशीष चक्रवर्ती दयाल यादव अंजनी त्रिपाठी गुरु नाम सिंह सी एस प्रसाद भाजपा नेता विनय कुमार सिंह महिला नेत्री कांति सिंह जनता मजदूर संघ के जोनल सचिव ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के एम एन सिंह बाध पंचायत के पूर्व सरपंच गोपाल यादव हीरा सिंह सुनील सिंह अनिल सिंह सुशील सिंह सीसीएल के अधिकारी स्वांग के परियोजना पदाधिकारी उमेश कुमार कथारा वाशरी के परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार विद्युत अभियंता एसबीएन सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ो मजदूर आवास पहुंचकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। बेरमो विधायक के अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने पार्टी के झंडे व पुष्प चक्र से संगठन की ओर से श्रद्धांजलि दी।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई



**बेरमो/फुसरो।** भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह के आवासीय कार्यालय शास्त्री नगर फुसरो में बूथ न 136 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉ उषा सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण और विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है।

## शशि भूषण ओझा भाजपा के गांव चलो अभियान में हुए सक्रिय



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के तहत बोकारो विधान सभा के बीआईवी सेक्टर 4ए विद्यालय शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 267 से 271 पांच बूथों के क्षेत्र में इसके प्रवासी प्रभारी स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा मुकुल के नेतृत्व में यहां के व्यवसायियों वरिष्ठ सदस्यों परिवार के सदस्यों मंदिरों के पुजारियों छात्र नेताओं खिलाड़ियों के घर जाकर उनसे मिलकर भाजपा के लिए समर्थन मांगते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्यों को बताया गया। कई नौजवानों को पार्टी का सदस्य बनाया गया । बीसीसीआई के लेवल 1 के कोच दीपक सिंह ने अपने साथियों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और मोदी जी के कार्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भैया प्रीतम बोकारो नगर मंडल के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक सिंह, अमित कुमार, सुमित भदानी, मिथिलेश कुमार, मनोज उपाध्याय, अजय कुमार, राम प्रकाश, पंडित मुखलाल पांडेय, मुन्ना गुप्ता, एलएम राय, अनिल गुप्ता, राज मोहन सिंह, सहित अनेकों भाजपा कार्यकताओं उपस्थित थे।

## भवनाथपुर जिपस रंजनी ने मुख्यमंत्री को सौंपी ग्यारह सूत्री मांग पत्र

### पत्रकार सुरक्षा बीमा लागू करने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को गढ़वा आगमन पर 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी मांगों पर सहानुभुतिपूर्वक विचार करते हुए नियमानुकुल कार्रवाई करने की मांग की है। सौंपे गये मांग पत्र में राज्य के पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा कराने, सभी विभाग में कार्य आउटसोर्सिंग कर्मियों, मानदेय पर कार्यरत दैनिक मजदूरों की सेवा नियमितीकरण करने, समान काम के बदले समान वेतन देने, जिला परिषद सदस्यों को निर्वाचित क्षेत्र, प्रखंड या जिला मुख्यालय में कार्यालय उपलब्ध कराने, बड़े पैमाने पर बढ़ रहे भूमि विवाद का समाधान के लिए सभी हाल सर्वे, खतियान को ऑनलाइन रोकते हुए पुराने मांग पंजी टू एवं राजस्व कागजात के आधार पर सभी का कार्य प्रारंभ कराने, बिहार सरकार की तर्ज पर हाल सर्वे को निरस्त करते हुए पुनः नया एवं त्रुटिहीन सर्वे करवा कर भूमि विवाद का निष्पादन करने, झारखंड में केश कला बोर्ड का गठन कर नाई जाति के लिए पद सुरक्षित करने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी रिक्त पदों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना कराने, भवनाथपुर के ग्राम बंसानी, झगराखांड़ में नए डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कराने, झगराखांड़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने, ग्राम बंसानी के कछरवा में कृषि विज्ञान केंद्र सह कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने आदि की मांग शामिल है।

## नव चयनित सेविका व सहायिका को डीसी एवं डीडीसी ने सौंपा चयन पत्र



**बोकारो।** जिला परिषद कार्यालय स्थित नव निर्मित कांफ्रेंस हाल में एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नव चयनित सभी दस सेविका सहायिकाओं को चयन पत्र सौंपा गया। मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जी. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा उमंग फाउंडेशन के संजय झा एपीआरओ अविनाश कुमार नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे कार्यपालक अभियंता हरी प्रसाद पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर बसंत आदि उपस्थित थे। मौके पर डीसी श्री चौधरी ने पंचायत स्तर तक योजनाओं को क्रियान्वित करने योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी केंद्रों सेविका/सहायिका महिला सुपरवाइजर एवं सीडीपीओ को ग्रामीण महिलाओं को एनीमिया के प्रति जागरूक करने को कहा। डीडीसी कीर्तीश्री जी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के गठन कार्य पोषण ट्रैकर एप एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रों को उपलब्ध कराएं जाने वाले आधारभूत कीट के संबंध में विस्तार से बताया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आदि ने भी अपनी बातें राखी। बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी कर्मियों को डीसी एवं डीडीसी द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया।

# जीएम ने अमलो परियोजना का नया चेक पोस्ट का किया उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना का नया चेक पोस्ट का उद्घाटन ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर और फीता काट कर किया गया। यह चेक पोस्ट पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक (ढोरी कांटा) में है। यहां से सड़क सीधा अमलो परियोजना में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर जीएम श्री अग्रवाल ने बताया कि अमलो परियोजना का चेकपोस्ट दो हिस्से में बांट दिया गया है। यहां से जिनका भी डीएमओ चालान कटता है वह सारी गाड़ियां नए चेक पोस्ट जाएगी। इंटरनल ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां पुराने चेक पोस्ट से जाएगी। कहा कि नए चेक पोस्ट बन जाने से पुराने चेक पोस्ट पर भार कम पड़ेगी। बताया कि पुराना चेक पोस्ट फुसरो-नावाडीह मुख्य पथ पर करीब 40 वर्षों से है। इसमें प्रतिवर्ष दर्जनो दुर्घटनाएं होती हैं तथा घायलों की संख्या सौ से ऊपर रहती है। इस चेक पोस्ट बन जाने से दुर्घटनाएं पर रोक लगेगी। बताया कि हमारे कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद जब सीसीएल के सीएमडी थे तब यहां आकर मार्ग दर्शन दिए थे। इसका निर्माण में वर्तमान सीएमडी डॉ बी बीरा रेड्डी सहित क्षेत्र के डायरेक्टर जो अब सीएमडी बन चुके है साईराम साहेब का काफी योगदान है। इसके अलावा परियोजना पदाधिकारी, एसओ सिविल, प्रोजेक्ट इंजीनियर सिविल, परियोजना के टीम काफी सहयोग रहा है। कहा कि इसके बन जाने से सुरक्षा के साथ ट्रांसपोर्टिंग ज्यादा हो सकेगी। बताया कि यह क्षेत्र काफी बड़ा है, यहा करीब सौ ट्रक खड़ा हो सकता है। मौके पर जीएम ऑपरेशन अमिताभ तिवारी, अमलो पीओ के आर सत्यार्थी, एसओपी प्रतुल कुमार, पिछरी पीओ डीसी राय, एसओ सिविल उज्जवल कुमार सिंह, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओ एक्स यूसके पासवान, एएफएम राजीव रंजन, एसओ पीएंडपी आशीष अंचल, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, एरिया सेल अधिकारी बैजनाथ कुमार, क्वालिटी अधिकारी बीबी सिंह, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, सुरक्षा अधिकारी सीताराम यूईके, अमलो परियोजना के डिस्पैच अधिकारी विवेक सिंह, पीई सिविल मनोज कुमार साह, पर्सनल मैनेजर अभिषेक कुमार सिन्हा, कुमार ओमप्रकाश, ज्ञानदीप कुमार, सीआईएसएफ बी कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर सुनील कुमार, यूनियन प्रतिनिधि में धीरज पांडेयजयनाथ मेहता, बैजनाथ महतो, जवाहरलाल यादव, अविनाश सिंह, आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### बिहार में फ्लोर ...

श्रवण कुमार आशंका जता चुके हैं कि विपक्षी दलों के ठेकेदार उनके नेताओं को लालच देकर तोड़ने में लगे है।

महगंठबंन नेता आवास में नजरबंद : इधर महागठबंधन खेमे में गजब हो रहा है। राजद ने अपने नेताओं को औपचारिक बैठक के नाम पर तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर बुलाया। मीटिंग के बाद छक कर खाने वाला भोज भात हुआ। गीत संगीत की महफिल सजी और सभी विधायकों को 12 फरवरी तक वहीं रुकने फरमान जारी कर दिया गया। यहां तक मोबाइल से बात करने और परिसर से बाहर निकलने पर भी पाबंदी है। भाजपा और जदयू आरोप लगा रही है कि राजद विधायकों को नजरबंद कर लिया गया है। जदयू के नीरज ने कहा था कि महागठबंधन के विधायक दिल से नीतीश कुमार के साथ हैं। फ्लोर टेस्ट में खेला नहीं होगा बल्कि मेला लगेगा।

**बहुमत का आंकड़ा :** एनडीए के पास समर्थन- 128 विधायकों का, बहुमत के लिए चाहिए- 122, विधानसभा की कुल सीट-243।

**पहले स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव :** विधानसभा में एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट पर होने वाले मतदान के पहले विधानसभा अध्यक्ष अवधबिहारी चौधरी को अध्यक्ष के आसन से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना है। यह काम सेंट्रल हाल में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन के बाद होगा। राज्यपाल के विदा होने के बाद जब विधानसभा अध्यक्ष सदन में आएंगे तब संसदीय कार्य मंत्री विधानसभा अध्यक्ष को पदमुक्त किए जाने का प्रस्ताव पढ़ेंगे। उसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य इसके समर्थन में अपनी सीट पर खड़े हो जाएंगे।

### धीरज साहू से ...

झारखंड में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से बरामद लग्जरी कार और उनकी गिरफ्तारी के बाद ईडी ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू को पूछताछ के लिए बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक जब्त बीएमडब्ल्यू कार धीरज साहू ने ही हेमंत सोरेन के आवास पर भिजवाया था। बरामद कार मुदियाली कंपनी के नाम रजिस्टर्ड थी, जिसका कनेक्शन कांग्रेस के राज्यसभा सांसद से जुड़ रहा है। 20 जनवरी को दिल्ली के शांति निकेतन स्थित हेमंत सोरेन के आवास पर ईडी की टीम ने छापेमारी की थी। उस दौरान ईडी की टीम ने कई दस्तावेज के साथ नकद रुपये और एक हरियाणा नंबर वाली बीएमडब्ल्यू कार जब्त की थी।

### नफरत और हिंसा...

मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गए। मुझे भी वहां से जाने से रोका गया। उन्होने कहा की देश के किसान, गरीब, पिछड़े वर्ग, आदिवासी, दलितों महिलाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। वह अन्याय आर्थिक और सामाजिक रूप में की जा रही है। देश में अन्याय का बीज बोकर नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है।

**भाजपा आदिवासी विरोधी :** उन्होने कहा कि पहले हम आदिवासियों को आदिवासी कहते थे जल जंगल जमीन पर पहला कब्जा उन्ही का मानते थे लेकिन मोदी जी कहते हैं कि तुम आदिवासी नहीं हो तुम जंगल में रहते हो वनवासी हो, जल जंगल जमीन पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा की मैने लोकसभा में आवाज उठाई कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए पर प्रधानमंत्री मोदी ने मना कर दिया कहा इसकी जरूरत नहीं है। कैसे पता चलेगा कितने पिछड़े है कितने दलित हैं कितने आदिवासी हैं। किसके पास क्या है किसके पास कितनी नौकरियां, किसकी देश में कितनी भागीदारी है। मोदी नहीं चाहते कि पिछड़ों को ये पता न लग जाए की उनकी आबादी कितनी है उनकी भागीदारी कितनी है।

### स्टके होल्डरों की...

न कि सिर्फ 5-6 व्यापारियों से। नियमावली बनाना सरकार के काम है, न कि कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष का। स्टेक होल्डर्स की बैठक की सूचना सार्वजनिक रूप से न देकर सिर्फ कुछ व्यापारियों को बुलाना, बोर्ड की ि नियत में खोट को परिलक्षित करने वाला है। यह बैठक सुनियोजित मंशा के साथ बुलाई गयी है। व्यापारियों ने कहा कि अवर सचिव कि चिठ्ठी पढ़ने से प्रतित होता है कि यह चिळी प्रबंध निदेशक को लिखी गयी है और कार्यवाही कर रहे है पर्षद के अध्यक्ष। हम व्यापारियों का मानना है कि नियमावली पर चर्चा करने से संबंधित चेयरमैन द्वारा बुलायी गयी बैठक असंवैधानिक है, क्योंकि चेयरमैन को अधिकार ही नहीं है नियमावली से संबंधित किसी भी बैठक को करने का। व्यापारियों ने कहा कि अध्यक्ष ने किस नियम के तहत सभी पणन सचिव को चिळी लिखा है और पणन सचिव किस नियम के तहत उसका अनुपालन कर रहे हैं, हम व्यापारियों के समझ से बाहर की बात है। यही कारण है कि हम सभी व्यापारी सोमवार को आयोजित स्टेक होल्डर की बैठक का पुरजोर विरोध करते हुए बैठक का वहिष्कार करतें हैं।

**व्यापारियों के दोहन-षोषण को तैयार है गैंग :** इस मुद्दे को लेकर राज्य के सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर आर पार की लड़ाई लड़ने का प्रण लिया है। बोर्ड और कुछेक कमेटी के भ्रष्ट पदाधिकारी अध्यक्ष से अनैतिक रुप से कार्य कराकर किसी प्रकार शुल्क लागू कराने का प्रयास कर रहें है। भ्रष्ट पदाधिकारी येन-केन प्रकारेण प्रयास में लगे हैं, कि कृषि पर टैक्स लगे और कृषक, व्यापारी का दोहन किया जा सके। इसके लिए पहले ही दोहन शोषन का एक गैंग तैयार कर लिया गया है। बैठक में रांची चेंबर के उपाध्यक्ष अभय भदानी, रवी रोहतगी, कोषाध्यक्ष किशन साबु, सचिव दीपक कुमार पोद्दार एवं कार्यसमिति सदस्य हरि कनोडिया, गणेश अग्रवाल, कौशिक भदानी, मनोज छापड़िया, बिजेंद्र गुप्ता, कमल अग्रवाल, राजीव गुप्ता, संदीप खेतान, रितेश जैन, आलु प्याज संघ के अध्यक्ष मदन साहु, लखन साहु, राम इकवाल चौधरी, रोहित साहु, वनोपज एसोसियेशन के अध्यक्ष संजीत चौधरी, सुभाष पटवारी, अभिषेक अग्रवाल (कुटकुट) एवं और व्यापारी बैठक में उपस्थित थे।

**क्या कहते हैं बोर्ड के अध्यक्ष :** मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रबिंद्र सिंह ने कहा कि राज्यपाल के निर्देश पर स्टेक होल्डर्स की बैठक बुलायी गयी है। इसमें चार बिंदुओं पर उन्हें सुझाव देने हैं। अगर आयेंगे तो बात होगी और नहीं आयेंगे तो आगे बात होगी। इस बैठक में राज्य के सभी व्यापारियों, किसानों या एफपीओ को नहीं बुलाया जा सकता है। इसलिए उनके प्रतिनिधियों को बुलाया गया है।

## स्पीड न्यूज



### सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर सिंह

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था।सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं।

### इजरायल का गाजा पर बमबारी, 25 मरे

गाजा। दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर राफा में रविवार को एक घर पर हुए इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बमबारी के समय कई विस्थापित लोग घर में रह रहे थे जिनमें से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी और 12 से से अधिक घायल हो गए।

### आइडीएफ ने गाजा में हमास का सुरंग खोजा

गाजा। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के मुख्य मुख्यालय के नीचे कथित तौर पर एक हमास सुरंग की खोज की है। आईडीएफ ने कहा सेना ने इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी (आईएसए) की खुफिया जानकारी के बाद, उत्तरी गाजा में शाती और तेल अल-हवा के इलाकों में कार्रवाई की। सेना यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल के पास एक सुरंग के रास्ते पर पहुंची।

### सोमालिया में आतंकी हमला, चार की मौत

काहिरा। सोमालिया में एक आतंकवादी हमले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तीन सैनिक और बहरीन के एक अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सोमालिया गणराज्य में एक आतंकवादी हमले में अमीराती सशस्त्र बलों के तीन सदस्य और बहरीन रक्षा बल के एक अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### श्रीनगर में पारा शून्य से 4.7 डिग्री नीचे

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में तापमान में सुधार होने के बावजूद यह हिमांक बिंदु से नीचे बना हुआ है तथा राजधानी श्रीनगर में रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री सुधार हुआ और यह पिछले दिन के शून्य से कम 4.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस कम है।

### पिथौरागढ़ में कैंटर खाई में गिरा, तीन की मौत

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के बेरीनाग में रविवार को एक सड़क दुघर्टना में तीन लोगों की मौत हो गई।कैंटर संख्या यूके 04 सीए 9348 बेरीनाग से गंगोलीहाट के लिए जा रहा था। इस दौरान नऔतस घाटी के पास अनियंत्रित होकर 150 से 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। कैंटर में तीन लोग सवार थे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# पाक में सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू

## सेना ने किया नवाज शरीफ का समर्थन

**मुख्य बातें**

- इमरान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सबसे अधिक जीते
- पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन सरकार के लिए प्रयास तेज किये
- पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने बिलावल भुट्टो से प्रधानमंत्री पद की मांग की

**कुल सीट 265**

- 255 सीटों के परिणाम घोषित पीटीआई-100, पीएमएल-एन-73, पीपीपी- 54, एमक्यूएम- 17 व छोटे दल-11
- सरकार बनाने के लिए 133 सदस्यों की जरूरत



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार को हुए चुनाव के पूरे परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं लेकिन त्रिशंकु संसद के आसार के बीच सेना ने नवाज शरीफ का समर्थन किया है। इसी के साथ गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में शानदार प्रदर्शन करके संख्या बल में सबसे अधिक हैं। पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन सरकार के लिए प्रयास तेज करके सौदेबाजी शुरू कर दी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं को बताया है कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए प्रधानमंत्री पद की मांग की है। पीपीपी ने अपनी इस शर्त को मानने पर गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त की है। शहबाज ने पार्टी नेताओं को बताया कि जरदारी ने पेशकश की कि बदले में पीपीपी पंजाब में अपनी सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन का समर्थन करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और बिलावल से मुलाकात की और भविष्य के गठबंधन पर चर्चा की। इसके बाद शनिवार को दिन में पीएमएल-एन नेताओं ने केंद्र के साथ-साथ पंजाब में भावी सरकार बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। शहबाज शरीफ ने सीनेटर इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, सरदार अयाज सादिक, मरियम औरंगजेब, मलिक मुहम्मद अहमद खान, सीनेटर आजम नजीर तरार, अताउल्लाह तरार, ख्वाजा इमरान नजीर और अन्य ने नई परिस्थितियों पर चर्चा की है।

पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गठबंधन सरकार बनाने के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आह्वान का समर्थन किया। इस बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकड़ ने कहा कि उन्हें देश में गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 100 सीट पर जीत हासिल कर सबको हैरान कर दिया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग के 265 में से 255 सीटों के घोषित परिणाम के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 73, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। अन्य 11 सीटों पर छोटे दलों को जीत मिली है। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी। एक उम्मीदवार की मौत के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में सेना को काफी शक्तिशाली माना जाता है। पिछले 75 से अधिक वर्षों में आधे से अधिक समय तक शासन किया है।

### मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ई- मेल में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को तुरंत सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए नहीं तो मैं हर अमेरिकी दूतावास को उड़ा दूंगा। पुलिस के अनुसार, शनिवार अपराह्न 3.50 बजे दूतावास को यह ई-मेल प्राप्त हुआ। ई-मेल भेजने वाले ने भगोड़ा अमेरिकी नागरिक बताया है। उसने कहा है कि उसके खिलाफ अमेरिका में 19 आपराधिक आरोप दर्ज हैं। इस व्यक्ति ने ई-मेल में कहा कि मेरी अमेरिकी नागरिकों को मारने की भी योजना है। दूतावास से यह जानकारी मिलने के बाद बांद्रा-कुर्ला पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505(1)(बी) और 506(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति का विवरण जुटा रही है।



**रामलला के दरबार में योगी ने मंत्रियों और विधायकों के साथ प्रभु श्रीराम का गुणगान किया**

**अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सभी मंत्री और विधायकों के साथ रामलला का दर्शन किया। दर्शन करने वालों में भाजपा के साथ आरएलडी, बसपा, कांग्रेस और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के भी विधायक शामिल थे। अयोध्या धाम में सभी मंत्री और विधायक बेहद उत्साहित दिखे और भक्तिभाव में डूबे नजर आए। सभी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष महाना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर प्रभु श्रीराम का गुणगान किया।**

### 10 लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जायेंगे एलन मस्क



**नयी दिल्ली।** अरबपति एलन मस्क ने रविवार को दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर शिफ्ट करने की योजना की घोषणा की है। एलन मस्क ने एक्स डॉट कॉम पर एक पोस्ट में लिखा कि हम दस लाख लोगों को मंगल ग्रह पर ले जाने के लिए एक गेम प्लान तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्टारशिप अब तक बना सबसे बड़ा रॉकेट है, जो हमें मंगल ग्रह तक ले जाएगा। मस्क ने कहा कि मंगल ग्रह की यात्रा पूरे देश में एक उड़ान की तरह होगी। उन्होंने यह जवाब उन यूजर्स को दिया जिन्होंने लाल ग्रह पर स्टारशिप के लॉन्च के बारे में पूछा था। एलन मस्क ने बीते हफ्ते कहा था कि स्टारशिप को 5 साल से कम समय में चंद्रमा पर पहुंचने में सक्षम होना चाहिए। पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्रियों को आधी सदी से भी अधिक समय में पृथ्वी से सबसे दूर ले जाएगा। मंगल ग्रह पर रहने के लिए बहुत काम करना होगा।

## प्रधानमंत्री आज एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे

- रोजगार मेले में सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे
- नयी दिल्ली में कर्मयोगी भवन की शिलान्यास करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न विभागों के लिए चयनित किए गए एक लाख से अधिक उम्मीदवारों को रोजगार मेले में सोमवार को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नई दिल्ली में एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखेंगे। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा। रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों और राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। नई भर्तियां सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में होंगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेले से रोजगार सृजन में बढ़ोतरी होगी और युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्रीय विकास में प्रत्यक्ष भागीदारी के लिए लाभकारी अवसर मिलेंगे। नवनियुक्त उम्मीदवारों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां कहीं भी किसी भी डिवाइस सीखने के प्रारूप के लिए 880 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।



## सीएपीएफ में कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी

**देश के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से 7 मार्च तक होगी परीक्षा**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी।

गृह मंत्रालय के अनुसार कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा के प्रश्न पत्र अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2024 से सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था। कांस्टेबल (जीडी) चयन परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है जो देशभर से लाखों युवाओं को आकर्षित करती है। इसलिए गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग ने हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने की सुविधा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### मिथुन चक्रवर्ती की स्वास्थ्य में सुधार

**कोलकाता।** बॉलीवुड अभिनेता और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की स्वास्थ्य में सुधार है। शनिवार सुबह सीने में दर्द के बाद कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल की ओर से रविवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में बताया गया है कि अभिनेता के सीने का दर्द खत्म हो गया है। अभिनेता के करीबी लोगों के मुताबिक, उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम ने जानकारी दी है कि मिथुन चक्रवर्ती की हालत स्थिर है। मिथुन ने मेडिकल जांच के लिए गठित टीम के डॉक्टरों के साथ बातचीत की। एमआरआई में इस्केमिक सेरेब्रोवास्कुलर ब्लॉकेज के लक्षणों का संकेत मिला है, जिसका सरल शब्दों में अर्थ है थ्रोम्बस या रक्त के थक्के द्वारा मस्तिष्क तक जाने वाली धमनी का अवरुद्ध होना या बंद हो जाना।

## क्या राम विरोधी ही सिर्फ कांग्रेस में रहेंगे : कृष्णम



**कहा- प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा विपक्ष**

**संभल।** कांग्रेस से निष्कासन के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रेसवार्ता कर कहा कि क्या कांग्रेस में सिर्फ वही रह सकते हैं जो राम का अपमान करें। जो सनातन को मिटाने की बात करें। जो हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम करें। राम और राष्ट्र पर समझौता नहीं किया जा सकता। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि निष्कासन बहुत छोटी चीज है। राम, राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन पर कोई समझौता नहीं कर सकता। कांग्रेस ने मुझे मुक्ति देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कि मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते भारत से नफरत करने लगा है। कांग्रेस बताये क्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी कृष्णम ने पूछा कि क्या अयोध्या जाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना पार्टी विरोधी है। क्या राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है। कांग्रेस बताए कि पार्टी विरोधी गतिविधियां क्या थीं। क्या कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास कराना पार्टी विरोधी है। उन्होंने कहा कि भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दिया गया था तो एक रामभक्त को केवल छः साल के लिए ही क्यों निकाला जा रहा है।







## आबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर को लेकर भारतीयों में उत्साह

**मंदिर की विशेषताएं**

- 10 फरवरी से शुरू हो चुका है मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान
- करीब 900 करोड़ रुपये की लागत से 27 एकड़ में बना है
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे उद्घाटन



एजेंसी

**आबू धाबी ।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में पहला हिन्दू मंदिर बनने और इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने को लेकर प्रवासी हिन्दुओं के साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों के एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुका है। यह मंदिर 27 एकड़ में बना है, जिस पर लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत आई है। मंदिर का निर्माण बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कराया है। दुबई स्थित भारतीय व्यापार एवं उद्यम परिषद के संयोजक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. साहित्य चतुर्वेदी ने कहा कि आबूधाबी में सनातन मंदिर की स्थापना अनेक संस्कृतियों का एक सम्मिलन है, जो भारत और अरब सागर की तटवर्ती सभ्यता को निकटता से जोड़ने का काम करेगा। मंदिर परिसर के लिए यूएई सरकार का भूमि देने से लेकर शिलान्यास, शिखर निर्माण तक पूरे मनोयोग से सहयोग देना अत्यंत ही सराहनीय है। इस भव्य मंदिर का निर्माण प्राचीन पद्धति से किया गया है। वास्तव में कहा जाये तो यह मानव सभ्यता का मंदिर है, जो कि विश्व को एक कुटुम्ब की भावना के प्रति प्रेरित कर रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी 20 फरवरी तक विभिन्न आयोजन होंगे। मंदिर में 108 यज्ञ वेदियों का निर्माण किया गया है।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण में सहयोगी बने प्रमुख दानदाताओं को भी आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री आबूधावी के स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित भी करेंगे। इस स्टेडियम में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस मौके पर भारत और यूएई की कुल 180 छात्र-छात्राएं दोनों देशों के राष्ट्रीय गीत के साथ मोदी का स्वागत करेंगे। इसके बाद 18 फरवरी से यूएई का हिंदू मंदिर जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा। आबूधाबी में पहले हिन्दू मंदिर के निर्माण को लेकर दुबई में स्टील व्यवसाय से जुडे भारतीय मूल के इंजीनियर धैर्य नारायण झा ने कहा कि अबूधाबी में हिन्दू मंदिर निर्माण होने से हम सब बहुत प्रसन्न हैं। यह मंदिर यहां के प्रवासी भारतीयों के अलावा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस मंदिर का निर्माण यह भी दशार्ता है कि यूएई में किस तरह की विविधता और समावेशिता है। भारत में भी विविधता में एकता की विशेषता है। मुझे गर्व है कि भारत और यूएई दोनों इसी तरह के मूल्यों का पालन करते हैं। इस संबंध में दुबई की शिक्षिका सना सुलेमान ने कहा कि सामूहिक प्रयास से यहां हिन्दू मंदिर बनना खुशी की बात है। सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्वक और आपस में मिलजुल रह सकते हैं, इसका एक अच्छा उदाहरण दुबई है।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# वर दे वीणा वादिनी वर दे...

एमके सिन्हा

सरस्वती पूजा 14 फरवरी पर विशेष . सरस्वती पूजा एक महत्वपूर्ण हिन्दू धर्मिक त्योहार है जो विशेष रूप से विद्या और कला की देवी माँ सरस्वती की पूजा और आराधना के लिए मनाया जाता है। यह पर्व भारतीय समाज में विद्या, बुद्धि, संगीत, कला, विज्ञान, और सरलता का प्रतीक है। सरस्वती पूजा को सरस्वती जयंती भी कहा जाता है और यह भारतीय कैलेंडर के अनुसार फरवरी महीने में मनाया जाता है।

भारत की समृद्ध संस्कृति में त्योहारों का अनूठा महत्व है। ये त्योहार न सिर्फ परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं का जश्न भी मनाते हैं। ऐसे ही एक महत्वपूर्ण त्योहार है सरस्वती पूजा, जो ज्ञान, संगीत और कला का दिव्य उत्सव है। यह शुभ अवसर भारतीय कैलेंडर के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, जिसे वसंत पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। सरस्वती पूजा के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को गहराई से समझने का प्रयास करेंगे।

देवी सरस्वती का महिमाः

सरस्वती, जिन्हें शारदा और वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है, ज्ञान, संगीत, कला, वाणी और बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी हैं। उन्हें सफेद वस्त्र धारण किए हुए, कमल पर विराजमान और हाथ में वीणा लिए हुए चित्रित किया जाता है। वीणा संगीत का प्रतीक है, पुस्तक ज्ञान का और कमल शुद्धता और ज्ञान के विकास का। माना जाता है कि सरस्वती की कृपा से ही वाणी सुमधुर, मन तीक्ष्ण और बुद्धि प्रखर होती है।

पूजा विधि और परंपराएंः

सरस्वती पूजा की तैयारियां कुछ दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं। लोग अपने घरों और शैक्षणिक संस्थानों की साफ-सफाई करते हैं, रंगोली बनाते हैं और मंडप सजाते हैं। पूजा के दिन सफेद और पीले रंग के वस्त्र धारण करना शुभ माना जाता है। मंडप में सरस्वती जी की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित की जाती है और उन्हें पुष्प, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित किया जाता है। पूजा के दौरान मंत्रों का जाप और भजन कीर्तन होता है। विद्यार्थी अपनी पुस्तकों और वाद्य यंत्रों को भी पूजा में रखते हैं। सरस्वती पूजा के अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषण प्रतियोगिताओं और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हैं।

ज्ञान और विद्या का महत्वः

सरस्वती पूजा हमें ज्ञान और विद्या के महत्व की याद दिलाती है। शिक्षा न केवल हमें रोजगार प्राप्त करने में मदद करती है, बल्कि यह हमें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने, जीवन में सही फैसले लेने और दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में सक्षम बनाती है। सरस्वती पूजा का यह संदेश विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रासंगिक है, जो अपने जीवन में लक्ष्य तय करने और उसे प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।



कला और संगीत का उत्सवः

सरस्वती पूजा न केवल ज्ञान का, बल्कि कला और संगीत का भी उत्सव है। संगीत, नाटक, नृत्य और अन्य कला रूपों को मां सरस्वती का वरदान माना जाता है। इस पूजा के अवसर पर विभिन्न कलाकारों द्वारा संगीत और नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम न केवल लोगों का मनोरंजन करते हैं, बल्कि कला और संस्कृति के प्रति सम्मान जगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सामाजिक समरसता और सद्भावः

सरस्वती पूजा एक ऐसा अवसर है, जो सभी धर्मों और जातियों के लोगों को एक साथ लाता है। इस त्योहार में सभी मिलकर ज्ञान, कला और संगीत का जश्न मनाते हैं। इससे सामाजिक समरसता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा मिलता है।

आधुनिक समाज में प्रासंगिकताः

आज के दौर में प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास के साथ ज्ञान अर्जन के तरीके बदल रहे हैं। लेकिन ज्ञान की महत्ता आज भी उतनी ही है।

इस अनूठे पर्व का महत्व

सरस्वती पूजा का महत्व विद्या और बुद्धि को प्राप्त करने के लिए है। यह त्योहार विद्यालयों और संस्थानों में बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और छात्रों को अध्ययन के लिए प्रेरित करता है। इस दिन विद्यालयों में छुट्टी होती है और बच्चे और छात्र आराधना के लिए स्कूल और कॉलेज में सरस्वती माँ की मूर्तियों को सजाते हैं। सरस्वती माँ की पूजा के बाद, लोग विद्या के प्रति अपना समर्पण प्रकट करते हैं और अपने शिक्षकों और आध्यात्मिक गुरुओं को आभार व्यक्त करते हैं।

# क्या होगा जब किताबों से होगी यारी... प्राइम रोज पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बांधा समा

प्राइम रोज पब्लिक स्कूल बड़गाई रांची में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर स्कूल के संस्थापक नवी हुसैन साहेब विशेष रुप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि शिक्षा के लिये आवश्यक नहीं कि कोई बड़ा स्कूल ही हो संभावना हमारे हर कोने कोने में है और प्राइम रोज पब्लिक स्कूल में आज मैं उपस्थित होकर यह महसूस कर रहा हूं। श्री शाहदेवने जोर देकर कहा कि कितना प्रतिशत अंक आया है इस पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर नीलाबंर पिताबर यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी डॉ प्रो फिरोज अहमद ने कहा कि शिक्षा आज की तारीख में महत्वपूर्ण होती जा रही है। हम शिक्षा से जीवन की सभी इच्छा की पूर्ति कर सकते हैं। शिक्षा से जो संदेश मिले उसका पालन करना चाहिए। आज एक दूसरे के बीच दूरी बढ़ती जा रही है और इसमें बच्चों के द्धारा सोशल मीडिया का उपयोग अधिक होना भी एक कारण बनता जा रहा है। मैं सभी अभिभावकों से विशेष आग्रह करता हूं कि वे अपनी आदत के बारे में चिंतन करें और और अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भी चिंता करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते पत्रकार मोटिवेटर एनके मुरलीधर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा दो भागों में बांटकर देखी जानी चाहिए। एक जो वो शैक्षणिक योग्तया है जो प्रतिशत में लटक कर रही गयी है। दूसरा बच्चों को बुद्धिमान बनाने का प्रशिक्षण। स्कूल द्धारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने जिस प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये उसकी भव्यता यह कह रही है कि शिक्षकों ने मेहनत किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जीवन में बड़ा महत्व होता है। जीवन में शिक्षक के महत्व को रेखाकित करते हुए श्री मुरलीधर ने कहा कि जिन बच्चों के दुर्भाग्य से माता-पिता नहीं है उन बच्चों का जीवन और करियर संभालने वाला सिफ और सिर्फ शिक्षक ही होता है। जिस परिवार में लोग शिक्षक का नाम सम्मान के साथ लेते हैं उनके बच्चे अच्छा करते हैं। शिक्षा वो शस्त्र है जो चार पीढ़ियों को सकून पहुंचाती है और उनके जीवन स्तर में तुलनात्मक विकास करती है। हमें शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए।



इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने मतदाता जागरूकता, धार्मिक शिक्षा का जीवन में संदेश,अंग्रेजी में नाट्य प्रस्तुति के साथ बेंहतरीन गीत और संगीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि सफदर ईमाम, एचएम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अरविंद जी, बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली के प्राचार्य रणधीर कुमार कौशिक, संजय कुमार, मुकेश कुमार, आलोक विपिन सुषमा केरकेट्टा सहित अनके स्कूलों से आये प्राचार्यगण विशेष रुप से उपस्थित थे जिन्हें स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। विशेष रुप से बार्ड की पार्षद हुस्न आरा भीउपस्थित थी।

कार्यक्रम कासंचालन कक्षा नौ के सादिया परवीन ने किया जिन्होंने अग्रेजी और हिंदी में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। नागपुरी गीत सहित सोशल मीडिया के गलत प्रभाव पर भी बच्चों ने बेतहरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राइम रोज स्कूल के छात्रों ने विगत कई वर्षो से लगातार बेतहर प्रदर्शन किया और उन्हें विभिन्न संस्थानों से सम्मानित भी किया गया है।

# इस्लामी देश यूएई में दुनिया का पहला मंदिर

संयुक्त अरब अमीरातः अबू धाबी, अजमान, दुबई, फुजैराह, रास अल खैमाह, शारजाह और उम्म अल क्वैन सात अमीरात (देशों) का एक संघ है, प्रत्येक अमीरात का एक शासक है। तानाशाही की इस्लामिक प्रणाली। इअढर स्वामिनारायण द्वारा बनाया जा रहा यह हिंदू मंदिर अल रहबा के पास दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग के अबू मुरिएका में स्थित है।

मुस्लिम शासक द्वारा दी गई भूमि, कैथोलिक ईसाई द्वारा निर्मित परियोजना। प्रसिद्ध स्वामी से प्रेरित होकर और महंत स्वामी महाराज के आशीर्वाद से अरब देशों का सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र बनने वाला मंदिर पश्चिम एशिया या मध्य पूर्व में बनने वाला पहला हिंदू मंदिर है।

इटली के सफेद सैंडस्टोन ने राजस्थान से गुलाबी सैंडस्टोन एकत्र किए हैं, ये पत्थर गुजरात, राजस्थान और उड़ीसा के विभिन्न हिस्सों से मूर्तिकला कौशल के साथ विरासत कलाकारों द्वारा स्वादिष्ट, स्वादिष्ट ढंग से तरासे गए हैं।अगस्त 2015 में, संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान अबू धाबी में एक मंदिर बनाने के लिए जमीन सौंपने के निर्णय की घोषणा की। 10 फरवरी 2018 को, इअढर स्वामी नारायण संस्था के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति भवन में शेख मोहम्मद और भारत के प्रधानमंत्री से मुलाकात की, ₹पूरे शाही परिवार और 250 से अधिक स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए₹। अगले दिन हुआ शिलान्यास कार्यक्रम या शिलान्यास पूजा... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई ओपेरा हाउस से लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से समारोह देखेंगे।

जब यूएई में उस देश के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने मंदिर के निर्माण के लिए जमीन का आवंटन किया था। शेख नाह्यान मुबारक अल नाह्यान, संयुक्त अरब अमीरात के सहिष्णुता और सह-एक्जिटेंस मंत्री, ने 2019 में मंदिर की आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम में मंत्री ने उस समय कई अरब पदाधिकारियों के साथ भाग लिया था।29 जनवरी 2024 को 42 देशों के राजदूत और राजनयिक मंदिर जाएंगे, यात्रा वअए में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने की थी। ठीक पांच साल बाद पूरा हुआ इस मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। मंदिर के उद्घाटन से एक दिन पहले, संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय 13 फरवरी को अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 'अहलन मोदी' के रूप में आयोजित विशाल सभा को संबोधित करेंगे।

मंदिर की विशेषताएँ - विशेषताएँः *विशेषता यह है कि पूर्व में कई मंदिरों को ध्वस्त करने वालों की वर्तमान पीढ़ी इस निर्माण का समर्थन कर रही है।

प्रतिशत हिन्दू ही नहीं बल्कि एक समान हिन्दू जीवन शैली का पालन करने वाले, आयुर्वेद, शाकाहारी भोजन, अष्टांगयोग पसंद करने वाले, योगासन, प्राणायाम, भजन, कीर्तन और यज्ञम करने वाले, यह मंदिर सभी प्रकृति भक्तों का केंद्र बनने जा रहा है।

मंदिर की सात चोटियों से संयुक्त अरब अमीरात में 7 एकड़ का संकेत मिलता है।

मंदिर कुल 27 एकड़ में बनाया गया था।

संयुक्त अरब अमीरात में गर्मी झेलने के लिए मंदिर के निर्माण में इटली के दूध पत्थर और बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया।

पूरी तरह से मंदिर में टेक फीचर और सेंसर के साथ स्थापित।

मंदिर में दो टावर, 7 चोटियों, 402 खंभे हैं।

प्रत्येक शिखर पर भारतीय इतिहास और शास्त्रो की गाथाएं उकेरे गए हैं।

प्रार्थना घरों के अलावा बच्चों के पास खेल के मैदान, उद्यान, फूड कोर्ट, किताबों की दुकान और गिफ्ट शॉप हैं।

मंदिर की कुल ऊंचाई 108 फीट

40,000 घन फुट दूधिया पत्थर और 1,80,000 घन फुट बलुआ पत्थर निर्माण में इस्तेमाल किया गया था।

# धन के असमानता से उपजता क्रोध और इसके प्रभाव

मनोज कुमार सिन्हा

**भारत** में अमीरों के अमीर होते जाने और गरीबों के गरीब होते जाने की चिंता एक गंभीर विषय है, जिस पर लगातार चर्चा होती है। आंकड़ों और रिपोर्ट्स के आधार पर वर्तमान स्थिति कुछ इस प्रकार हैः

**अमीरी का बढ़नाः**

शीर्ष 1% आबादी का धनः 2012 से 2021 के बीच अर्जित राष्ट्रीय धन का करीब 40% सिर्फ शीर्ष 1% आबादी के पास चला गया है।

धन सृजन के अवसरः अमीरों के पास बेहतर शिक्षा, नेटवर्क, संसाधन आदि होने के कारण धन सृजन के अधिक अवसर होते हैं, जिससे उनकी संपत्ति लगातार बढ़ती है।

**गरीबी का बढ़नाः**

आय असमानताः भारत में आय असमानता लगातार बढ़ रही है, जिसका मतलब है कि अमीर और गरीब के बीच की खाई और चौड़ी हो रही है।

जीवनयापन लागतः बेरोजगारी, महंगाई और आवश्यक सेवाओं की बढ़ती लागत के कारण गरीबों का जीवन यापन और मुश्किल हो रहा है।

सामाजिक असमानताः शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के अवसरों में असमानता गरीबी को और बढ़ावा देती है।

**अनुपात का अनुमानः**

इस विषय पर कोई एक निश्चित अनुपात बताना मुश्किल है, क्योंकि धन वृद्धि और गरीबी की गहराई अलग-अलग क्षेत्रों और व्यक्तियों के हिसाब से भिन्न हो सकती है। हालांकि, कई रिपोर्ट्स में यह आशंका जताई गई है कि भारत में शीर्ष 1% की धन वृद्धि का अनुपात गरीबों की औसत आय वृद्धि के अनुपात से काफी अधिक है।

**कुछ प्रासंगिक शब्दः**

**धन असमानता**

**आय असमानता**

**गरीबी रेखा**

**सामाजिक न्याय**

**समावेशी विकास**

**अतिरिक्त जानकारीः**

भारत सरकार धन असमानता को कम करने के लिए कई कदम उठा रही है, जैसे कि प्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार और ग्रामीण विकास पर जोर। हालांकि, इन प्रयासों का दीर्घकालिक प्रभाव अभी देखना बाकी है।

मुझे उम्मीद है कि इससे आपको भारत में अमीरी और गरीबी के बढ़ते अंतर के बारे में कुछ जानकारी मिली होगी। यह एक जटिल मुद्दा है और इस पर और गहन शोध की आवश्यकता है.

**भारत में धन असमानताः एक बढ़ती चिंता**

भारत में धन असमानता एक चिंता का विषय है, जो समाज के बुनियादी ताने-बाने को ही हिला सकती है। आइए, इसे कुछ बुनियादी बिंदुओं में समझेंः

**क्या है धन असमानता?**

इसे सरल शब्दों में कहें, तो यह समाज में धन के बंटवारे का तरीका है। जब कुछ लोगों के पास बहुत ज्यादा धन होता है और बाकी लोगों के पास बहुत कम, तो यही धन असमानता कहलाती है।



**भारत में कैसे दिखती है धन असमानता?**

कुछ आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल राष्ट्रीय धन का लगभग 40% शीर्ष 1% आबादी के पास जमा है। यानी, सिर्फ एक छोटे से समूह के पास बाकी 99% लोगों के कुल धन से भी ज्यादा धन है।

गरीबी भी बढ़ रही है। आवश्यक सेवाओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, जबकि रोजगार कम हैं। इसका मतलब है कि गरीबों को जीवन यापन करना और मुश्किल हो रहा है।

**क्यों चिंताजनक है धन असमानता?**

इससे बड़ा सामाजिक और आर्थिक अन्याय होता है। गरीबों के पास शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के अवसर कम होते हैं, जो उनकी गरीबी को और बढ़ाते हैं।

धन असमानता समाज में अशांति और गुस्से को जन्म दे सकती है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा सकता है। क्या हो सकता है समाधान?

सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में प्रत्यक्ष कर बढ़ाना, गरीबों के लिए योजनाएं चलाना और शिक्षा-स्वास्थ्य में समानता लाना शामिल हैं।

हालांकि, ये प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। आर्थिक नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत है, ताकि धन का सृजन और बंटवारा ज्यादा समावेशी तरीके से हो।

आय असमानता आय असमानताः एक चिंताजनक सच

आय असमानता हमारे समाज की एक बड़ी चुनौती है, जो इस बात को दशार्ती है कि समाज में आय का वितरण किस तरह असमान है. कुछ लोगों के पास तो बहुत अधिक पैसा होता है, जबकि कई लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन गुजार रहे होते हैं. इस असमानता से कई गंभीर समस्याएं पैदा होती हैं, जिनके बारे में सोचना जरूरी है.

**आय असमानता के क्या कारण हैं?**

इसके कई कारणों में शामिल हैंः

शिक्षा का असमान वितरणः उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर सभी को समान रूप से नहीं मिलता है. इससे कम पढ़े-लिखे लोगों को कम आय वाले रोजगार मिल पाते हैं, जबकि पढ़े-लिखे लोगों को अच्छी नौकरियां और ज्यादा तनख्वाह मिलती है.

कौशल का असमान वितरणः बदलते हुए जमाने में नए कौशलों का सीखना जरूरी है. जो लोग नए कौशल नहीं सीख पाते, वे पिछड़ जाते हैं और उनके लिए रोजगार के अच्छे अवसर नहीं मिलते.

**भेदभावः** जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव होने से भी आय असमानता बढ़ती है. कई कमजोर वर्गों के लोगों को समान अवसर नहीं मिलते, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहती है.

पूंजी का असमान वितरणः समाज में धन का वितरण भी बहुत असमान है. कुछ लोगों के पास ही ज्यादातर संपत्ति होती है, जबकि बाकी लोगों के पास कम होती है. इससे अमीर और गरीब के बीच की खाई और चौड़ी होती है.

**आय असमानता के क्या नुकसान हैं?**

सामाजिक अशांतिः जब कुछ लोगों के पास बहुत अधिक पैसा होता है और अधिकांश लोग गरीब होते हैं, तो इससे सामाजिक अशांति और अपराध बढ़ सकता है.

आर्थिक विकास में रुकावटः आय असमानता से आर्थिक विकास में भी रुकावट आ सकती है. गरीब लोग कम खर्च करते हैं, जिससे बाजार में मांग कम हो जाती है और आर्थिक विकास धीमा पड़ जाता है।

# इतिहास की वो पौराणिक प्रेम कहानियां

रितिका कमठान

**भारत** की इस पवित्र भूमि पर कई ऐसे प्रेमी हुए हैं, जिन्होंने प्यार की ऐसी दास्तां लिखी जो अमर हो गई। वर्षों ही नहीं बल्कि सदियां बीतने के बाद भी उनके प्यार की मिसाल पेश की जाती है। कई ऐसे प्रेमी भी रहे जिन्होंने अपने प्यार को हासिल करने के लिए दमदार लड़ाइयां लड़ने से भी गुरेज नहीं किया। आपको ऐसी ही 11 प्रेम कहानियों के बारे में बताते हैं।

**अनारकली और सलीम**

बॉलीवुड फिल्म मुगल-ए-आजम से मुगल राजकुमार सलीम और अनारकली की प्रेमकथा अमर हो गई है। सलीम के पिता, बादशाह अकबर इससे खुश नहीं थे, जिसके कारण सलीम ने अकबर के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। भले ही इस युद्ध में अकबर की जीत हुई। कहा जाता है कि सलीम को बचाने के लिए अनारकली ने जिंदा दफन होकर अपनी जान दे दी थी।

**पृथ्वीराज चौहान और संयुक्ता**

ये भारतीय प्रेम गाथा सबसे महान प्रेम कहानियों में शुमार की जाती है। ये प्रेम कहानी भारतीय इतिहास की अहम प्रेम कहानियों में शामिल है क्योंकि राजा पृथ्वीराज चौहान, कन्नौज के अपने प्रतिद्वंद्वी राजा जयचंद की बेटी संयुक्ता से प्रेम करते थे। पृथ्वीराज को अपमानित करने के लिए, जयचंद ने संयुक्ता के लिए एक स्वयंवर की व्यवस्था की। इस स्वंयवर में पृथ्वीराज को छोड़कर सभी राजा और राजकुमारों को आमंत्रित किया। पृथ्वीराज को आमंत्रित करने की जगह जयचंद ने द्वारपाल के रूप में काम करने के लिए पृथ्वीराज की एक मिट्टी की मूर्ति बनवाई। मगर संयुक्ता ने पृथ्वीराज की मूर्ति पर माला डालने का फैसला किया। इसी मूर्ति के पीछे असल में पृथ्वीराज चौहान छिपे हुए थे, जो संयुक्ता को स्वयंवर से अपने साथ लेकर भाग गए। बता दें कि जब पृथ्वीराज मोहम्मद गोरी से हार गये तो संयुक्ता ने जौहर अपनी जान दी थी।

**नूरजहाँ और जहाँगीर**

नूरजहां का जन्म के दौरान नाम मेहर-उन-निसा रखा गया है, जो आगे चलकर मुगल सम्राट जहाँगीर की सबसे पसंदीदा पत्नी बनीं। नूरजहां जहाँगीर की 20वीं पत्नी थी। जहांगीर नूरजहां को देखकर इतना मोहित हो गया था कि उसे हासिल करने के लिए उसने नूरजहां के पहले पति की हत्या कर दी थी। जहांगीर द्वारा पति की मौत होने के बाद नूरजहां ने छह वर्षों तक जहांगीर से निकाह के लिए हां नहीं भरी थी, मगर अंत में जहांगीर से निकाह के लिए राजी हुई। नूरजहां ही उनकी मुख्य पत्नी भी थीं, जिसने बाद में लगभग 20 वर्षों तक शासन किया।

**बप्पादित्य और सोलंकी राजकुमारी**

भीलों के बीच पले-बढ़े प्रसिद्ध राजपूत राजा बप्पादित्य की मुलाकात पड़ोसी राज्य सोलंकी की राजकुमारी से हुई, जिसने झूलन की पूर्णिमा की रात को अपनी सहेलियों के साथ जंगल में एक पेड़ पर झूला लगाया था। उन्होंने राधा और कृष्ण की भूमिकाएं निभाई और दोनों के बीच नकली विवाह समारोह हुआ। बप्पादित्य ने बाद में कई अन्य राजकुमारियों से शादी की लेकिन कहा जाता है कि उन्हें हमेशा सोलंकी राजकुमारी से प्यार रहा।

**शाहजहाँ और मुमताज महल**

अजुमंद बानू बेगम जो कि मुगल बादशाह शाहजहाँ की दूसरी पत्नी थीं। उन्हें मुमताज महल के नाम से भी बुलाया जाता हे। मुमताज महल सबसे पसंदीदा बेगम थी, इस कारण ही उन्हें ये नाम भी मिला था। मुमताज महल का अर्थ है कि 'महल का गहना/चुनी हुई एक'। मुमताज महाल ने उसने 14 बच्चों को जन्म दिया और 14वें बच्चे को जन्म देते समय उसकी मृत्यु हो गई। मुमताज महल की मृत्यु के बाद उसे दुख से उबरने और मुमताज के प्रति अपने प्रेम को देखते हुए एक अंतिम विश्राम घर बनवाया। ताज महल दुनिया के सात सबसे महान आश्चर्यों में से एक है।

**शिवाजी और साईबाई**

पारंपरिक प्रेम कहानियों के बिलकुल अलट ये ऐसा प्रेम कहानी है जो आज के समय में भी बेहद प्रासंगिक है। मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी का विवाह बहुत कम उम्र में निंबालकर वंश की साईबाई से हुआ था। आमतौर पर शिवाजी उसके बाद युद्धों में व्यस्त थे इसलिए उनके प्रेम को बढ़ने में समय लगा। शिवाजी के चार बच्चों की मां साईबाई को उनकी पसंदीदा पत्नी कहा जाता है, और यह भी कहा जाता है कि मृत्यु शय्या पर शिवाजी के अंतिम शब्द 'साई' थे।

**बाजीराव और मस्तानी**

छत्रपति शाहूजी के सेनापति पेशवा बाजीराव थे। पेशवा बाजीराव को मस्तानी नामक महिला से प्यार हुआ था। कुली कुतुब शाह और भागमती

कहानियों की मानें तो मुहम्मद कुली कुतुब शाह जब युवा राजकुमार थे, तब मुसी नदी के दूसरी ओर एक गांव से गुजरते समय भागमती नाम की महिला को देखकर उन्हें उससे प्यार हो गया था। सभी बाधाओं और परिवार के विरोध के बाद भी भागमती से उन्होंने शादी की। कुतुब शाह और भागमती दोनों अलग धर्मों से आते थे। हिंदू धर्म को मानने वाले भागमती सामान्य महिला थी। उन्होंने भागमती के गांव के आसपास एक पूरा शहर बसाया था। भागमती के नाम पर इसका नाम हैदराबाद रखा, क्योंकि शादी के बाद उन्हें हैदर महल नाम दिया गया था।

आम्रपाली और बिम्बिसार

वैशाली की प्रसिद्ध वैश्या आम्रपाली बुद्ध की शिष्याओं में से एक के रूप में भी प्रसिद्ध है। ऐसा कहा जाता है कि जब मगध के राजा बिम्बिसार ने वैशाली पर हमला किया, तो उन्हें आम्रपाली की प्रसिद्धि के बारे में पता चला। इस दौरान ही वो अपना भेष बदलकर आम्रपाली का नृत्य देखने पहुंचे। दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। जब बिंबिसार ने आम्रपाली को अपने साथ चलने को कहा तो उसने इंकार कर दिया। उसने ये भी वादा किया कि वो कभी शादी नहीं करेगी। उसने बिंबिसार से अपने सच्चे प्यार को साबित करने के लिए उसके शहर को बचाने की भी अपील की। इसके बाद वो बुद्ध धर्म को अपनाकर शांति पाने की खोज में निकल गई।

**मूमल और महेंद्र**

मूमल और मेंहद्र की कहानी भी काफी रोचक है। खूबसूरत राजपूत लड़की मूमल और उमर कोट (अब पाकिस्तान में) के राणा महेंद्र की ये कहानी है। एक बार जब महेंद्र शिकार करते हुए मूमल के निवास के पास आया और उससे प्रभावित होकर मूमल ने उसे अपनी पत्नी के रूप में लेने का फैसला किया और अंततः उनका प्यार परवान चढ़ा। महेंद्र को एक तेज गति वाला ऊँट मिला जो उसे हर रात जैसलमेर ले जाता और उमर कोट से वापस ले आता। जब महेंद्र के परिवार को इस बारे में पता चला तो उन्होंने ऊंट के पैर तोड़ दिए, लेकिन महेंद्र नहीं रुका। उसने दूसरा ऊँट लिया और जैसलमेर के लिए चल दिया, लेकिन गलती से वह बाडमेर पहुँच गया। अपनी गलती का पता चलने पर वो फिर से जैसलमेर के लिए चल पड़ा। दूसरी ओर मूमल उसका इंतजार करती रही और उसका साथ देने के लिए उसकी बहनें सज-धज कर उसका मनोरंजन करती रहीं। बहनों में से एक, जो पुरुष के रूप में कपड़े पहनती थी, माँ के साथ उसके बिस्तर पर सो गई। जब महेंद्र काक महल आये तो उन्होंने यह देखा और निराश होकर अपनी छड़ी वहीं छोड़कर चले गये। मूमल की विनती व्यर्थ गई और अंततः अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए उसने आग लगा दी और उसमें कूद गई। जब महेंद्र को यह पता चला तो वह दौड़कर महल में आया, लेकिन मूमल पहले ही आग की लपटों में घिर चुकी थी।

## स्पीड न्यूज

### जिले के हर मंडल, बूथ में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडलों और बूथ स्तर पर मनाई गई। इस मौके पर टंडवा मंडल के लगभग सभी बूथों पर बूथ के प्रवासी के उपस्थिति में तथा बूथ अध्यक्षों के साथ गांव चलो अभियान के अंतर्गत मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने उनके चित्रपट पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस उपलक्ष्य पर पंचायत प्रवासी आक्षेवट पांडेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक प्रखर राष्ट्रवादी होने के साथ झ साथ गरीबों के मसीहा थे। उनका संपूर्ण जीवन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर आधारित रहा। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की कई समस्याओं का समाधान देने में सक्षम है।

### चतरा जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश का हो रहा है समुचित विकासः सत्यानन्द भोगता



**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता चौथी बार झारखंड सरकार में मंत्री बनने के बाद रविवार हेलीकॉप्टर से चतरा पहुँचे। चतरा नगर स्थित हेलीपैड पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत आयोजित रोड शो के तहत पूरे शहर में घूम घूम कर लोगों का अभिवादन किया एवं चतरा की जनता को इस प्यार स्नेह देने के लिए आभार जताया। इस दौरान कार्यकताओं ने पूरे शहर में ढोल नगाड़े मांदर आदि बजाकर और जमकर आतिशबाजी कर मंत्री श्री भोगता का भव्य स्वागत किया। उक्त स्वागत कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेतागण, मंत्री प्रतिनिधि गण, समेत हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता गण, राष्ट्रीय जनता दल के सिपाही गण मौजूद रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल की अध्यक्षता में एकात्म, मानववाद के प्रणेता, प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठन कर्ता, सत्यनिस्ठ एवं कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री प्रदीप कुमार पांडेय ने किया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, दिलीप सिन्हा, रवि राम, राजेश यादव, नरेंद्र सिंह, सचिंद्र कुमार शर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मना



**कोडरमा (कोडरमा)।** भाजपा झुमरीतिलैया मंडल द्वारा रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में स्थानीय सांसद कार्यालय झुमरीतिलैया में मनाई गई। बैठक की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष इंद्रदेव मोदी तथा संचालन नगर महामंत्री संजय शर्मा एवं नवीन चौधरी ने संयुक्त रूप से की। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक व अच्छे संगठनकर्ता थे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश की सत्ता जिनके हाथों में रही वे दो विचार धारा से सत्ता चल रही थी। जिससे देश की जन आकांक्षाओं की पूर्ति नही होती। इसलिए उन्होंने भारत के सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद का विचार दिया, जो आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक जन कल्याणकारी योजनाओं में दिखाई पड़ता है। मौके पर रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, अरशद खान, सुभाष मोदी, रमेश घटक, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, चंद्रशेखर जोशी, पिंटू भारती, वासुदेव शर्मा, विजय राम, बलराम यादव, भारत पांडेय, राजेश वर्मा, अमरजीत छाबड़ा, पियूष सहल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

ढिबरा मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना आज से 100 गांवों के हजारों मजदूर होंगे शामिल

# ढिबरा, माइका कोडरमा का मान-सम्मान, इससे खिलवाड़ बर्दास्त नही : कृष्णा सिंह घटवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विश्वभर में कोडरमा की स्वर्णिम पहचान का इतिहास माइका यानी अबरख रही है। कोडरमा के भू-गर्भ में दुनियां की सबसे उच्च कोटि का अबरख (माइका) कोडरमा के खदानों से ही निकलता था। 1980 के बाद से फॉरेस्ट एक्ट के प्रभावशाली होने के कारण माइका कारोबार प्रभावित हुई, धीरे-धीरे माइका कारोबार सिमट गई। उक्त बातें ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलायक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने प्रेस वार्ता को संबोाित करते हुए कहा। वहीं उन्होंने कहा कि ज्यादातर माइका खदान वनक्षेत्र में क्रियाशील थी। माइका खदान के बंद होने के बाद माइका खदान के बाहर प्रचुर मात्रा में माइका का अवशेष (डस्ट) डंप किया गया था या फेंका गया था, जो उसवक्त माइका खदान संचालक के लिए अनुपयोगी था। इसे स्थानीय भाषा में ढिबरा कहा जाता था। ढिबरा को लेकर सरकारी दस्तावेजों में



माइका के 6 इंच से नीचे के आकार को ढिबरा के रूप में उल्लेखित किया गया है। जंगली क्षेत्र में जहां पूर्व में माइका खदान संचालित था या गोदाम व ट्रांसपोर्ट सर्विस पॉइंट सक्रिय था, उक्त स्थल पर माइका का डस्ट डंप होने से पहाड़नुमा स्थल के रूप में विकसित हो गया था। इन्ही स्थलों पर ग्रामीण व ढिबरा मजदूर ढिबरा चुनकर अपना जीवनयापन पीढ़ी दर पीढ़ी कर रहे है। प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर अवै उत्खनन पर रोकथाम लगाने के लिए कारवाई का संघ समर्थन करती है, लेकिन ढिबरा को लेकर पूर्व में चुनने, बेचने और भंडारण करने को लेकर सकारात्मक गाइडलाइन व आिकार समाहित था। जिससे सरकार को राजस्व भी प्राप्त होता था। गोदाम में भंडारण के लिए प्रशासन की ओर से लाइसेंस निर्गत किया गया था। मगर वर्तमान समय में ढिबरा को लेकर कोई भी नीति लागू नही है, जिससे ढिबरा मजदूरों के रोजी-रोटी या आर्थिक संसाधन को संरक्षित किया जा सके। ढिबरा व्यवसाय को लेकर ढिबरा मजदूरों का संघर्ष विगत कई सालों से अनवरत जारी है। जिसके पश्चात् 2021 में झारखंड राज्य लघु खनिज समनुदान (संशोान) के जरिये जेएसएमडीएस के मायम से ढिबरा खरीद-बिक्री, भंडारण, परिवहन को लेकर अधिसूचना जारी हुई थी। बाद में 17 जनवरी 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर इस नीति का शुभारंभ किया था। मगर दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि इस नीति को जमीन पर अबतक लागू नही किया गया। यह पूर्णतः सरकार और प्रशासन की जिम्मेवारी है कि ढिबरा को लेकर निर्मित नीति को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाए। जिससे कोडरमा के लाखों ढिबरा मजदूर ढिबरा से जीवनयापन कर सकें। इन तमाम मुद्दे पर 12 फरवरी को ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ समाहरणालय में अनिश्चितकालीन धरना देगी। धरना की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है, लगभग 100 से ज्यादा गांव के लोग धरना में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि ढिबरा पर प्रशासनिक कार्रवाई से जनता आक्रोशित है। कोडरमा का मान सम्मान ढिबरा माइका है, इससे खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जाएगा। नियम कानून बनाना सरकार का काम है और नीति लागू कराना भी। नीति जबतक लागू नही होती, तबतक वैकल्पिक व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेवारी है। मगर कोडरमा में प्रशासन केवल ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही, नीति को लेकर निष्क्रिय है। प्रेस वार्ता में मो. इस्लाम, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद थे।

## सदर अस्पताल से कार्यमुक्त डॉक्टर पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर थाना में आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल से कार्यमुक्त किये गए चिकित्सक डॉ. कुमार सौरभ पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं थाना को दिए गये आवेदन में डीएस ने कहा है कि डॉ. कुमार सौरभ विगत दो वर्षों से सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत चिकित्सक के पद पर कार्य किया, विगत कुछ दिनों से डॉ. सौरभ द्वारा सदर अस्पताल के चिकित्सक तथा मेरे ऊपर सोशल



मीडिया में अभद्र तथा आपत्तिजनक टिप्पणी का प्रयोग किया जा रहा है, बीते 10 फरवरी की रात्रि डॉ. सौरभ द्वारा फेसबुक लाइव के मायम से सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, उपायुक्त तथा पूर्व में पदस्थापित दोनों उपायुक्त के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट किया गया है।

वहीं 9 फरवरी को सदर अस्पताल के आपातकालीन इकाई में कुछ लड़कों को बुलाकर नारा लगवाकर उसे सोशल मीडिया में भी पोस्ट किया गया, यह कृत्य सरकारी संस्थान में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाना भी दर्शाता है, साथ ही निरंतर यह अपने उच्च पदाधिकारियों के बारे में जाति सूचक शब्द का प्रयोग भी करते आये हैं। ऐसे में अनुरोध है कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व अन्य आरोपों के लॉयड डॉ. कुमार सौरभ पर प्राथमिकी दर्ज करने का कष्ट करें।

### मवेशियों से लदा पिकअप वैन जब्त, दो गिरफ्तार



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने अवैध मवेशियों से लदा पिकअप वैन को जब्त किया है। जब्त पिकअप वाहन में चार गाय और एक बछड़ा को क्रूरता पूर्वक लादकर बंगाल ले जाया जा रहा था। मामले को लेकर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

### मॉर्डन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी फेयरवेल

**कोडरमा।** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया गया गया। इस दौरान विद्यार्थी अपने 12-13 वर्षों के अपने छात्र जीवन को याद कर के भाव विह्वल हो गए। कई छात्राओं ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी, विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार तथा निदेशिका संगीता शर्मा एवं तमाम शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन 11वीं तथा 9वीं के विद्यार्थियों ने किया। अपने संबोान में विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि ऐसा नहीं हो कि, इस कार्यक्रम के बाद आप विद्यालय आने में झिझक महसूस करें, आपका केवल औपचारिक आवागमन प्रभावित हो सकता है पर विद्यालय के दरवाज़े आपके लिए सदैव खुले रहेंगे। आपने इस प्रांगण में यहां के शिक्षकों के मायम से जो कुछ भी सीखा है वो आजीवन आपके साथ रहेगा।

## श्री महेश एकेडमी में वार्षिक समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित श्री महेश एकेडमी डोमचांच में वार्षिक समारोह रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन के पूर्व भगवान शंकर, मां सरस्वती तथा संस्थापक महेश्वर प्रसाद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह का उद्घाटन रणजीत सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत माल्यार्पण कर तथा बुके प्रदान कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सत्यम् शिवम् सुंदरम् स्वागत गान के साथ महीन परवीन एवं रुखसार परवीन ने किया और भाव नृत्य कोमल गोस्वामी, खुशी सिंह, संजना भारती एवं रूप ने प्रस्तुत किया। वार्षिक समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहन लाल पांडेय ने की और संचालन रणजीत सिंह, शिक्षक मुकुल कुमार ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुस्कान, ज्योति, सोनम, संगीता, मुस्कान द्वारा प्रस्तुत तेरी चौखट पर चलकर राम आए हैं ने खूब तालियां बटोरी। छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेल स्पर्धाओं से संबंधित विजेता, उपविजेता, को पुरस्कार वितरित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य शांति प्रिया, चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार मिश्रा, कोडरमा जिला बीस सूत्री की उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, अवकाश प्राप्त शिक्षक कामाख्या नारायण सिंह अविक्ता पंकज कुमार अंबष्ठ, डॉक्टर ईश्वर चन्द्र दास, केपीएसए. के अध्यक्ष विवेक इंद्र गुरु, सचिव शिव कुमार मेहता, सह सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार दास सदस्य सद्दाम हुसैन, संत अरविंद एकेडमी की प्राचार्या रंजना इंद्र गुरु, शिक्षिका पूनम सिंह, वीणा पटेल, समाजसेवी बसंत मेहता उपस्थित हुए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 210 लोगों ने करवाया स्वास्थ्य जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** इटखोरी प्रखंड के परसौनी पंचायत में ईएनटी और हेड नेक सर्जन सह भारतीय जनता पार्टी के झारखंड चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक सुप्रसिद्ध डॉ अभिषेक कुमार रामाधीन ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 210 रोगियों ने अपना इलाज करवा कर निशुल्क दवा का भी लाभ उठाया। इस मौके पर शिविर के आयोजन के पूर्व डॉ अभिषेक रामाधीन को युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष सुकेश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिमरिया विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्री सुजीत भारती, भाजपा नेता रामकुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, परसौनी मुखिया श्रीमती देवती देवी, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सीताराम दांगी, कैलाश सिंह, पिंटू सिंह, सुकेश समेत अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने केक



काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दिया। डॉ. अभिषेक रामाधीन नें उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है उसी तरह चतरा संसदीय क्षेत्र को भी उतना ही तेजी से आगे बढ़ाना है। चतरा संसदीय क्षेत्र को वैसा ही बनाएं जैसे एक समय में भारत नीचे था और आज ऊपर है सारा देश भारत की ओर देख रहा है इस तरह चतरा का भी विकास करना है। अपने क्षेत्र को राज्य के मुख्य धारा से कैसे जोड़े इस पर कार्य करना है। मोदी सरकार को सराहते हुए कहा की विश्व हमारे ओर देख रहा है। फिर भी चतरा संसदीय क्षेत्र अपने आप को दबा महसूस कर रहा है। अब चतरा को भी ऊपर आना चाहिए, यहां भी मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और रेलवे जैसे सुविधा होनी चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब भी मूल भूत जरूरी सुविधा से लोगों को दूर रखा गया है। मालूम हो कि इस तरह का निशुल्क शिवा आईआर का आयोजन चतरा संसदीय क्षेत्र के कई स्थानों पर डॉ अभिषेक रामाधीन के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने इसे निरंतर जारी रखने की बात कही। उनके इस सराहनीय कार्य को लेकर जनता में चर्चा का विषय है उनके संबोधन ने लोगों को काफी प्रभावित किया है।

### झोलाछाप डॉक्टर ने एक बार फिर ली जच्चे-बच्चे की जान

**चतरा।** झोलाछाप डॉक्टर ने एक बार फिर जच्चे-बच्चे की जान ले ली। इस बार मामला चतरा के प्रतापपुर थाना क्षेत्र मुख्यालय में संचालित अन्नु नर्सिंग होम की है। जहां झोलाछाप डॉक्टर ने जच्चा बच्चा की जान ले ली। घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक बंद कर फरार हो गया है। जच्चा बच्चा की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गजवा पंचायत अंतर्गत हरबोलवा गांव निवासी बाबूलाल यादव की पत्नी लीला देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा है। जानकारी के अनुसार बच्चे की नर्सिंग होम में मौत हुई है। वहीं जच्चा का गया के निजी नर्सिंग होम मे जान गई है। झोलाछाप डॉक्टर ने जच्चा की स्थिति बिगड़ने के बाद अपने फर्जी नर्सिंग होम से गया रेफर किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जच्चा-बच्चा के शव को जप्त पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को ले अभियान चलाने में जुटी हुई है।

## एक नजर में

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज महासम्मेलन में संस्कृत पढ़ाई पर मंथन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बलबल मां बागेश्वरी के प्रांगण में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की महासम्मेलन भव्य तरीके से रविवार को किया गया। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों को पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद परशुराम के चित्रांकन पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर स्वस्तिवाचन गणेश वंदना शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह कार्यक्रम चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में की गई। संचालन सचिव राजन पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय उपस्थित हुए। कार्यक्रम में संस्कृत विषय पढ़ने पर विशेष चर्चाएं की गई। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि कुलपति को आवेदन किया है। यदि विद्यालय में संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं की जाती है तो आने वाला दिन में धरना प्रदर्शन भी किया जा सकता है। ताकि आने वाले पीढ़ी के बच्चे अच्छे ज्ञानी कहला सके और शास्त्रों का ज्ञानी हो। वही उपस्थित विद्वानों ने परशुराम भगवान की मंदिर बनने पर भी चर्चा की गई।

लोगों ने एक जुड़ता बनाए रखने की भी बात कही है। साथ ही साथ प्रत्येक वर्ष ऐसा सम्मेलन करने की बात भी लोगों ने किया। समाज में फैलीकृतियां को भी एक दूसरे की मदद कर निष्पादन करने की बातें कि गई है। कार्यक्रम में उपस्थित कोषाध्यक्ष संतोष पांडेय संरक्षक कृष्ण देव पांडेय उपाध्यक्ष अजय शर्मा गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश पांडेय सचिव संजय पांडेय चय समाज से सचिव जसवंत पांडेय बद्री पांडेय करणपुरा क्षेत्रफल का गांव बद्री पांडेय कालेश्वर मिश्रा ओम प्रकाश पांडेय पुरुषोत्तम पांडेय विशेश्वर पांडेय बैजनाथ पांडेय गौतम कुमार पांडेय कार्यकारिणी सदस्य अयुनंदन पांडेय गिद्धौर बैजनाथ पांडेय हजारों ब्राह्मण बंधु उपस्थित थे।

### पूजा व जुलूस में शराब की सेवन एवं आपत्तिजनक गाना बजाना वर्जितः सीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सरस्वती पूजा सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर टंडवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी राजेन्द्र कुमार दास एवं संचालन इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत जहां जहां भी सरस्वती पूजा मनाया जाता है, उसका जायजा लिया गया एवं शांति पूर्ण ढंग से विधिवत पूजा को सफल बनाने की अपील की गई। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सरस्वती पूजा को लेकर डीजे साउंड, शराब की सेवन, हुड़दंगी एवं पूजा व जुलूस से सम्बंधित कई बातें रखा साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसे सुनकर इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने कहा कि पुलिस प्रशासन के द्वारा पब्लिक के लिए जितना भी सहयोग हो सके जरूर करूंगा। यदि कही कोई घटना की संकेत मिले तो टंडवा पुलिस को जरूर सूचना दें, ताकि उसे समाधान किया जा सके एवं क्षेत्र की शांति व्यवस्था के साथ साथ टंडवा का सर्वांगीण विकास के लिए भी डीसी एवं एसपी सर की मदद से पहल करने की बात कही।

### ओवरलोड बोल्डर लदा पांच हाइवा जप्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के आदेशानुसार थाना क्षेत्र के कोडरमा कोवाड मुख्य मार्ग पर राधा पेट्रोल पम्प के समीप से मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने अभियान चलाकर ओवरलोड बोल्डर लदे पांच हाइवा को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पांचों हाइवा पत्थर लोड कर बरियारडीह की ओर आ रहा था, इसी दौरान पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने बोल्डर लदे उक्त पांचों हाइवा को रुकवाकर जांच की। वहीं पांचों हाइवा में ओवरलोड बोल्डर लदा पाया गया। वहीं वाहन को जब्त कर अग्रेशित कार्रवाई के लिए मरकच्चो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं दूसरी ओर नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप ने थाना भवन के समीप वाहन जांच अभियान चला कर ओवर लॉड एक हाईवा को जप्त करते हुए अग्रसर कारवाही हेतु थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### मॉर्डन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी फेयरवेल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** हर्ष और विषाद के मिश्रित भावों के साथ मॉर्डन पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया गया। विद्यार्थी अपने 12-13 वर्षों के अपने छात्र जीवन को याद कर के भाव विह्वल हो गए। कई छात्राओं ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी, विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार तथा निदेशिका संगीता शर्मा एवं तमाम शिक्षकों की उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि ऐसा नहीं इस कार्यक्रम के बाद आप विद्यालय आने में झिझक महसूस करें, आपका केवल औपचारिक आवागमन प्रभावित हो सकता है पर विद्यालय के दरवाज़े आपके लिए सदैव खुले रहेंगे। आपने इस प्रांगण में यहां के शिक्षकों के मायम से जो कुछ भी सीखा है वो आजीवन आपके साथ रहेगा। प्राचार्य ने आगामी बोर्ड की परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें, रैंप वक, सक द बल तथा नृत्य इत्यादि थे। अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों को विद्यालय का स्मृतचिन्ह एवम चकलेट देकर शुभेच्छाएं दी।